CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 25°C

मुरादाबाद, गुरुवार 26 जून 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 316 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ कृष्ण पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 | 29 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मोदी राज में अब किसान आत्महत्या नहीं करता: योगी पेज 2



पंत ने हासिल की करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग खेल टाइम्स



अगर इमरजेंसी नहीं लगी होती तो... संपादकीय



भारत के साथ बातचीत को बेताब शहबाज शरीफ पेज 12

# अंतरिक्ष पहुंचकर एस्ट्रोनॉट शुभांशु बोले 'व्हाट ए राइड'

## भारतीय एस्ट्रोनॉट शुक्ला एक्सिओम मिशन-4 के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर पहुंचे

फ्लोरिडा, वार्ता

**भारतीय एस्ट्रोनॉट** शुभांशु शुक्ला एक्सिओम मिशन 4 के तहत 25 जून को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए रवाना हुए। उनका ये मिशन पहले 6 बार तकनीकी दिक्कतों के कारण टल चुका था। उनके साथ तीन अन्य एस्ट्रोनॉट भी स्पेस स्टेशन के लिए रवाना हुए। अंतरिक्ष में पहुंचने के बाद शुभांशु ने कहा कि व्हाट ए राइड।

मेरे कंधे पर लगा तिरंगा बताता है कि मैं आप सभी के साथ हूं। वहीं लॉन्चिंग सफल होने पर शुभांशु के माता-पिता, आशा शुक्ला और शंभु दयाल शुक्ला भावुक हो गए। उन्होंने बेटे की सफलता पर ताली बजाकर खुशी जताई। मिशन भारतीय समयानुसार दोपहर करीब 12.00 बजे फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया। स्पेसएक्स के फॉल्कन-9 रॉकेट से जुड़े ड्रैगन कैप्सूल में सभी एस्ट्रोनॉट ने उड़ान भरी। ये स्पेसक्राफ्ट करीब 28.5 घंटे के बाद 26 जून को शाम 4:30 बजे आईएसएस से जुड़ेगा। ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में सवार सभी एस्ट्रोनॉट। 28.5 घंटे के बाद 26 जून को शाम 4: 30 बजे आईएसएस पहुंचेंगे। लॉन्च के करीब 10 मिनट बाद ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट फॉल्कन-9 रॉकेट से अलग हो गया। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा और भारतीय एजेंसी इसरो के बीच हुए एग्रीमेंट के तहत भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को इस मिशन के लिए चुना गया है। शुभांशु इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर जाने वाले पहले और स्पेस में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। इससे 41 साल पहले राकेश शर्मा ने 1984 में सोवियत यूनियन के स्पेसक्राफ्ट से अंतरिक्ष यात्रा की थी।



### मोदी ने एक्सिओम-4 मिशन के सफल प्रक्षेपण पर शुभकामनाएं दीं

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने भारत, हंगरी, पोलैंड और अमेरिका के अंतरिक्ष यात्रियों के एक्सिओम-4 अंतरिक्ष मिशन के बुधवार को सफल प्रक्षेपण का स्वागत किया है। श्री मोदी ने भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को भी शुभकामनाएं दीं। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय बनने की राह पर हैं। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि हम भारत, हंगरी, पोलैंड और अमेरिका के अंतरिक्ष यात्रियों के अंतरिक्ष मिशन के सफल प्रक्षेपण का स्वागत करते हैं।

### ग्रुप कैप्टन शुभांशु को योगी ने दीं शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी ने लखनऊ में जन्मे ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को अंतरिक्ष में मानव मिशन एक्सिओम मिशन 4 में मिशन पायलट बनने और ऐतिहासिक उड़ान भरने के लिए हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने इस बड़ी उपलब्धि को भारत की वैज्ञानिक क्षमता और वैश्विक भागीदारी की अद्भुत मिसाल बताया। योगी ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा कि यह भारत के लिए गौरव का क्षण है।

# 1975 की इमरजेंसी में हुई थी लोकतंत्र की हत्या: मोदी

## इमरजेंसी के 50 साल- पीएम सहित पूरी कैबिनेट ने रखा मौन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को कैबिनेट बैठक में आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर एक प्रस्ताव पास किया गया। इसके बाद आपातकाल के पीड़ितों को श्रद्धांजलि के रूप में दो मिनट का मौन रखा गया। कैबिनेट बैठक में तीन बड़े फैसले लिए गए।

पहला- पुणे मेट्रो विस्तार के लिए 3626 करोड़ रुपये पारित। दूसरा- झरिया (झारखंड) अंडरग्राउंड फायर के लिए 5940 करोड़ रुपये का संशोधित मास्टर प्लान मंजूर। तीसरा- आगरा में 111 करोड़ रुपये की लागत से अंतर्राष्ट्रीय आलू केंद्र स्थापित किया जाएगा। इससे पहले बुधवार सुबह पीएम मोदी ने आपातकाल को लेकर सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि इस दिन कांग्रेस ने लोकतंत्र को कैद कर लिया था। प्रेस की स्वतंत्रता खत्म कर दी थी। दरअसल 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल की घोषणा की थी। यह 21 मार्च 1977 यानी 21 महीने तक लागू रहा था। भाजपा इस दिन को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाती है। इमरजेंसी को लेकर मोदी ने लिखा कि यह भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक है। भारत के लोग इस दिन को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाते हैं। भारत के लोकतांत्रिक ढांचे की रक्षा करना और उन आदर्शों को बनाए रखना, जिनके लिए हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना जीवन समर्पित कर दिया। यह हमारा कर्तव्य है। यह उनका सामूहिक संघर्ष ही था, जिसके चलते तत्कालीन कांग्रेस सरकार को लोकतंत्र बहाल करना पड़ा और नए चुनाव कराने पड़े, जिसमें वे बुरी तरह हार गए। हम आपातकाल के खिलाफ लड़ाई में डटे रहने वाले हर व्यक्ति को सलाम करते हैं। पूरे भारत से अलग-अलग विचारधाराओं के लोग आए, उन्होंने एक उद्देश्य से एक-दूसरे के साथ मिलकर काम किया। पीएम ने कहा कि इमरजेंसी के वक्त मैं आरएसएस का युवा प्रचारक था पीएम ने अपनी पोस्ट में द इमरजेंसी डायरीज नाम की बुक का भी जिक्र किया। पीएम ने लिखा, जब आपातकाल लगाया गया था, तब मैं आरएसएस का युवा प्रचारक था। आपातकाल विरोधी आंदोलन मेरे लिए सीखने का एक अनुभव था। इसने हमारे लोकतांत्रिक ढांचे को बचाए रखने की अहमियत को दिखाया। साथ ही, मुझे राजनीतिक स्पेक्ट्रम के सभी लोगों से बहुत कुछ सीखने को मिला। मुझे खुशी है कि ब्लूक्राफ्ट डिजिटल फाउंडेशन ने उन अनुभवों में से कुछ को एक किताब के रूप में संकलित किया है, जिसकी प्रस्तावना एचडी देवेगौड़ा ने लिखी है, जो खुद आपातकाल विरोधी आंदोलन के एक दिग्गज थे।



**मोदी ने लिखा- कांग्रेस ने लोकतंत्र को कैद किया, इमरजेंसी लोकतांत्रिक इतिहास का काला अध्याय, कैबिनेट बैठक में लिए गए तीन बड़े फैसले**

### महाराष्ट्र विस चुनाव में गड़बड़ी वाली याचिका खारिज

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुधवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में गड़बड़ी को लेकर दायर याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि याचिका की सुनवाई में कोर्ट का समय बर्बाद हुआ है। हालांकि याचिकाकर्ता पर कोई जुर्माना नहीं लगाया गया है। जस्टिस जीएस कुलकर्णी और आरिफ डाक्टर की बेंच ने कहा कि इस याचिका में कोई ठोस आधार नहीं है। ऐसे में हम इसे खारिज करते हैं। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया था कि चुनाव में 6 बजे के बाद 75 लाख से ज्यादा वोट पड़े। साथ में चुनाव प्रक्रिया को अवैध घोषित करने की मांग की थी।

### एसएससी घोटाला: ईडी ने 636 करोड़ की संपत्ति की जब्त

**कोलकाता।** ईडी ने 2016 के पश्चिम बंगाल केंद्रीय विद्यालय सेवा आयोग (ग्रुप सी एवं डी स्टाफ) भर्ती घोटाले में गिरफ्तार बिचौलिए प्रसन्ना कुमार रॉय की 27.19 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति जब्त की है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि प्रसन्ना कुमार रॉय की तीन चाय बागान कंपनियों सैमसिंग ऑर्गेनिक टी प्राइवेट लिमिटेड, यांगटॉग ऑर्गेनिक टी प्राइवेट लिमिटेड और बामनडांगा टी एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर बनी बंगलों, फैक्ट्रियों, मशीनों और गाड़ियों जैसी संपत्तियां जब्त की गई हैं। ईडी ने सहायक शिक्षक और प्राथमिक शिक्षक भर्ती घोटालों में अब तक कुल 636.88 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है।

# CBSE 10वीं की परीक्षा 2026 से दो बार होगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सीबीएसई (सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन) 10वीं के स्टूडेंट 2026 से साल में 2 बार एग्जाम देंगे। एग्जामिनेशन कंट्रोलर संयम भारद्वाज ने बुधवार को यह जानकारी दी है।

नए परीक्षा पैटर्न के मुताबिक, पहली परीक्षा सभी छात्रों के लिए जरूरी होगी और दूसरी ऑप्शनल। पहली परीक्षा फरवरी और दूसरी मई में होगी। नतीजे अप्रैल और जून में जारी किए जाएंगे। इसके साथ ही सप्लीमेंट्री एग्जाम खत्म कर दिए गए हैं। 12वीं बोर्ड पर अभी यह फैसला लागू नहीं होगा। दूसरी परीक्षा यानी ऑप्शनल एग्जाम में छात्रों को साइंस, मैथमेटिक्स, सोशल साइंस और लैंग्वेजेस में से किन्हीं 3 सब्जेक्ट में अपनी परफॉर्मेंस सुधारने की इजाजत दी जाएगी। विंटर बाउंड स्कूलों (सर्दियों में बंद रहने वाले स्कूल) के छात्रों को दोनों परीक्षाओं में से किसी में भी बैठने की इजाजत होगी। अगर कोई छात्र पहली परीक्षा में 3 या अधिक सब्जेक्ट्स में शामिल नहीं हुआ है, तो उसे दूसरी परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

- **पहली परीक्षा कम्पल्सरी, दूसरी ऑप्शनल, अप्रैल-जून में जारी होंगे नतीजे, सप्लीमेंट्री खत्म**

### ईरान ने 'रश्त' में ड्रोन को मार गिराया

**तेहरान।** ईरान के वायु रक्षा बलों ने मंगलवार देर रात उत्तरी शहर रश्त में कई माइक्रो एरियल व्हीकल्स (एमएवी) का पता लगाया और उन्हें मार गिराया। अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी 'मेहर' ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। गिलान प्रांत के सुरक्षा और कानून प्रवर्तन के डिप्टी-गवर्नर अली बाघेरी के अनुसार रश्त पर एमएवी द्वारा हमला किया गया था। उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि मानवरहित विमान इजरायल का था या नहीं। गौरतलब है कि 13 जून को इजरायल ने ईरान के विभिन्न क्षेत्रों पर बड़े हवाई हमले किए। जिनमें परमाणु और सैन्य स्थल शामिल हैं। हमले में कई वरिष्ठ कमांडर, परमाणु वैज्ञानिक और नागरिक मारे गए।

# हल्द्वानी में कार नहर में गिरी, एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत

## हिमाचल: धर्मशाला में 20 मजदूर बाढ़ में बहे, दो शव बरामद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश में धर्मशाला में बुधवार को तेज बारिश हुई। खनियारा इलाके के सोकणी दा कोट में इंदिरा प्रियदर्शनी हाइड्ल प्रोजेक्ट में काम करने वाले 15-20 मजदूर मनुणी खड्ड (नदी) में बह गए।

अब तक दो मजदूरों के शव मिले हैं। मनुणी नदी आम दिनों में सूखी ही रहती है, लेकिन तेज बारिश के कारण नदी में अचानक से बाढ़ आ गई। मजदूर नदी किनारे बने शेड में रह रहे थे। इसलिए बाढ़ की चपेट में आ गए। कुल्लू जिले में भी तीन जगह सैंज घाटी के जीवा नाला, गढ़सा घाटी के शिलागढ़ और बंजार के होरनगढ़ में बादल फटा। जीवा नाला में बाप-बेटी समेत तीन लोग बह गए। वहीं उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में धारचुला-लिपुलेख रोड पर लैंडस्लाइड हुआ। इसके कारण आदिकैलाश रोड बंद हो गया। दोनों तरफ वाहन फंसे हुए हैं। बुधवार सुबह हल्द्वानी में एक कार नहर में गिर गई। कार सवार सात लोगों में से चार की मौत हो गई। इनमें तीन दिन का बच्चा भी शामिल है। जम्मू में मंगलवार रात हुई भारी बारिश के चलते तवी नदी उफान पर है। इसमें एक शख्स फंस गया। एसडीआरएफ के लोगों ने सीढ़ी के सहारे उसका रेस्क्यू किया। गुजरात के सूरत का अधिकांश हिस्सा बाढ़ की चपेट में है। कई सोसाइटी में पानी भर गया। लोगों को ट्रैक्टर के जरिये रेस्क्यू किया गया। परवत पाटिया इलाके में 5 फीट से ज्यादा पानी भरा हुआ -शेष पृष्ठ दो पर



- **पिथौरागढ़ में लिपुलेख रोड पर लैंडस्लाइड से आदिकैलाश का रास्ता बंद**
- **कुल्लू में तीन जगह बादल फटा, पिता-पुत्री समेत तीन लोग लापता**

# जमानत आदेश की अवमानना पर पांच लाख जुर्माना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को उत्तर प्रदेश जेल प्राधिकरण को फटकार लगाई और जमानत के बावजूद आरोपी की रिहाई न होने पर नाराजगी जाहिर की। आरोपी को बीती 29 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया गया था।

आरोपी के खिलाफ धर्मांतरण विरोधी कानून के तहत मामला दर्ज किया गया था। जस्टिस केवी विश्वनाथन और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वे आरोपी को हर्जाने के तौर पर पांच लाख रुपये दें। आरोपी को बीती 24 जून को गाजियाबाद की जेल से रिहा कर दिया गया। उप्र जेल प्रशासन के निदेशक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई में पेश हुए। पीठ ने नाराज होते हुए पूछा कि आपके अधिकारियों की संवेदनशीलता पर आपका क्या कहना है? पीठ ने कहा कि अधिकारियों को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मिले नागरिक अधिकारों की अहमियत के बारे में संवेदनशील बनाया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आजादी बेहद ही कीमती और अहम अधिकार है, जिसकी गारंटी हमारा संविधान देता है। उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से पेश हुए वकील ने कहा कि आरोपी को मंगलवार को जेल से रिहा कर दिया गया और इस बात की जांच की जा रही है कि आरोपी की रिहाई में देरी क्यों हुई। इस पर अदालत ने कहा कि इसकी जांच गाजियाबाद के मुख्य जिला और सत्र न्यायाधीश द्वारा की जानी चाहिए और सुप्रीम कोर्ट ने जांच के बाद रिपोर्ट पेश करने को भी कहा। आरोपी ने दावा किया कि उसे धर्मांतरण विरोधी कानून की एक उपधारा के चलते रिहा नहीं किया गया क्या ों कि जमानत आदे श में इ स क ा जिक्र नहीं था।

- **सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी, उत्तर प्रदेश जेल प्राधिकरण को लगाई फटकार**



# नया डिजिटल प्लेटफॉर्म ई-सीनेट बना मददगार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बुधवार को जानकारी दी कि हाल ही में हुए विधानसभा उपचुनावों के लिए डिजिटल तकनीक की मदद से आयोग ने 72 घंटे यानी तीन दिन के अंदर चुनावी आंकड़ों के इंडेक्स कार्ड जारी कर दिए हैं।

यह काम आयोग ने अपने नए डिजिटल प्लेटफार्म ई-सीनेट के जरिये किया है। बता दें कि इंडेक्स कार्ड चुनाव के बाद तैयार होने वाली एक गैर-कानूनी (नॉन-स्टैच्यूटरी) रिपोर्ट होती है, जो वोटिंग से जुड़े आंकड़ों को समझने में मदद करती है। इस रिपोर्ट के जरिये उम्मीदवारों, मतदाताओं, मतदान प्रतिशत, वोट शेयर, लिंग के हिसाब से वोटिंग पैटर्न, क्षेत्रीय मतभेद और राजनीतिक पार्टियों के प्रदर्शन जैसे कई अहम पहलुओं की जानकारी मिलती है। चुनाव आयोग ने बताया कि उसने यह नया डिजिटल सिस्टम 19 जून को केरल, गुजरात, पंजाब और पश्चिम बंगाल की पांच विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनावों में पहली बार लागू किया था। इन चुनावों के नतीजे 23 जून को घोषित किए गए थे। बता दें कि ई-सीनेट नाम के इस सिस्टम की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह मतदान के दौरान होने वाले लगभग वोटर टर्नआउट यानी मतदान प्रतिशत के आंकड़ों को तेजी से अपडेट कर पाता है। इससे चुनाव की प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ती है और आंकड़ों को समय पर समझना आसान हो जाता है। इस नई तकनीक के जरिये इंडेक्स कार्ड के अधिकांश आंकड़े अपने आप भर जाते हैं, क्योंकि ई-सीनेट सिस्टम सीधे डेटा एकत्र करता है।

- **चुनाव आयोग ने तीन दिनों में जारी किए उपचुनाव के आंकड़े**

# आरएसएम में संगोष्ठी एवं पोस्टर प्रतियोगिता

## आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आरएसएम महाविद्यालय में आपातकाल का बिजनौर की संस्कृति पर प्रभाव विषयक एक संगोष्ठी एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ रश्मि रावल ने अपने वक्तव्य में कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय है, जिसने देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं, मौलिक अधिकारों और प्रेस की स्वतंत्रता को गहरा आघात पहुंचाया।

प्रो. रश्मि ने कहा कि 25 जून 1975 से लेकर 21 मार्च 1977 तक लागू रहे आपातकाल के दौरान देश में आंतरिक असंतोष को दबाने के लिए संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत नागरिक अधिकारों को निलंबित कर दिया गया। इस दौरान मीडिया पर सेंसरशिप, विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी और लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन हुआ।

कार्यक्रम में वक्ता के रूप में उपस्थित प्रो. अमित कुमार सिंह ने कहा कि आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ हमें उस समय की याद दिलाती है, जब सत्ता के स्वार्थ में लोकतंत्र का गला घोंट दिया गया। उन्होंने कहा कि यह समय आत्ममंथन का है, ताकि इतिहास की गलतियों से सीख लेकर लोकतंत्र की रक्षा की जा सके। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. विनय दुआ ने बताया कि आपातकाल लागू कर चुनावों को स्थगित कर दिया गया था और नागरिक स्वतंत्रता को निलंबित किया गया था।

कार्यक्रम में प्रो. एस.एल. पाल, प्रो. अल्का राय, प्रो. रामकुमार सिंह, प्रो. रमाकांत, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. रवि, मदन पाल सिंह, देवेश पाठक, डॉ. विवेक यादव, डॉ. अर्चना गहलौत, डॉ. सीमा सिंह, डॉ. पंकज शर्मा, डॉ. सुमेधा चौहान, डॉ. सुधीर गौड़, डॉ. मौ. नाजिम, कु. अन्नू सहित महाविद्यालय के अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# वृक्षारोपण कार्यक्रम को पूरी जिम्मेदारी और सफलतापूर्वक संपन्न कराएं : डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने डीएफओ एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी वृक्षारोपण कार्यक्रम को पूरी जिम्मेदारी और सफलतापूर्वक संपन्न कराएं और जिस विभाग को वृक्षारोपण के लिए जो लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं, शत प्रतिशत रूप से उन्हें पूरा करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर आज अपराह्न वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए जूम एप पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित कर रही थीं।

उन्होंने डीएफओ को निर्देशित किया कि जिले में वृक्षारोपण के लिए जिन बड़े-बड़े भू भागों का चयन किया गया है, उनके स्थलों के नाम की सूची उपलब्ध कराएं तथा उनमें कोई भूभाग ऐसा नहीं होना चाहिए, जिसमें आवागमन बाधित हो। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर निकायों को निर्देशित करते हुए कहा कि नगरों एवं शहरी क्षेत्र में अटल वन, आक्सी वन आदि वनों के लिए स्थान का चयन करें और वहां पर फल फूल और औषधि गुण वाले पौधे रोपित तथा उक्त वनों का सौंदर्यकरण करना भी सुनिश्चित करें।

उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि इसी प्रकार ग्राम समाज की भूमि पर भी विभिन्न प्रकार के वनों की स्थापना कराएं। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि पौधारोपण के साथ-साथ यथासंभव उनका तत्काल जियो टैग भी कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि एक्सप्रेस हाईवे, नेशनल हाईवे तथा स्टेट हाइवे के किनारों पर भी फल एवं छायादार वृक्ष रोपित किए जाएं तथा नदियों के किनारों पर भी फल एवं फूलदार पौधों का रोपित किया जाना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, डीएफओ अभिनव राज, उपायुक्त मनरेगा, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी ऑनलाइन मौजूद थे।

## एक नजर

### शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर बैठक



**धामपुर।** शिक्षक एमएलसी हरि सिंह ढिल्लो स्योहारा मार्ग स्थित राधा इंटर कॉलेज पहुंचे। जहां उन्होंने नगर क्षेत्र के निजी व सरकारी क्षेत्र से जुड़े शिक्षकों को संबोधित करते हुए आगामी 2026 में होने वाले चुनाव के लिए वोट बनवाने का आह्वान किया। उन्होंने समाज में शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक व्यक्तित्व को निखारने का कार्य करता है, जिससे एक सभ्य और समृद्ध समाज का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि वह शिक्षकों के प्रतिनिधि होने के कारण समय समय पर शिक्षकों की समस्याओं को सरकार के समक्ष रखकर समस्या का समाधान कराने का प्रयास करते रहते हैं। जल्द ही समस्त निजी व सरकारी स्कूल के शिक्षकों के आयुष्मान कार्ड बनवाने की मांग की जाएगी। कार्यक्रम में अजयपाल सिंह, तपेंद्र चौधरी, हरवीर सिंह, गणेश सिंह, कामेश्वर राजपूत, हेमराज सिंह, सुरेश सिंह, रवि कुमार, प्रेम कुमार आदि रहे।

### आरक्षण कोटा पूर्ण न करने पर जताई नाराजगी



**नगीना।** उप्र विधानसभा लखनऊ में अनुसूचित जातियों, जनजातियों एवं विमुक्त जातियों की समिति की एक उपसमिति आरक्षण के विभिन्न पदों पर जिनकी शिकायत कई लोकसभा के सांसदों द्वारा कई विधायकों द्वारा और केंद्रीय एससी एसटी आयोग के चेयरमैन द्वारा की गई थी कि उन पर आरक्षण कोटा पूर्ण नहीं किया जा रहा हैं बल्कि उन सीटों को दूसरे समुदाय के अभ्यर्थियों से भरा जा रहा है। इसके सम्बन्ध में स्थलीय निरीक्षण करने हेतु उपसमिति में सदस्य के रूप में विधायक नगीना (पूर्व मंत्री) उ.प्र. सरकार मनोज पारस को भी प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त हुआ और वहां पर उनके द्वारा वहां के डायरेक्टर और रजिस्ट्रार तथा अन्य स्टाफ के सदस्यों से विभिन्न सवाल पूछ कर यह जानकारी ली गई तथा उपसमिति द्वारा यह निर्देश दिए गए कि अगली मीटिंग से पहले जितने भी एससी-एसटी और पिछड़े वर्ग हेतु बैकलॉग चल रहा है उन पदों पर जल्द से जल्द अधिसूचना जारी की जाए और उन पदों को भरा जाए। इसलिए डेढ़ महीने का समय किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के अधिकारी को दिया जाए। डेढ़ माह बाद फिर विभिन्न और पदों पर जिन पर पूर्ण में 2022 में जारी की विज्ञप्तियों में आरक्षण संबंधी अनियमिताएं की गई है, उनकी जांच की जाएगी। इस संबंध में सभी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने को अधिकारियों से अगली मीटिंग में कहा गया तदोपरांत मीटिंग को अगली मीटिंग तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

# शांति व्यवस्था के लिए पुलिस का फ्लैग मार्च



## कानून व्यवस्था को लेकर दिखाई सख्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** क्षेत्राधिकारी अफजलगढ़ के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस बल द्वारा थाना क्षेत्र के मुख्य बाजारों, भीड़भाड़ वाले स्थानों और प्रमुख मार्गों पर पैदल गश्त कर फ्लैग मार्च निकाला गया।

यह फ्लैग मार्च क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और आमजन में सुरक्षा का भाव मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखते हुए आमजन से संवाद स्थापित किया। लोगों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई। क्षेत्राधिकारी ने कहा कि कानून व्यवस्था से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस हर परिस्थिति से निपटने को तैयार है और जनता की सुरक्षा सर्वोपरि है। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस टीम ने बाजारों में भ्रमण करते हुए व्यापारियों से सहयोग की अपेक्षा जताई। इस दौरान थानाध्यक्ष अफजलगढ़ सहित पूरी पुलिस टीम मौजूद रही। गश्त के दौरान सभी संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी गई। इस कार्यवाही से आमजन में जहां विश्वास की भावना मजबूत हुई। वहीं असामाजिक तत्वों में खौफ का माहौल नजर आया। पुलिस ने साफ संकेत दे दिया कि शांति व्यवस्था में खलल डालने की कोशिश अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# जाट जागरण समिति ने मेधावी किए सम्मानित

## एकलव्य पुरस्कार कार्यक्रम आयोजित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** जाट जागरण समिति के तत्वाधान में सागर श्री बैंक्वेट हाल में आयोजित एकलव्य पुरस्कार कार्यक्रम के अंतर्गत क्षेत्र के सर्वसमाज के मेधावी छात्र /छात्राओं व खेलकूद स्तर पर प्रतिभाओं को एकलव्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस समारोह में जहां 135 मेधावी बच्चों व विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्य को सम्मानित किया गया। वहीं फादरसन पब्लिक स्कूल के होनहार छात्र शिक्षक पुत्र मोहम्मद ताईब को भी 90.02 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर एक सम्मानित किया गया। छात्र के पिता शिक्षक मोहम्मद शमीम ने बताया कि उनके बेटे ने बिना ट्यूशन, बिना कोचिंग के अपनी अच्छी पढ़ाई का प्रदर्शन किया और अच्छे अंक प्राप्त कर आज अपने ही नहीं बल्कि हमारे लिए भी सम्मान दिलाने का अवसर प्राप्त किया। मैं जाट जागरण समिति के द्वारा आयोजित सर्व समाज के बच्चों के लिए आयोजित इस सम्मान समारोह कार्यक्रम की हृदय से प्रशंसा करता हूं और आभार व्यक्त करता हूं कि समिति ने इस बार जाट समाज के ही नहीं बल्कि सर्व समाज के बच्चों को एक खुशबू भरी मोतियों की माला बनाने का काम किया है वह प्रशंसनीय हैं।

गौरतलब है कि इस समारोह के मुख्य अतिथि जिला जज ग्वालियर विवेक कुमार, लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रोफेसर डा. कविता त्यागी, जिला विद्यालय निरीक्षक जय करण यादव, सह बेसिक शिक्षा अधिकारी गजेंद्र सिंह रहे, जिन्होंने कार्यक्रम में अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए जाट जागरण समिति के इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने पर प्रशंसा की। वहीं उन्होंने बच्चों को भी अपना आशीर्वाद दिया। समिति के अध्यक्ष डॉ. विकास कुमार तोमर ने कार्यक्रम में पधारे सभी मुख्य अतिथि एवं संरक्षकों सहित समस्त पदाधिकारी एवं सम्मानित सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# नगर पालिका में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत बैठक




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नगर पालिका के सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत बैठक आयोजित की गई। जिसमें अभियान के तहत लोगों को जागरूक करने पर चर्चा की गई।

बुधवार को पालिका के सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें पालिका ईओ ओम गिरी ने बताया कि 1 जुलाई से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा। पालिका के सभी 25 वार्डों में संचारी रोग नियंत्रण के तहत कार्य कराए जाएंगे। जिसमें विशेष सफाई अभियान, फॉगिंग, कीटनाशक छिड़काव व अन्य कार्य होंगे। वार्ड के सभासदों के सहयोग से टीम गठित की जाएगी। जो घर-घर जाकर लोगों को इस अभियान में सहयोग करने की अपील करेंगे। पालिका व स्वास्थ्य विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से यह अभियान चलाया जाएगा। लोगों को जागरुक करते हुए घरों के आगे पानी का भराव ना हो इसके लिए जागरूक किया जाएगा। साफ-सफाई के प्रति जागरूक करते हुए इस अभियान के तहत 15 जुलाई तक रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा। उसके बाद दस्तक अभियान चलाया जाएगा, जिसमें घर-घर जाकर खांसी, बुखार आदि छोटी-मोटी बीमारियों को लेकर चिन्हित करते हुए रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग को भेजी जाएगी। इस अभियान को सफल बनाने में पूर्ण सहभागिता करें।

# हिस्ट्रीशीटर प्रकरणों में सही पैरवी की जाए

## डीएम ने दिए वादों के प्रकरणों के निस्तारण में अपेक्षित तेजी लाने के निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज शाम कलेक्ट्रेट सभागार में NCORD की जिला स्तरीय समिति, अभियोजन एवं जिला कारागार के कार्यों एवं पोस्टमार्टम के लिए सम्बन्धित मासिक विवरण पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने निर्देश दिए कि हिस्ट्रीशीटर प्रकरणों में सही पैरवी की जाए और कोई भी मुजरिम सजा पाने से ना छूटे। उन्होंने निर्देश दिए कि पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरणों की पूर्ण गंभीरता और सजगता के साथ जांच कर आख्या प्रस्तुत करें ताकि पीड़िता को न्याय और दोषी को सजा मिल सके। उन्होंने निर्देश दिए कि वादों के प्रकरणों के निस्तारण में अपेक्षित तेजी लाएं ताकि लम्बित प्रकरणों का निराकरण किया जाना सम्भव हो सके।

उन्होंने निर्देश दिए कि मादक पदार्थों की अवैध बिक्री एवं उसके दुरूपयोग पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के लिए स्थलों पर जन जागरूक अभियान चलाएं तथा ड्रग्स एवं मादक पदार्थों के सेवन पर रोक लगाये जाने के लिए सार्वजनिक एवं संदिग्ध स्थानों तथा मेडिकल स्टोरों पर नशीले पदार्थों की बिक्री पर पूर्ण रोकथाम के लिए औषधि निरीक्षक सघन जांच पड़ताल करें तथा जांच के दौरान एन.डी.पी.एस/नारकोटिक्स ड्रग्स/इनहेलर आदि के दुरुपयोग के दृष्टिगत मेडिकल स्टोरों की निरन्तर निगरानी तथा बिना लाइसेंस की दुकानों पर ड्रग्स विभाग/पुलिस विभाग एवं आबकारी विभाग संयुक्त रूप से कार्यवाही करें।

उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए की रोस्टर बनाकर जिले के सभी विद्यालयों में ड्रग्स एवं नशीले पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले के समस्त क्षेत्रों में एंटी नारकोटिक्स गतिविधियों पर नियंत्रण रखने के लिए स्वयं निगरानी करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि चौकिंग आदि के दौरान पकड़े गए मादक पदार्थों का विनष्टीकरण त्वरित रूप से कराना सुनिश्चित करें, जिससे उक्त मादक पदार्थों का दुरूपयोग होने की सम्भावना न रहे।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि नारकोटिक्स तथा मादक पदार्थों की तस्करी व अवैध व्यापार में संलिप्त संदिग्ध व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए, उन पर सतर्क निगरानी रखी जाये।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, अभियोजन अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी सहित सभी डीजीसी एवं संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# आपातकाल दिवस मनाया, त्रासदी व विपत्तियों के बारे में जानकारी दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ब्लॉक के सभागार में आपातकाल दिवस मनाया गया। इस मौके पर आपातकाल के समय में त्रासदी और विपत्तियां के बारे में बताया गया।

ब्लॉक के सभागार में आयोजित आपातकाल दिवस के मौके पर वक्ताओं ने कहा कि 25 जून 1975 को आपातकालीन घोषित होने के बाद इसे देश के इतिहास में काला अध्याय के रूप में जाना जाता है। शासन के दिशा निर्देश अनुसार 25 जून 2025 को आपातकाल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। इसी के तहत बुधवार को ब्लॉक परिसर में आपातकाल दिवस मनाते हुए उससे जुड़ी त्रासदी व विपत्तियों के बारे में जानकारी दी गई। चिंतन और लोकतांत्रिक व संवैधानिक मूल्यों के प्रति नई प्रतिबद्धता के बारे में भी बताया गया। ब्लॉक के सभागार में एलईडी के माध्यम से आपातकाल के दौरान हुई घटनाओं का प्रसारण भी दिखाया गया।

भाजपा के वरिष्ठ नेता ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार ने कहा कि आपातकाल के समय लोगों की बहुत सी विपत्तियों का सामना करना पड़ा है। आपातकालीन समय का विरोध करने वाले लोगों को जेल तक जाना पड़ा। आज उस समय को याद करते हुए लोगों की रुह कांप जाती है।

कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह, एडीओ एग्रीकल्चर अमोल तोमर, जाहिद हुसैन, महेश कुमार, पंकज सैनी, अमरदीप राही, सचिन सैनी, केशव कुमार, कपिल यादव, कुमारी प्रियांशी, प्रियंका आदि मौजूद रहे।

## योगी सरकार ने एनडीडीबी के साथ किया समझौता

# मोदी राज में अब किसान नहीं करता आत्महत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**कहा: पिछली सरकारों के दौरान नहीं हो पाया किसानों का विकास, अब बढ़ेगी दुग्ध उत्पादकों की आय**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछली सरकारों की अकर्मण्यता के कारण कृषि के क्षेत्र में जो विकास हो सकता था वो नहीं हो पाया। इससे हमारे किसान लाभ से वंचित रह गए।

योजनाएं आपस में धन के बंदरबांट के लिए बनती थीं और हमारे किसानों को कोई लाभ नहीं मिल पाता था। 2014 में केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने के बाद देश में समग्र विकास की जो अवधारणा विकसित हुई है। उससे देश का हर वर्ग लाभान्वित हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को लखनऊ में गोरखपुर, कानपुर एवं कन्नौज के डेयरी प्लांट्स तथा अंबेडकरनगर की पशु आहार निर्माणशाला के संचालन के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड एवं उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव डेयरी फेडरेशन के मध्य एमओयू कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समग्र विकास के परिणाम स्वरूप अब किसानों के जीवन में परिवर्तन आ रहा है। अब अन्नदाता किसान खुशहाल है। आत्महत्या नहीं करता है। आज उसे कृषि क्षेत्र से जुड़े अन्य सेक्टरों में बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहन भी मिलता है। तकनीक भी मिलती है और सरकार हर प्रकार से उसे सहयोग करने के लिए तत्पर भी रहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पशुधन संपदा और दुग्ध उत्पादन की विशाल क्षमता को यदि नियोजित और वैज्ञानिक तरीके से विकसित किया जाए, तो उत्तर प्रदेश न केवल देश का अग्रणी दुग्ध उत्पादक राज्य बन सकता है, बल्कि वैश्विक डेयरी मानचित्र पर भी अपनी अलग पहचान स्थापित कर सकता है। योगी की उपस्थिति में राज्य सहकारी डेयरी फेडरेशन (पीसीडीएफ) द्वारा संचालित तीन डेयरी प्लांट (कानपुर, गोरखपुर और कन्नौज) तथा अम्बेडकरनगर स्थित एक पशुआहार निर्माणशाला के संच. ालन हेतु राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार दुग्ध उत्पादकों की आय बढ़ाने, पशुधन आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने और उपभोक्ताओं को गुणवत्ता युक्त उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

## संविधान में धर्मनिरपेक्ष एवं समाजवादी शब्द जोड़ना भारत की आत्मा पर कुठाराघात: योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि आपातकाल के दौरान संविधान की प्रस्तावना में संशोधन करके धर्म निरपेक्ष और समाजवादी शब्द जोड़ना भारत की आत्मा पर कुठाराघात था। कांग्रेस को आपातकाल के लिए दलितों, वंचितों एवं पूरे देशवा. सियों से माफी मांगनी चाहिए। आपातकाल की 50वीं बरसी, संविधान हत्या दिवस पर लोकभवन में आयोजित भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय विषयक संगोष्ठी का शुभारम्भ किया।बाबा साहब अंबेडकर ने अपनी लेखनी के माध्यम से जिन दलितों एवं वंचितों को अधिकार दिलाया था, कांग्रेस ने उनकी आवाज को दबाने का कार्य किया। योगी ने इस अवसर पर लोकतंत्र सेनानियों एवं उनके परिवार के सदस्यों को कैशलेस उपचार की सुविधा की घोषणा की। सपा हो या आरजेडी दोनों ने संविधान हत्या दिवस पर न तो कोई बयान और न ही सोशल मीडिया पर कोई पोस्ट किया।

# यूपी करेगा देश में सर्वाधिक 35 करोड़ पौधारोपण: सक्सेना

**लखनऊ।** मानसून के दौरान उत्तर प्रदेश में वन महोत्सव के आयोजन की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है।एक से सात जुलाई तक होने वाले इस आयोजन में पूरे प्रदेश में रिकार्ड 35 करोड़ पौधों का रोपण किया जाएगा, जो पूरे देश में सर्वाधिक है। अधिकृत सूत्रों ने बुधवार को बताया कि इस संबंध में वन एवं वन्यजीव विभाग ने सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं। विभिन्न विभागों के समन्वयन से निर्धारित लक्ष्य 52.33 करोड़ पौधों की सैपलिंग का एकत्रीकरण किया जा चुका है। साथ ही 72,912 हेक्टेयर भूमि पर पौधरोपण के लिए अग्रिम मृदा कार्य भी संपन्न हो चुका है। प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री अरुण कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में मेरठ और गोरखपुर मण्डल के अलावा सभी मण्डलों की समीक्षा बैठक संपन्न हो चुकी है।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**हल्द्वानी में...** है। यहां बीमार बुजुर्ग को स्ट्रेचर पर लिटाकर पानी से निकालकर एम्बुलेंस तक ले जाया गया। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में भी तेज बारिश का अलर्ट है। केरल के वायनाड के बुधवार सुबह से तेज बारिश हो रही है। चूरलमाला में बाढ़ का अलर्ट जारी किया गया है। पिछले साल मुडक्कई, चूरलमाला, अटामाला समेत दूसरे इलाकों में लैंडस्लाइड में 369 लोगों की मौत हुई थी। पहाड़ों पर नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव हुआ है। इससे जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड और लद्दाख में भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है। मध्य भारत के मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पूर्वी गुजरात और राजस्थान के कई हिस्सों में भी भारी बारिश के संकेत हैं। अगले 24 घंटों में पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में भी तेज बारिश हो सकती है। उत्तर-पश्चिमी राजस्थान में 26 जून से मानसून सक्रिय होने के साथ बारिश तेज होने की संभावना है। जयपुर में मंगलवार सुबह 8 से शाम 5 बजे तक 3 इंच से ज्यादा (77.8एमएम) बारिश हुई। मध्य प्रदेश के ऊपर से ट्रफ लाइन गुजरने की वजह से बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव है। मौसम विभाग के मुताबिक, ट्रफ गुजरने के साथ ही साइक्लोनिक सर्कुलेशन भी एक्टिव है। प्रदेश में अगले 4 दिन तेज बारिश की संभावना है।

# धामपुर में खनन माफियाओं पर बड़ी कार्रवाई

## भाजयुमो पदाधिकारी समेत चार गिरफ्तार, एक तमंचा व 17 जिंदा कारतूस बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पुलिस और तहसील प्रशासन ने संयुक्त कार्रवाई के तहत अवैध खनन से जुड़े बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। देर रात जंगल में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी करते हुए चार आरोपियों को धर दबोचा। कार्रवाई के दौरान एक तमंचा, 17 जिंदा कारतूस और एक संदिग्ध कार के साथ-साथ चार ट्रैक्टर-ट्रॉली भी जब्त की गई हैं।

सूत्रों के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उदपुरा के जंगल क्षेत्र में कुछ संदिग्ध युवक एक कार में सवार होकर अवैध खनन में लिप्त ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को संरक्षण दे रहे हैं। हल्का पुलिस की तत्परता से मौके पर पहुंचकर कोतवाली टीम को सूचना दी गई। इसके बाद एक बड़ी पुलिस फोर्स ने जंगल को चारों ओर से घेरकर कार्रवाई को अंजाम दिया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमन पुत्र अनिल निवासी तरकोली, गजेंद्र पुत्र वीरेंद्र निवासी चकशहजानी, अभय राजपूत पुत्र अवधेश निवासी उदपुरा और सौरभ पुत्र नरदेव निवासी मंडी धनौरा के रूप में हुई है। पूछताछ में सामने आया कि ये चारों आरोपी रात में अवैध खनन करने वाले ट्रैक्टर ट्रॉलियों के आगे-पीछे चलकर उनको पुलिस से बचाने का काम करते थे।

जब पुलिस ने आरोपियों को कोतवाली लाकर तलाशी ली तो अमन के पास से एक देसी तमंचा और 5 जिंदा कारतूस तथा अन्य के पास से 12 और जिंदा कारतूस बरामद हुए। आरोपियों की कार को भी जब्त कर लिया गया है।



### तहसील प्रशासन ने भी बड़ी भूमिका निभाई

**धामपुर।** पुलिस के सहयोग से खनन में लिप्त तीन खाली और एक मिट्ट से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लिया गया है। इस सनसनीखेज कार्रवाई से धामपुर क्षेत्र के अवैध खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। सूत्रों का दावा है कि यह गैंग लंबे समय से अवैध खनन में संलिप्त था और इनके पास हथियारों की मौजूदगी एक संभावित गैंगवार की ओर भी संकेत करती है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित खनन अधिनियम की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है।

### भाजयुमो पदाधिकारी निकला खनन संरक्षण गैंग का सदस्य

**धामपुर।** थाना धामपुर क्षेत्र अंतर्गत जंगल में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पर की गई बड़ी कार्रवाई के दौरान पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार किया। खास बात यह है कि गिरफ्तार अभियुक्तों में एक गजेंद्र भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) का मंडल उपाध्यक्ष है। उसकी गिरफ्तारी से राजनी. तिक गलियारों में हड़कंप मच गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि उदपुरा क्षेत्र के जंगल में अवैध खनन में लगे ट्रैक्टर ट्रॉलियों को कुछ युवक हथियारों से लैस होकर संरक्षण दे रहे हैं। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस टीम ने घेराबंदी कर चार संदिग्धों को मौके से हिरासत में लिया। गजेंद्र के पास से भले कोई हथियार बरामद नहीं हुआ हो, लेकिन वह उसी कार में सवार था जिसमें तमंचा (315 बोर), 17 जिंदा कारतूस और चार ट्रैक्टर-ट्रॉलियां मौजूद थीं, जिनमें से एक ट्रॉली मिट्टी से भरी हुई पाई गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह गिरोह रात में जंगलों में सक्रिय रहता था और अवैध खनन करने वाले वाहनों को हथियारबंद संरक्षण देता था ताकि पुलिस कार्रवाई से बचा जा सके। गजेंद्र सिंह की राजनीतिक पहचान सामने आने के बाद भाजपा के स्थानीय संगठन भी असहज स्थिति में हैं। तहसील प्रशासन ने इस कार्रवाई के तहत तीन खाली ट्रैक्टर ट्रॉलियों व एक लदी ट्रॉली को सीज कर दिया है। पुलिस ने चारों आरो. पियों को संबंधित धाराओं सहित शस्त्र अधिनियम और खनन अधिनियम में चालान कर जेल भेज दिया है। अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या राजनीतिक पद पर रहते हुए अपराध में संलिप्त लोगों पर पार्टी भी कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई करेगी या मामला दबा दिया जाएगा।

# नजीबाबाद में माफिया दबंगई से कर रहे मिट्टी का खनन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** तहसील क्षेत्र में खुलेआम मिट्टी का अवैध खनन हो रहा है। माफिया दबंगई दिखाते हुए डंके की चोट पर मिट्टी का अवैध खनन कर रहे है।

प्राप्त समाचार के अनुसार तहसील क्षेत्र में खुलेआम मिट्टी का अवैध खनन हो रहा है। कोई स्वयं को मीडियाकर्मी बताते हुए डम्फरों व ट्रैक्टर ट्रालियों से अवैध खनन करा रहा है, तो कोई स्वयं को ऊपर से आशीर्वाद प्राप्त बताते हुए अवैध खनन करा रहा है। अवैध कॉलोनियों में बनाए जा रहे भवनों व सड़कों पर इनके द्वारा भराव किया जा रहा है। इनके द्वारा कई-कई फिट गहरी जमीनों पर भराव किया जा रहा है। अवैध खनन के ओवरलोड वाहन

### पुलिस व प्रशासन सीज नहीं कर रहा वाहन

जब सड़कों पर दौड़ते है, तो धूल उड़ती है, तो अन्य वाहन चालकों को परेशानी होती है। ओवरलोड वाहनों की वजह से सड़कें भी क्षतिग्रस्त हो रही है।

गंभीर बात यह है कि पुलिस व प्रशासन के द्वारा मिट्टी के अवैध खनन पर न तो रोक लगाई जा रही है और न ही इन माफियाओं के खिलाफ शिकंजा कसा जा रहा है। यह माफिया इतने दबंग है कि कोई भी इनके खिलाफ कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं जुटा पाता है।

## एक नजर

### 25 जून दुर्भाग्यपूर्ण दिन : प्रमोद चौहान



**नगीना।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा 25 जून को मनाए जा रहे संविधान हत्या दिवस पर भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान ने 50 वर्ष पूर्व कांग्रेस सरकार द्वारा भारत में लगाए गए आपातकाल को उस दिन को काला दिन करार देते हुए कहा कि 25 जून 1975 भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का वह दुर्भाग्यपूर्ण दिन था, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश में आपातकाल लागू किया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का यह निर्णय लोकतांत्रिक मूल्यों, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और नागरिक अधिकारों पर सीधा आघात था। उन्होंने कहा कि आज से 50 वर्ष पूर्व कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए इस दमनकारी निर्णय की स्मृति में यह दिन 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में याद किया जाता है। यह उन असंख्य लोगों के साहस, संघर्ष और बलिदान का प्रतीक है, जिन्होंने आपातकाल के अमानवीय अत्याचारों का सामना करते हुए भी लोकतंत्र की ज्योति की रक्षा की। देश कांग्रेस के इस कृत्य को कभी माफ नहीं करेगा।

### कांवड़ यात्रा की तैयारी में जुटी पुलिस



**नगीना।** बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा क्षेत्राधिकारी नगीना के साथ थाना कोतवाली देहात क्षेत्रांतर्गत आगामी त्यौहारों व कांवड यात्रा के दृष्टिगत पैदल गस्त की गई एवं पैदल गस्त के दौरान कावड़ मार्गो का भ्रमण किया व संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण विनय कुमार ने कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर कोतवाली देहात का दौरा किया। उन्होंने पुलिस क्षेत्राधिकारी नगीना अंजनी कुमार चतुर्वेदी के साथ कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने प्रस्तावित कांवड़ मार्ग का जायजा लिया। इस दौरान रूट डायवर्जन, यातायात नियंत्रण और कानून-व्यवस्था की समीक्षा की गई। संवेदनशील स्थलों पर सुरक्षा, मेडिकल सुविधा और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था के लिए निर्देश दिए गए। सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी कर ली जाएंगी। पुलिस विभाग यात्रा को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए तैयार है। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी नगीना के साथ स्थानीय पुलिस बल मौजूद रहा।

# आपसी विवाद में दम्पति ने लगाई फांसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** गांव रांडोवाला में गृह क्लेश के चलते दंपति ने घर में फांसी लगा ली, जिसमें महिला की मौत हो गई जबकि पति को बेहोशी की हालत में बिजनौर भर्ती कराया गया।

थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव सुनपता निवासी बीरेन्द्र कुमार की पुत्री त्रिवेणी का विवाह लगभग छह वर्ष पूर्व गांव जगन्नाथपुर उर्फ रांडोवाला निवासी अमर सिंह के पुत्र शुभम के साथ हुआ था। मंगलवार की रात्रि पति-पत्नी में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसके चलते दोनों ने रस्सी से घर के अंदर कुंदे से लटक कर फांसी लगा ली। घटना में महिला त्रिवेणी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि शुभम को स्वजनों ने बेहोशी की हालत में फंदे से उतार कर

### पत्नी की मौत, पति की हालत नाजुक

बिजनौर में एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है। मृतका के दो बच्चे हैं, जिसमें एक चार साल का लड़का और दूसरी डेढ़ साल लड़की है।

घटना की गंभीरता को देखते हुए सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी, एसपी ग्रामीण और थाना प्रभारी ने मौके पर निरीक्षण किया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार शुभम को वेंटिलेटर पर रखा गया है। उसकी हालत अभी भी बेहद नाजुक बनी हुई है।

# आसपा नेता साहिल मेहरा ने दी धमकी

### पीड़ित ने पुलिस से की कार्यवाही की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नगर निवासी उस्मान खान पुत्र इकबाल खान ने थाना किरतपुर में शिकायत दर्ज कराई है कि उन्हें सोशल मीडिया पर लाइव बोलने के चलते एक राजनीतिक पार्टी के नेता की ओर से धमकी दी गई है। उस्मान ने बताया कि वह वलीपुरा मोहल्ले के निवासी हैं और सामाजिक मुद्दों पर सोशल मीडिया पर अपनी राय रखते हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उस्मान खान ने साहिल मेहरा नाम की फेसबुक आईडी पर एक लाइव वीडियो के माध्यम से अपनी बात रखी थी, जिसमें उन्होंने किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग नहीं किया। इसके बावजूद आरोप है कि साहिल मेहरा ने उनसे गाली-गलौच की और जान से मारने की धमकी दी। शिकायतकर्ता का कहना है कि धमकी देते हुए साहिल मेहरा ने बार-बार उनका पता पूछने की कोशिश की और यहां तक कहा कि वह अस्पताल में आकर उन्हें देख लेगा। उस्मान के अनुसार इस पूरी बातचीत की रिकॉर्डिंग उनके पास मौजूद है, जिसे उन्होंने पुलिस को सौंप दिया है। उस्मान खान ने थाना प्रभारी से मामले में त्वरित व निष्पक्ष कार्यवाही की मांग की है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि आसपा नेता साहिल मेहरा की ऐसी हरकतें सांसद चंद्रशेखर आजाद की छवि को भी धूमिल कर रही हैं। क्योंकि उन्होंने मुझे कॉल पर जो गाली गलौच की है उसमें कई बार सांसद चन्द्र शेखर का नाम आया है, जिससे पार्टी व सांसद के प्रति जनता में अच्छा मैसेज नहीं जा रहा है। पीड़ित उस्मान के साथ सी.ए. उवैस अली खान, मुदस्सिर जमा खान, मिर्जा वसीम बेग व अन्य लोगों ने थाने पहुंच कर कार्यवाही की मांग की। थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# ढाई माह में अपराध पर कसा शिकंजा

### थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार की मेहनत ला रही रंग






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में बीते चार माह के कार्यकाल में पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई कर अपराधियों की कमर तोड़ दी है। चाहे अवैध असलहों की बरामदगी हो, मादक पदार्थों की धरपकड़, अथवा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हर मोर्चे पर पुलिस ने बेहतरीन काम किया है।

तफसील के मुताबिक वीरेंद्र कुमार के कार्यभार संभालने के बाद थाना क्षेत्र में शांति और कानून की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। थाना प्रभारी को आए हुए अभी लगभग ढाई माह हुए है। उनकी निगरानी लगभग 10 बार तमंचे बरामद किए, लगभग 4 मादक पदार्थों के आरोपियों की धरपकड़ की और लगभग 40 वांछित अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा, 5 बार बदमाशों से मुठभेड़ कर उनको दबोचा व 3 मर्डर केस खोले और वारंटी अभियान में जिले में सबसे ज्यादा वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। पुलिस टीम ने रात्रि गश्त को नियमित किया है और संदिग्धों की चेकिंग में तेजी आई है। खास बात यह है कि थाना प्रभारी स्वयं देर रात तक क्षेत्र में सक्रिय रहते हैं और डायल 112 व ड्यूटी पर तैनात सिपाहियों को समय-समय पर चेक करते हैं, जिससे पुलिसकर्मियों में भी जवाबदेही और सतर्कता बनी रहती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि वीरेंद्र कुमार की कार्यशैली ईमानदार, कड़ी और निष्पक्ष है। उन्होंने अपराधियों पर सख्ती और आम जनता के साथ बेहतर संवाद से पुलिस की छवि को मजबूत किया है। उनके कार्यकाल में दर्जनों वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी और कई बदमाशों को अपनी जान की परवाह किए बगैर मुठभेड़ कर पकड़ा, अवैध हथियार और नशीले पदार्थों की बरामदगी, रात्रि गश्त और चेकिंग अभियान में बढ़ोतरी, आम जनता से भरोसेमंद संवाद और सहयोग, कुल मिलाकर किरतपुर में कानून का राज स्थापित करने में थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार और उनकी टीम की भूमिका बेहद सराहनीय रही है। क्षेत्र की जनता को उम्मीद है कि यह सख्ती और पारदर्शिता आगे भी इसी तरह जारी रहेगी।

# युवती पर अत्याचार करने का आरोपी देव गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नगीना पुलिस ने हकीकतपुर गंगवाली के देव को युवती पर अत्याचार करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार वादी ने 21 जून को नगीना थाने में तहरीर दी थी कि ग्राम हकीकतपुर गंगवाली निवासी देव पुत्र संजय उनकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ करता रहता था। 20 जून को अभियुक्त देव उनकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। साथ ही अभियुक्त के द्वारा इस संबंध में परि. जनों को कुछ भी बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा

### पुलिस ने लगाई गंभीर धारा

अपराध संख्या 111/25 धारा 74, 137 (2) व 351 (3) बीएनएस एवं धारा 7/8 पॉक्सो एक्ट में पंजीकृत किया था। अभियोग में देव सहित तीन को नामित किया गया था। पुलिस के द्वारा युवती को बरामद कर लिया गया।

अभियोग की विवेचना के दौरान बीएनएस की धारा 74 एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 7/8 को हटा दिया गया। पुलिस ने देव को गिरफ्तार कर लिया है।

### कमल सहित पांच अरेस्ट

**बिजनौर।** विभिन्न न्यायालयों के आदेशों पर मण्डावली पुलिस ने कमल, अनिल कुमार, आकाश व प्रिंस एवं चांदपुर पुलिस ने नितिन कुमार को गिरफ्तार किया है।

# आसपा ने असलम सिद्दीकी को बनाया नगर अध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष ने मौहल्ला छंगा वाला चौक निवासी मुस्लिम सिद्दिकी समाज के व नगरपालिका सभासद असलम सिद्दीकी को नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपते हुए पार्टी के लिए लगन और मेहनत से कार्य करने की अपील की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बिजनौर आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष सतेंद्र कुमार ने कलालान क्षेत्र की छंगा वाला चौक कॉलोनी निवासी असलम सिद्दीकी को पार्टी का नगीना नगर अध्यक्ष घोषित किया है। इस दौरान असलम सिद्दीकी ने बताया कि जिला अध्यक्ष ने उनकी मेहनत और लगन को देखते हुए महानगर अध्यक्ष पद की बड़ी जिम्मेदारी को सौंपी है। इस दौरान असलम सिद्दीकी ने बताया कि वह पार्टी के लिए के लिए संघर्ष करते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों को आजाद

### ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी में जोड़ने का करेंगे काम

समाज पार्टी में जोड़ने का कार्य करेंगे। इस दौरान आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष सतेंद्र कुमार ने बताया कि असलम सिद्दीकी ने पार्टी में बहुत ही कम समय में अपनी मेहनत और लगन से खुद को इस पद का हकदार साबित कर दिया है। उनकी मेहनत को देखते हुए उन्हें नगर अध्यक्ष जैसी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि असलम सिद्दीकी आजाद समाज पार्टी के लिए संघर्ष करेंगे।

इस अवसर पर मौ तहसीन, मौ नसीम, मौ दानिश महीगीर, मौ फारूक अंसारी, मौ असगर कमाली, मौ सलाहुद्दीन, मौ मजाहिर, मौ. शानू, मौ तनवीर, ज्ञान सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# झमाझम बारिश से मौसम सुहाना, सड़कें डूबी

## नालों की सफाई की खुल गई पोल, ईमानदारी गोल





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भीषण गर्मी के बीच आज सुबह जनपद में झमाझम बारिश हुई। जिससे मौसम सुहाना हो गया। लेकिन नालों की सफाई की भी पोल खुल गई। जिससे साफ जाहिर है कि नेता व अधिकारी कितने ज्यादा महाभ्रष्ट है।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज जनपद में झमाझम मूसलाधार बारिश हुई। हालांकि बारिश लगातार शाम तक नहीं हुई। लेकिन जितनी भी देर हुई, उसने मौसम का मिजाज बदल दिया। जिस भीषण गर्मी से नागरिक परेशान थे, कम से कम उससे तो राहत मिल गई। बारिश की वजह से फसलों को भी फायदा पहुंचा है। किसान खेतों की सिंचाई करते-करते परेशान थे। वह एक खेत में पानी लगाते थे और दूसरा खेत सूख जाता था। सिंचाई के लिए भी किसानों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही थी। लेकिन इस बारिश ने किसानों के चेहरे खिला दिए है। लगभग सभी खेतों में पानी भर गया। हालांकि यह बारिश अभी खेती के लिए अपर्याप्त है। लेकिन राहत तो मिली ही है।

बारिश की वजह से जनजीवन भी प्रभावित हुआ। घरों से काम पर जाने वालों को परेशानी उठानी पड़ी। छाते से भी बारिश का पानी नहीं रूक पा रहा था। साथ ही सड़कों पर पानी भर गया था। नालों व नालियों की सफाई के नाम पर की गई खानापूर्ति की भी पोल चंदघण्टों की बारिश ने खोल कर रख दी। सड़कों पर लबालब पानी भर गया। जिसकी वजह से कई जगह वाहन भी दुर्घटनाग्रस्त हो गए। विदुर कुटी रोड पर नाले में बाइक गिर गई। जनपद में नालों की सफाई के नाम पर मोटी रकम खर्च की जाती है। लेकिन नालों व नालियों की सफाई ठीक ढंग से नहीं हो पाती है। सफाई के नाम पर खानापूर्ति कर मोटा बजट ठिकाने लगा दिया जाता है।

दूसरी तरफ किरतपुर रोड पर जल भराव की वजह से वाहन चालकों को काफी परेशानी हुई है। सड़क पर पानी भर जाने की वजह से पैदल चलने वाले भी दिक्कत महसूस कर रहे थे। जब चौपहिया वाहन उनके पास से गुजरते थे, तो कपड़े पूरी तरह से खराब हो जाते थे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# सिंचाई विभाग के अभियंता का कार्यालय कुर्क करने का आदेश

## आठ वर्षों से चल रहा मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय भूमि अर्जन पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थान प्राधिकरण (एलएआरआरए) मुरादाबाद ने सिंचाई खंड बिजनौर के अधिशासी अभियंता का कार्यालय (कुर्क) करने का आदेश दिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार यह कार्यवाही लगभग आठ वर्षों से लंबित चल रहे निष्पादन वाद संख्या 81/2017 में डिक्री का अनुपालन न होने पर की गई। मामले की सुनवाई न्यायालय में हुई। जिसमें डिक्री मदयून की ओर से एक स्थगन प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था। इसमें कहा गया कि भुगतान की प्रक्रिया पर पैरवी की जा रही है। इस कार्रवाई को स्थगित कर दिया जाए, लेकिन न्यायालय ने इसे खारिज करते हुए कहा कि यह इजराय वाद एक्शन प्लान 2025 के तृतीय चरण से जुड़ा है और इसका निस्तारण 30 जून 2025 तक अनिवार्य है। पीठासीन अधिकारी जैगमउद्दीन अपने आदेश में स्पष्ट किया कि अब केवल पांच कार्य दिवस शेष हैं और यदि समय बढ़ाया गया, तो उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना होगी। न्यायालय ने डिक्री मदयून के कार्यालय अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड रावली रोड बिजनौर को कुर्क करने का आदेश दिया है। पत्रावली को अगली सुनवाई के लिए 28 जून की तिथि निर्धारित की गई है। यदि भुगतान नहीं हुआ, तो कुर्की की प्रक्रिया आगे बढ़ सकती है।

बता दें कि यह वाद भूमि अभिग्रहण से संबंधित है। जिसमें किसान पवन कुमार द्वारा आठ वर्षों से न्याय की प्रतीक्षा की जा रही है। न्यायालय ने स्पष्ट कहा है कि यदि समय पर भुगतान नहीं हुआ। तो संबंधित विभाग की संपत्तियों की नीलामी तक की कार्यवाही हो सकती है। अधिशासी अभियंता व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में उपस्थित थे। उन्हें पीठासीन अधिकारी ने निर्देश दिया गया कि वह अपने कार्यालय की आवश्यक फाइलें किसी अन्य स्थान पर शिफ्ट कर लें, ताकि कार्यालय का नियमित कार्य प्रभावित न हो।

एलएआरआरए मुरादाबाद कार्यालय में अमीन का पद सृजित नहीं है, इसलिए न्यायालय ने आदेश की प्रति जिला जज बिजनौर को भेजते हुए अनुरोध किया है कि वह अपने अधीनस्थ अमीन के माध्यम से सिंचाई विभाग के कार्यालय को अटैच कराएं और अनुपालन रिपोर्ट मुरादाबाद प्राधिकरण को भिजवाएं।

बताया जाता है कि डिक्री मदयून की ओर से यह याचना की गई थी कि अधिशासी अभियंता के कार्यालय के पास स्थित सहायक अभियंता के कार्यालय को कार्य के लिए मुक्त रखा जाए। न्यायालय ने इसे स्वीकार करते हुए केवल अधिशासी अभियंता का कार्यालय अटैच करने का निर्देश दिया।

# तीस हजार रुपए में स्वयं सहायता समूह से होता है लोन पास?

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** पीड़ित महिला ने मुख्य विकास अधिकारी व उपायुक्त स्वयं रोजगार ग्रामीण आजीविका मिशन प्रबंधक इकाई बिजनौर से शिकायत की है। पीड़ित महिला का कहना है कि अगर कठोर कार्रवाई नहीं हुई, तो हम महिलाएं धरने पर बैठेंगी।




नजीबाबाद ब्लॉक के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की ग्राम मौजमपुर तुलसी निवासी गायत्री रानी नामक महिला ने किशनपुर आंवाला सीएलएफ में विदुर स्टोर के लिए ऋण का आवेदन किया, तो वहां पर उपस्थित, सीएलएफ लोक. ोस रुचि व उपाध्यक्ष सगुफ्ता एवं अध्यक्ष सरिता ने तीस हजार रुपए की रिश्वत की डिमांड की जिस पर आवेदिका उन्हें अपने कागज दे आई। आवेदिका फिर एक हफ्ते बाद सीएलएफ पहुंची, तो उक्त तीनों महिलाओं ने फिर से कहा अगर आप हमें पैसे नहीं दोगी, तो आपका ऋण का प्रस्ताव हम पास नहीं करेंगे और इधर-उधर की बातें करने के बाद टरका दिया।

आवेदिका फिर 23 जून 2025 को पुनः कार्यालय पहुंची। वहां पर उपस्थित लोकोस रुचि ने कहा कि यहां बिना पैसे के कोई काम नहीं होता, आवेदिका ने जब यह कहा कि मैं आपकी शिकायत करुंगी, तो उक्त रुचि व शगुफ्ता ने आग बबूला होते हुए आवेदिका के साथ अभद्र व्यवहार किया और कहा कि छह महीने बाद आना। यहां बिना पैसे के कोई काम नहीं होता है। ऊपर तक जितने भी अधिकारी हैं, सबको हिस्सा बटता है, जो तुमसे हो, कर लेना, अब तुम यहां से भागो। तब जाकर आवेदिका ने मुख्य विकास अधिकारी व स्वयंवर रोजगार उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला प्रबंधक बिजनौर से शिकायत की। दोनों अधिकारियों ने जांच करा कर इन तीनों महिलाओं को पद से हटाने का आश्वासन दिया है।

## एक नजर

### बच्चा चोर समझ कर पिटाई

**बिजनौर।** सोशल मीडिया पर थाना चांदपुर क्षेत्र के ग्राम कमालपुर में वृद्ध की वीडियो वायरल हो रही है। इसमें वृद्ध को लोगों ने बच्चा चोर समझकर पकड़ लिया और मारपीट कर मुर्गा बनाकर अपमानित किया। हालांकि बुजुर्ग आरोपों से इनकार कर रहा है और गांव में भी भीख मांगने की बात कर रहा है। बताया जाता है कि ग्राम कमालपुर की गली-मौहल्ले में कुछ बच्चे खेल रहे थे। एक वृद्ध भीख मांगने गांव में आया। जब वह एक घर से भीख लोकर दूसरे घर की तरफ बढ़ा, तो गली में किसी ने बच्चा चोर कहकर शोर मचा दिया। इसके बाद लोग इकट्ठा हो गए और उसे पकड़ लिया। लोगों ने वृद्ध की जमकर पिटाई की और मुर्गा बनाकर अपमानित किया। इसके बाद उसे छोड़ दिया। इस बीच किसी ने उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। स्थानीय लोगों बताया कि वीडियो पिछले दिनों तक भिखारी का बनाया गया था। उस समय मामला शांत हो गया था। अब किसी ने यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

### सड़क का ग्रामीणों ने किया विरोध



**नजीबाबाद।** आजाद समाज पार्टी के प्रतिनिधि मंडल द्वारा दरियापुर में पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई गई सड़क का निरीक्षण किया गया और ग्राम वासियों की समस्याओं को सुना गया। ग्राम वासियों के विरोध करने पर ठेकेदार द्वारा पुलिस बल को बुलाया गया। जिस पर सांसद प्रतिनिधि फहीम अहमद एड. अंसारी एवं आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारियों द्वारा मामले को आपसी बातचीत से निपटाया गया। सांसद प्रतिनिधि ने बताया कि दरियापुर में बनने वाली सड़क की लंबाई 1000 मीटर है और पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई जा रही सड़क का मानक 700 मीटर है। शेष 300 मीटर सड़क को बनाने के संबंध में पीडब्लूडी एक्शन, जेई, ए-ई नजीबाबाद से मुलाकात कर लोगों की समस्या से अवगत कराया गया और जल्द से जल्द शेष 300 मीटर सड़क को बनाने के लिए कहा गया। सांसद प्रतिनिधि फहीम अहमद अंसारी एड. एवं आजाद समाज पार्टी की टीम के द्वारा किए गए प्रयास की क्षेत्र के लोगों ने प्रशंसा की है।

### हाथी ने बोला हमला

**रेहड़।** फतेहपुर धारा निवासी देशराज सिंह ने बताया कि ग्राम के नजदीक वह झोपड़ी डालकर रहता है। देर रात अचानक जंगली हाथी ने हमला कर दिया। देशराज सिंह ने किसी तरह भाग कर जान बचाई। हाथी ने झोपड़ी को तहस नहस कर दिया। सूचना पर मौके पर वनकर्मियों व ग्रामीणों ने हाथी को जंगल की ओर खदेड़ा। अमानगढ़ की क्षेत्रीय वनाधिकारी अंकिता किशोर ने बताया कि वर्षा ऋतुकाल हाथियों का मेटिंग सीजन होता हैं। इस मौसम में हाथियों के व्यवहार में परिवर्तन आ जाता हैं और वह उग्र हो जाते हैं। वन्य जीव प्रभावी क्षेत्र में गश्त बढ़ाई हैं।

### पात्रों को मिलेगा अब पोषाहार

**बिजनौर।** नौनिहालों व महिलाओं से कुपोषण को खत्म करने के लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। बच्चों से कुपोषण खत्म करने के लिए सामाजिक संस्थाओं का भी सहयोग लिया जा रहा है। इसके लिए केंद्र सरकार द्वारा बच्चों व धात्री महिलाओं को हर माह पोषाहार वितरित किया जाता है। यहां तक कि कोरोना काल में भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को घर-घर भेजकर पोषाहार वितरित कराया गया था। अब योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पात्रों को दिलाने के लिए चेहरे और अंगूठे के निशान से पोषाहार वितरित किया जाएगा। इसके लिए स्मार्ट फोन पहले ही आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरित किए जा चुके हैं। अब इनमें पात्रों का डाटा भरा जा रहा है। जिन छोटे बच्चों के आधार कार्ड नहीं बने हैं, उनके स्वजन के आधार कार्ड लिए जा रहे हैं। योजना में अब तक लगभग 37 प्रतिशत पात्रों का सत्यापन किया जा चुका है।

# सिपाहियों को प्रशिक्षण की शुरूआत की गई

## कई प्रशिक्षु आने बाकी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सिपाहियों का प्रशिक्षण शुरू हो गया है और कई प्रशिक्षु सिपाहियों ने अभी आमद नहीं कराई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार पुलिस भर्ती में सिपाही पद पर चयनित हुए प्रशिक्षु सिपाहियों के लिए ज्वाइनिंग ट्रेनिंग कोर्स (जेटीसी) प्रशिक्षण होना है। जिले में कुल 1,181 प्रशिक्षु महिला-पुरुष सिपाहियों को प्रशिक्षण लेना था। 16 जून से पुलिस लाइंस में नए सिपाहियों ने आमद दर्ज करानी शुरू कर दी थी। अब तक 1,116 प्रशिक्षु सिपाहियों ने अपना प्रशिक्षण शुरू कर दिया है। अभी 38 आने बाकी है। जबकि 27 प्रशिक्षु सिपाहियों की नियुक्ति भर्ती बोर्ड द्वारा निरस्त होने की सूचना भी जेटीसी सेंटर में दर्ज करा दी गई है। इसके पीछे भर्ती हुए युवकों पर आपराधिक मुकदमा दर्ज है या उन्होंने अपने आपराधिक इतिहास को छिपाया है। एक-दो युवक ऐसे भी है कि पुरानी नौकरी किसी विवाद के चलते छोड़ी है। उनकी नियुक्ति को पुलिस भर्ती बोर्ड ने निरस्त कर दिया है। जिनका आना बाकी है, उनमें कुछ ऐसे हैं, जिनकी दूसरी नौकरी का इस्तीफा मंजूर नहीं हुआ है। या फिर कोई पारिवारिक कारण हैं। हालांकि उनकी पत्रावली जेटीसी सेंटर पहुंच गई हैं। उनके आने का समय एक माह निर्धारित किया गया है।

एएसपी सिटी ने बताया कि जो प्रशिक्षु सिपाही अभी नहीं आए हैं, उनको एक माह तक का समय दिया गया है।

# कृष्णा कॉलेज में सेमिनार का आयोजन

## कॉलेज में किया वृक्षारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिजनौर।** भारतीय लोकतंत्र के काले अध्याय 25 जून, 1975 आपातकाल के 50वें वर्ष पर आज भाजपा के द्वारा कृष्णा कॉलेज में एक विशाल सेमिनार एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कृष्णा कॉलेज में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी किया गया।




इस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद विजयपाल तोमर एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह जाटव सदस्य एससीएसटी सी आयोग पूर्व मंत्री महावीर सिंह का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस संगोष्ठी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान बॉबी ने की। संचालन जिला महामंत्री विनय राणा कार्यक्रम संयोजक पवन कुमार सिंह कार्यक्रम सहसंयोजक ने किया।

कांग्रेस सरकार ने आपातकाल के दौरान न केवल लोकतान्त्रिक संस्थाओं को रौंदा बल्कि प्रेस की स्वतंत्रता, न्यायपालिका की निष्पक्षता और नागरिकों के मौलिक अधिकारों को कुचलकर यह स्पष्ट कर दिया कि जब-जब उनकी सत्ता संकट में होती है, वे संविधान और देश की आत्मा को ताक पर रखने से पीछे नहीं हटते। 25 जून 1975 को कांग्रेस द्वारा लगाया गया आपातकाल में भारतीय संविधान की हत्या की गई थी। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों को जबरदस्ती जेल में बंद कर उत्पीड़न किया गया था। कृष्णा कॉलेज में सेमिनार कार्यक्रम में कांग्रेस द्वारा लगाए गए आपातकाल के काले अध्याय का 50वां वर्ष काला दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर सभी लो. कतंत्र सेनानीयों को शॉल पहनाकर सम्मानित भी किया गया।

कांग्रेस सरकार द्वारा लागू किए गए आपातकाल के दौरान भारतीय लोकतंत्र पर जो हमला और नागरिकों के अधिकारों का हनन हुआ था, वह देश के लिए बेहद ही दु:खद था। जिसे देश की जनता अपनी नम आंखों के साथ कभी भुला नहीं सकती। आज 50 वर्ष के बाद भी कांग्रेस उसी मानसिकता के साथ चल रही है। आज भी सिर्फ तरीकों का बदलाव हुआ है, नीयत आज भी वैसी ही तानाशाही वाली है।

कार्यक्रम में इस अवसर पर क्षेत्र युवा मोर्चा अध्यक्ष सुखविंदर सिंह, बहन कमलेश सैनी, नगर पालिका अध्यक्ष झालू लोकेंद्र चौधरी, नगर पालिका अध्यक्ष बहन इंदिरा सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष सकेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख विनोद राठी, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉक्टर बीरबल सिंह, डॉ. इंद्रदेव सिंह, बहन सुमन त्यागी, तेजपाल वर्मा, ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, विजेंद्र चौधरी, जिला महामंत्री नरेश भाटी, शोभित त्यागी, कृष्णा कॉलेज के अध्यक्ष मनोज कुमार, चंद्रवीर गहलौत, विनीत देवर, जिला पंचायत सदस्य सुभाष चौहान, धीर सिंह, पूनम गोयल, नगर अध्यक्ष अंकुर गौतम, सभी मंडल अध्यक्ष एवं सभी भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## एक नजर

### वर्षा में किया पौधारोपण



**सहसपुर।** स्थानीय सहसपुर ताल कटोरा निकट बैतूल मस्जिद युवा समा. जसेवी व मेडिकल छात्र मौहम्मद उमर (उमर हेल्थ क्लिनिक प्राथमिक चिकित्सा केंद्र) ने वृक्षारोपण किया। दूसरी ओर पृथ्वी की सुरक्षा पर्यावरण के विषय पर मुख्य रूप से प्रकाश डालते हुए बताया कि पर्यावरण हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो हमें स्वच्छ हवा, पानी और मिट्टी प्रदान करता है। लेकिन आजकल पर्यावरण पर बढ़ते प्रदूषण और मानव गतिविधियों के कारण खतरा बढ़ता जा रहा है। वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, मिट्टी प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण जैसी समस्याएं हमारे पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रही हैं। हमें अपने पर्यावरण की रक्षा करने के लिए कदम उठाने होंगे। हमें पेड़-पौधे लगाने, ऊर्जा की बचत करने, कूड़ा-कचरा प्रबंधित करने और प्रदूषण कम करने के तरीके अपनाने होंगे। अगर हम अपने पर्यावरण की रक्षा नहीं करेंगे, तो इसके गंभीर परिणाम हमें भुगतने पड़ सकते हैं। आइए हम अपने पर्यावरण की रक्षा के लिए एकजुट हों और एक स्वच्छ और हरित भविष्य की दिशा में काम करें।

### पुक्खेवाला में सड़क बनी तालाब



**कासमपुर गढ़ी।** ग्राम प्रधान की उदासीनता के चलते ग्राम पुक्खेवाला में सड़क तालाब बन गई है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से सड़क ठीक कराने की मांग की है। उधर ग्राम प्रधान ने शीघ्र सड़क बनवाने की बात कही है। ग्रामीण हाजी रईस अहमद, शहजाद अहमद, शहरयार, दलीप सिंह, इस्लामुद्दीन, अनीस अहमद आदि का कहना है कि पूरे गांव में सीसी रोड बन गई है। लेकिन लगभग 100 मीटर का रास्ता लगभग 15 साल से नहीं बना है और थोड़ी ही बारिश में ये रास्ता तालाब बन जाता है। जिससे रास्ते से गुजर ने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम प्रधान से इस संबंध में कई बार शिकायत की लेकिन ग्राम प्रधान पर भी कोई असर नहीं हो रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी बिजनौर से शीघ्र सड़क निर्माण की मांग की है। उधर ग्राम प्रधान नौशाद अहमद का कहना है कि उन्होंने इस सड़क का प्रस्ताव भेज रखा और क्षेत्रीय विधायक से भी इस सड़क को बनवाने की मांग की है। यदि नरेगा से इस सड़क का निर्माण होता है, तो इस पर इन्टरलाकिंग होगी और यदि विधायक बनवाते हैं तो ये सीसी रोड बनेगी।

### शांति समिति की बैठक आयोजित

**नूरपुर।** थाने परिसर में कांवड़ यात्रा व मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमें मुख्य अतिथि एसडीएम नितिन तेवतिया व सीओ चांदपुर ने ताजिया कमेटी से बारह फीट से अधिक ऊंचाई के मोहर्रम ने निकालने तथा किसी भी नई परम्परा की शुरुआत ना करने को कहा है। नई परम्परा की शुरुआत करने पर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा है कि कांवड़ यात्रा के दौरान सड़क किनारे होटलों पर मीट नहीं बिकेगा। सभी धर्मों के लोग एक दूसरे की भावनाओं का ख्याल रखें। ऐसा कोई काम ना करें, जिससे एक-दूसरे की भावनाओं को ठेस ना पहुंचे। सभी धर्मों के त्यौहार आपसी भाईचारा मोहब्बत व इंसानियत का त्यौहार है। उन्होंने सभी के धर्मों लोगों से शासन प्रशासन का सहयोग करने को कहा। उन्होंने कहा कि त्यौहार पर गड़बड़ी करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा। इस मौके पर एसडीएम नितिन तेवतिया, सीओ चांदपुर थाना प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह, सरदार हरभजन सिंह, अमन, शकील अहमद अंसारी, मौलाना असरारुल हक, संदीप जोशी, शाहरुख फरीदी, मास्टर प्रेम पाल, परम सिंह प्रधान, सब इंस्पेक्टर राजवीर सिंह आदि मौजूद थे।

# राष्ट्रीय आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर गोष्ठी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय के सांस्कृतिक कक्ष में प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी के निर्देशन में राष्ट्रीय आपातकाल की पचासवीं वर्षगांठ के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम समन्वयक कु. ऋतु सैनी के द्वारा मुख्य वक्ता शिक्षक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेश सिंह एवं डॉ. नजमुन्निसा, मुख्य अतिथि डॉ. शताक्षी एवं डॉ. मृदुल, डॉ. आबिदा, डॉ. मुकुल का स्वागत करते हुए किया गया। आयोजन में सर्वप्रथम शिक्षक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेश सिंह ने देश में **25 जून 1975** को भारत में तत्कालीन सरकार द्वारा लागू किए आपातकाल का स्मरण और गहन चिंतन करते हुए इसे लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक मूल्यों के प्रति नवीन प्रतिबद्धता का अवसर बताया। उन्होंने बताया की यह सच है कि **1975** के आपातकाल की विभिन्न सीमाएं रही। किंतु फिर भी यह वह समय था। जिसमें अनुशासन और नियमों का पालन करने पर जोर दिया गया था। शहरों और कस्बों में स्वच्छता अभियान चलाए गए थे, जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार हुआ। इसी के साथ शासन द्वारा आर्थिक स्थिरता के प्रयास किए गए थे, जिससे मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद मिली थी। सबसे बढ़कर आपातकाल के दौरान उद्योगों के विकास पर जोर दिया गया था, जिससे आर्थिक विकास को बढ़ावा मिला था।

इस दौरान शिक्षा के प्रसार पर जोर दिया गया था, जिससे शिक्षा के स्तर में सुधार हुआ था। महिला सशक्तिकरण के प्रयास किए गए थे, जिससे महिलाओं की स्थिति में सुधार हुआ था। तत्पश्चात डॉ. नज्मुनिसा ने अपने वक्तव्य में कहा कि हमें आपातकाल के नकारात्मक पहलुओं को भी ध्यान में रखना आवश्यक है। इस समय लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन और मानवाधिकारों का उल्लंघन हुआ। आपातकाल में सेंसरशिप की आड़ में कई संपादकों और पत्रकारों को भी गिरफ्तार किया गया। किंतु फिर भी यह वही समय था जब ऊर्जा और सिंचाई परियोजनाओं पर काम किया गया था, जिससे आर्थिक विकास को बढ़ावा मिला था। साथ ही सड़क निर्माण और बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर दिया गया था। इस अवसर पर अन्य विभागों के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन भूगोल विभागाध्यक्ष कु. ऋतु सैनी ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# महिलाओं की गोद भराई कराई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** विकास खण्ड के सभागार में महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह चौहान ने क्षेत्र से आये पीड़ित लोगों की समस्या को ध्यानपूर्वक सुनकर मौके पर ही अधिकारियों से उनकी समस्या को तुरंत हल कराया। महिलाओं ने भी अपनी समस्या को रखा। जिसको महीला आयोग की सदस्य अवनी सिंह ने उनकी समस्या को सुनकर उनकी समस्या को हल कराने का भरोसा दिलाया है।



जिले व ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को आदेश दिया है कि पीड़ित लोगों की समस्या को सुनकर मौके पर हल किया जाये। ऐसा ना करने पर लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई रश्म अदा की गई। उसके बाद उन्होंने नहटौर रोड मां सुनैना प्रेरणा महिला माइक्रो एंटरप्राइजेज का निरीक्षण भी किया गया। क्षेत्र के ग्राम पंचायत गौहावर जैत में चौपाल का आयोजन हुआ। जिसमें सरकार के द्वारा गरीबों के लिए चलाई जा रही जनकल्याणरी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। सभी सरकारी योजनाओं को हर गरीब परिवार के घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस मौके पर तहसीलदार प्रभा सिंह, उपनिरीक्षक रश्मि सिंह, दीपक शर्मा, पूनम सिंह, रूबी गुप्ता, रविता राठी, आशू सिंह, सतीश कुमार, महीला बिजनौर थाना प्रभारी स्वाति शर्मा, मुन्नी राठी, उपनिरीक्षक राकेश कुमार, शारदा, शुभम चौधरी, रुसना फारूकी, कुसुम, मित्रलाल, गौतम उपनिरीक्षक जूही रानी, विकास शर्मा, मोहित शर्मा, सौरभ शर्मा, लोकेन्द्र सिंह , कमल कुमार आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, चांदपुर ( बिजनौर )**

पत्रांक: 307/न.पा.परि.चांदपुर/2025 दिनांक: 25/06/2025

**शुद्धि-पत्र**

सर्वसाधारण एवं ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष इस कार्यालय के पत्र संख्या 281/न.पा.परि. चांदपुर/नि.सू./2025 दिनांक 18.06.2025 के द्वारा 12 निर्माण कार्यों को कराये जाने हेतु अति अल्पकालीन निविदा सूचना आमंत्रित की गयी थी। उक्त निविदा सूचना में क्रम संख्या 04 पर अंकित मौ. पतियापाड़ा वार्ड नं. 14 में नहटौर रोड के दोनों ओर बने नालों का तल सही करने के कार्य की निविदा को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

तदानुसार सूचित हो।

**अवर अभियन्ता ( सिविल ) नगर पालिका परिषद चांदपुर ( बिजनौर )**
**अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद चांदपुर ( बिजनौर )**
**अध्यक्ष नगर पालिका परिषद चांदपुर ( बिजनौर )**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, चांदपुर ( बिजनौर )**

पत्रांक: 306/न.पा.परि. चांदपुर (2025-26) दिनांक:- 25.06.2025

**पुन: सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद की सीमान्तर्गत मौ. मुफ्तीसराय वार्ड नं. 8 में साप्ताहिक शनि बाजार पूर्व से लगता आ रहा था। आयुक्त महोदय मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद के आदेशों के अनुपालन में उपजिलाधिकारी चांदपुर के कार्यालय के पत्रांक संख्या 231 (7)/एस.टी.-चांदपुर/2024, 15 फरवरी 2025 के अनुपालन में शनि बाजार हटाकर किसी खुले स्थान पर लगाया जाना है।

अत: इच्छुक व्यक्ति निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबंधों के अन्तर्गत अपनी खुली भूमि किराया पर देने हेतु 15 दिन के अन्दर प्रार्थना पत्र के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध करना सुनिश्चित करें।

**शर्तों/प्रतिबंधों-**

1. 12 से 15 बीघा का खुला प्लाट हो।
2. राष्ट्रीय मार्ग, राज्य मार्ग व जिला मुख्य मार्ग के पास न हो।
3. प्लाट का राजस्व विभाग द्वारा जारी भूमि (खसरा खतौनी संलग्न करनी होगी)।
4. नजरी नक्शा भी संलग्न होगा।
5. उस 12 से 15 बीघा जमीन का रास्ता दो रोड पर हो।
6. जमीन शत्रु सम्पत्ति या किसी बैंक का लोन नहीं होना चाहिए।
7. उस भूमि पर किसी तरह का वाद-विवाद (मा. न्यायालय में लम्बित न हो)।
8. उस भूमि पर पानी एवं शौचालय की व्यवस्था हो।

**कार्यालय-अधीक्षक नगर पालिका परिषद चांदपुर ( बिजनौर )**
**अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद चांदपुर ( बिजनौर )**
**अध्यक्ष नगर पालिका परिषद चांदपुर ( बिजनौर )**

# भाकियू की विचार गोष्ठी

## एकजुट होकर अपने हकों की लड़ाई लड़ें किसान: चौ. दिगम्बर सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** भाकियू अराजनैतिक की ओर से किसान विषयों एवं क्षेत्र के विकास पर विचार गोष्ठी में किसानों ने एकजुट होकर अपने हकों के लिए लड़ने पर जोर दिया।

आरबीएस इंटर कॉलेज नांगल सोती में बुधवार को गोष्ठी में युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह ने कहा कि आज किसानों के सामने बहुत समस्या है। किसानों को उनकी फसलों के सही दाम नहीं मिल रहे हैं, पूंजीपति अपनी मनमानी कर रहे हैं, जिससे किसान परेशान है। सरकार किसानों की ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है, इसके लिए किसानों को एकजुट होकर अपने हकों की लड़ाई लड़नी होगी, तभी किसान का भला हो सकता है। प्रदेश उपाध्यक्ष बलराम सिंह ने नजीबाबाद चीनी मिल की क्षमता वृद्धि का मुद्दा उठाया। जिला



अध्यक्ष नितिन सिरोही ने कार्यकर्ताओं से किसानों की समस्याओं का निदान कराने और अधिक से अधिक किसानों और युवाओं को संगठन से जोड़ने का आह्वान किया।

सत्यपाल सिंह की अध्यक्षता और भोपाल राठी के संचालन में हुई गोष्ठी में सरदार इकबाल सिंह, अतुल कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष कुलबीर सिंह, नीटू चौधरी, इरफान अहमद, मोहम्मद आफाक, वीरेंद्र सिंह विजेंद्र सिन्हा, अर्पण आदि मौजूद रहे।

## बारिश से मौसम ने बदली करवट

**अफजलगढ़।** बुधवार सुबह करीब 6 बजे से शुरू हुई झमाझम बारिश ने अफजलगढ़ क्षेत्र का मौसम पूरी तरह बदल दिया है। बीते कई दिनों से पड़ रही तीखी गर्मी और उमस से बेहाल लोगों ने बारिश की पहली बूँद के साथ ही राहत की सांस ली। बारिश के चलते तापमान में गिरावट आई और लोगों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत मिली। मौसम के इस बदलाव का सबसे सकारात्मक असर किसानों पर पड़ा है। बारिश से खेतों में नमी लौट आई है, जिससे अब खरीफ की फसलों की बुवाई का रास्ता साफ हो गया है। किसानों का कहना है कि यह बारिश उनके लिए वरदान साबित हो रही है। कई जगहों पर खेतों की जुताई शुरू हो चुकी है और बुवाई का काम भी रफ्तार पकड़ रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक, यदि आने वाले दिनों में ऐसी ही बारिश बनी रही, तो धान, मक्का, ज्वार और बाजरा जैसी फसलों की पैदावार बेहतर होने की पूरी संभावना है। ग्रामीण अंचलों में भी बारिश के बाद खेतों में हलचल देखी जा रही है।

## खेल मंत्री से मिले विश्व रिकॉर्ड बना कर स्वर्ण पदक विजेता बने महेंद्र गुर्जर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख भाई मांडविया एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा खड़से से विश्व रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक विजेता बने महेन्द्र गुर्जर की मुलाकात करायी और उनकी समस्याओं का निराकरण कराया।

चांदपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम मंझौला गुर्जर निवासी एवं महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं प्रचार मंत्री डॉ. मनोज कटारिया ने जानकारी देते हुए बताया कि संगठन के राष्ट्रीय प्रमुख महामंत्री सुधीर बैंसला एवं राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बच्चू सिंह बैंसला के नेतृत्व में राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने राजस्थान के दूदू निवासी एवं स्विट्जरलैंड में नॉटविल विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रांड प्री में पुरुषों की भाला फेंक एफ 42 श्रेणी में स्वर्ण पदक विजेता महेंद्र गुर्जर और उनके कोच समरजीत सिंह मल्ली की दोनों केन्द्रीय मंत्रियों से मुलाकात की।



मालूम हो कि महेंद्र गुर्जर ने 61.17 मीटर में विश्व रिकॉर्ड बनाकर देश और समाज का नाम रोशन किया है।

इस मौके पर राष्ट्रीय प्रमुख महामंत्री सुधीर बैंसला, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बच्चू सिंह बैंसला, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डीएन सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं प्रचार मंत्री डॉ. मनोज कटारिया और राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य विवेक बैंसला आदि राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने समाज से जुड़े सामा. जिक मुद्दों एवं खेल के क्षेत्र में गुर्जर समुदाय की भागीदारी बढ़ाने के लिए मंत्रियों से विस्तार से चर्चा की। राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने दोनों केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात कराकर विश्व स्वर्ण पदक विजेता महेंद्र गुर्जर और उनके कोच समरजीत मल्ली की समस्याओं का निस्तारण भी करवाया।

इस मौके पर राष्ट्रीय युवा महामंत्री दीपक बैंसला, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह नागर, प्रदेश मंत्री अमरजीत चौधरी एवं नोएडा महानगर अध्यक्ष सुशील अवाना आदि मौजूद रहे।

## गंगा बैराज पर जन चेतना अभियान चलाया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आषाढ़ अमावस्या के अवसर पर आज प्रात: 6:00 बजे पीपल-पिलखन फाउंडेशन के पर्यावरण प्रहरियों के आह्वान पर मां गंगा के तट, बैराज बिजनौर में अविरल गंगा निर्मल गंगा के नाम से एक जन चेतना अभियान चलाया गया। अभियान में तीर्थ यात्रियों, भक्तगणों से मां गंगा में किसी भी इस प्रकार की ऐसी सामग्री को प्रवाहित न करने का अनुरोध किया गया, जिससे गंगा मां में प्रदूषण बढ़े।

अभियान में गोविंदा मॉर्निंग क्लब, वरिष्ठ नागरिक समिति, साइंस स्पार्क क्लब, श्री राम सत्संग समिति, गीता नगरी, बिजनौर एवं बिजनौर के कुछ गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर प्रतिभाग किया एवं बराबर का सहयोग प्रदान किया तथा प्रति अमावस्या इस प्रकार से जन चेतना अभियान चलाने का संकल्प भी लिया।

कार्यक्रम में प्रतिभागियों द्वारा गंगा घाट पर मानवीय चैन का निर्माण भी किया गया।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर बैठक

### सभासदों से सहयोग की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार स्योहारा नगर पालिका में 1 जुलाई से 31 जुलाई तक संचालित होने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर नगर पालिका में एक महत्वपूर्ण बैठक एवं प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य नगर में संचारी रोगों विशेषकर दिमागी बुखार जैसी गंभीर बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करना है।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ. आलोक कुमार यादव (एआरओ) और डॉ. राजेश (हेल्थ इंस्पेक्टर) उपस्थित रहे। उन्होंने सभासदों एवं पालिका स्टाफ को दिमागी बुखार के लक्षण बचाव और



रोकथाम के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। डॉ. यादव ने कहा कि नगर क्षेत्र में साफ-सफाई, कीटनाशक दवाओं का नियमित छिड़काव और जनजागरूकता ही रोग नियंत्रण की कुंजी है। बैठक की अध्यक्षता अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल ने की। उन्होंने कहा कि पालिका द्वारा विशेष अभियान के लिए एक व्यवस्थित माइक्रो प्लान तैयार कर लिया गया है, जिसके अंतर्गत नगर के सभी वार्डों में फॉगिंग कीटनाशक दवाओं का छिड़काव स्प्रे तथा विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा श्री पाल ने कहा कि यह अभियान केवल औपचारिकता नहीं है बल्कि इसे जनस्वास्थ्य की प्राथमिकता मानते हुए प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा। उन्होंने सभी सभासदों से सहयोग की अपील की ताकि नगर में बीमारियों का प्रकोप रोका जा सके। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी देवेन्द्र सिंह, वरिष्ठ लिपिक श्रीमती चाँदनी रईस, जलकल प्रभारी अमित कुमार, लिपिक, समस्त सफाई नायक व अन्य पालिका स्टाफ उपस्थित रहे।

सभा में उपस्थित प्रमुख सभासदों में श्वेत रस्तोगी, वसीम, सभासद पति सतेन्द्र सिंह सैनी, जब्बार अंसारी, सभासद मोहम्मद अकरम अल्वी, बब्बू कुरैशी , सभासद पति राधे आदि उपस्थित रहे। वहीं नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल की ओर से यह स्पष्ट संदेश गया कि नगर में कोई भी वार्ड इस विशेष सफाई और फॉगिंग अभियान से अछूता नहीं रहेगा और पूरे महीने अभियान की निगरानी की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा और स्वास्थ्य सर्वोपरि है, इसलिए सभी को मिलकर इस अभियान को सफल बनाना होगा।

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 51 रक्तवीरों ने किया रक्तदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में लोगों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया, जिसमें लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।



राजा भरत सिंह इंटर कालेज में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 51 व्यक्तियों ने रक्तदान किया। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. भूपेंद्र सिंह राजपूत, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रधानाचार्य राजीव चौहान उपस्थित रहे। ओमकार आजाद, प्रवेश राजपूत, आयुष, कपिल राजपूत, प्रभात राजपूत, सचिन वर्मा, दिवाकर त्यागी, सत्यम राजपूत, नवीन राजपूत, अरविंद, अंकुर वर्मा, अंकित पाल, दिनेश कुमार, राजपाल सिंह, टीकम सिंह, तपेश्वर कुमार, नरेश, रंजीत राजपूत, नीटू, विवेक, विनीत, ब्रह्मजीत, धर्मेंद्र, शोहित आदि ने किया रक्तदान। डॉ. भूपेंद्र सिंह राजपूत द्वारा हिंद चैरिटेबिल ब्लड बैंक, बिजनौर का आभार प्रकट किया। प्रत्येक रक्तदाता को सड़क सुरक्षा को देखते हुए एक हेलमेट प्रोत्साहन के रूप में दिया गया।

## फ्लाईंग आफिसर धनंजय रवा गौरव सम्मान से सम्मानित

### स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र सौंपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** रवा राजपूत संघ बिजनौर ने धनंजय राजपूत पुत्र यशवंत सिंह राजपूत निवासी ग्राम रहमापुर नजीबाबाद को भारतीय वायु सेना में फ्लाईंग आफिसर नियुक्त होने पर रवा गौरव सम्मान से सम्मानित किया। उनको स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र व बुके प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विनीत राजपूत अध्यक्ष रवा राजपूत संघ बिजनौर ने संबोधित करते हुए कहा कि धनंजय राजपूत ने भारतीय वायु सेना मे फ्लाईंग आफिसर के पद पर नियुक्त होकर पूरे रवा राजपूत समाज को गौरवान्वित किया है और अपने



समाज के युवाओं के लिए एक आदर्श स्थापित किया है कि मेहनत, लगन व अनुशासन से अपने निर्धारित लक्ष्य को निश्चित ही प्राप्त किया जा सकता है।

उनके अटूट परिश्रम, लगन व अनुशासन और नियमित दिनचर्या से उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है और उनकी इस उपलब्धि मे उनके माता- पिता का संघर्ष व अदृश्य रूप से उनके साथ था। धनंजय राजपूत के पिता स्वयं भारतीय वायु सेना से सेवानिवृत्त हैं। बच्चों ने पिता को शुरू से ही सेना का अनुशासन पालन करते हुए देखा है और यंशवत सिंह राजपूत ने अपने बच्चों को आरंभ से ही अनुशासित रहना और अनुशासन व दिनचर्या का कडाई से पालन करना सिखाया है, जिसके परिणाम स्वरूप धनंजय राजपूत आज भारतीय सेना में फ्लाईंग आफिसर नियुक्ति हुए है और उनका छोटा भाई भी एनडीए में प्रशिक्षणरत है। धनंजय राजपूत की माताजी को नमन है, जिन्होंने पति के सेना में रहने के बावजूद अपने दोनों पुत्रों को सेना में भेजा है। आम जीवन जीने वाले व्यक्ति सेना को परिवार वालों का कष्ट और हालात को महसूस भी नहीं कर सकतें। अत: धन्य है वो माता जिसके कारण आज पूरा परिवार भारतीय सेना को समर्पित होकर भारत माता की सेवा कर रहा है।विनीत राजपूत ने धनंजय राजपूत को संबोधित करते हुए कहा कि अक्सर ऐसा होता है कि हमारे समाज से जो भी उच्च पदों पर आसीन होते है। वह सेवा के दौरान समाज को कोई तव्वजो नहीं देते हैं। युवाओं का मार्गदर्शन व सहायता के नाम पर शून्य होता है और सेवानिवृत्त होने के पश्चात उनको समाज याद आता है और फिर वो समाज अपने अनुसार चलाना चाहते है। उसका उदाहरण उनके अपने ही गाव में है तो हम सब आप से आशा रखते है कि आप सेवा में रहते हुए अपने समाज को मान सम्मान देंगे और युवाओं का मार्गदर्शन व सहयोग करेगे। हमारे समाज के युवा आज अपनी मेहनत और लगन से विभिन्न क्षेत्रों में सफलता की उँचाईयों को प्राप्त कर रहें है, नित नये आयाम बना रहें है।

इस अवसर पर अतुल राजपूत, देवेन्द्र राजपूत, पुनीत राजपूत, कोमल राजपूत, विपिन राजपूत, सुरेश चन्द्र राजपूत, जसवंत राजपूत आदि उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार कार ने खड़ी बाइक में मारी टक्कर



### डॉ. अब्दुल मलिक गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नगर के समीप जावेद पेट्रोल पंप के पास बुधवार सुबह एक तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़ी बाइक में इतनी जबरदस्त टक्कर मारी कि पास में खड़े प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. अब्दुल मलिक गंभीर रूप से घायल हो गए।

डॉ. अब्दुल मलिक पुत्र मोहम्मद फारूक निवासी मोहल्ला नेजो सराय एक लोकप्रिय और सेवाभावी चिकित्सक हैं, जो वर्षों से नगर में चिकित्सा सेवा दे रहे हैं। हादसे के वक्त वह अपनी बाइक के पास खड़े थे तभी अचानक तेज रफ्तार कार ने सीधी टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए डॉ. मलिक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार को कब्जे में लेने के साथ-साथ चालक को भी हिरासत में लेकर थाने ले गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार की रफ्तार बेहद तेज थी और चालक लापरवाही से गाड़ी चला रहा था। नगर में चर्चाओं का माहौल है, क्योंकि डॉ. अब्दुल मलिक की छवि एक गंभीर, सामाजिक और मरीजों के प्रति समर्पित डॉक्टर की रही है। लोग उनकी सलामती की दुआ कर रहे हैं।




## कार्यालय जिला पंचायत, बिजनौर।

पत्रांक:- 280/कांवड़ मेला-जि.पं./2025-26 दिनांक:- 25 जून, 2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रावण शिवरात्री कांवड़ मेला 2025 हेतु श्रद्धालुओं की सुरक्षा की दृष्टि से विकास खण्ड नजीबाबाद के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर मेला कांवड़ से संबंधि अस्थाई रूप से किराये पर प्रकाश व्यवस्था तथा सी.सी.टी.वी. आईपी बेस कैमरे लगाने सहित (सम्पूर्ण कार्य) की दिनांक 11-07-2025 से 23-07-2025 तक जो कार्य का अनुभव रखता हो निविदा मैनुअल प्रक्रिया से जिला पंचायत, बिजनौर में दिनांक 02-07-2025 को आमंत्रित की जायेगी। निविदा फार्म इसी दिनांक को प्रात: 10:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक विक्रय किये जायेंगे, तथा अपरान्ह 03:00 बजे तक सीलबन्द लिफाफे में टेन्डर बॉक्स में डाली जायेगी। निविदा समिति द्वारा उक्त दिनांक को ही सायं 04:30 बजे खोली जायेगी। निविदा क्रय करने से पूर्व निविदा का मूल्य जी.एस.टी. सहित व कार्य की जमानत रुपये 50,000.00 नकद अथवा किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत एफ.डी.आर. जो अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत बिजनौर के पदनाम से बंधक होगी। जमा करना अनिवार्य होगा। शेष शर्तें किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

नोट:- उक्त कार्यों का विवरण एवं जमानत आदि किसी भी कार्य दिवस में जिला पंचायत, बिजनौर में सम्बन्धित लिपिक/नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

**अभियंता**
**जिला पंचायत, बिजनौर।**

**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत, बिजनौर।**

# पर्यावरण स्वच्छ रखना सभी का कर्तव्य

## जिला गंगा समिति की बैठक में पौधारोपण करने व प्लास्टिक का बहिष्कार करने का आहवान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बबराला।** जिला गंगा समिति,जिला वृक्षारोपण समिति व जिला पर्यावरणीय समिति के तत्वावधान में स्वच्छता अभियान व पौधारोपण घाट पर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। लोगों से थैली प्लास्टिक का बहिष्कार करने का आह्वान किया।

घाट पर स्वच्छता का आह्वान किया। गंगाघाट राजघाट के बबराला घाट पर आयोजित बैठक में जिलाधिकारी राजेन्द्र पेसिया ने राजघाट गंगाघाट के बबराला घाट पर पर्यावरण को शुद्ध बनाने में पौधारोपण करने पर बल दिया। सावन में घाट पर कूड़ा एकत्रित न हो। उसके साथ ही स्वच्छता पर विशेश बल दिया। स्वच्छता रखना सभी का कर्तव्य है।पौधारोपण लिए वृक्षारोपण का होना आवश्यक है। पौधे लगाकर उनको सिंचाई कर वृक्ष बनने में सभी सहयोग करें। वृक्ष पर्यावरण को शुद्ध बनाने में सहायक हैं।



गंगाघाट राजघाट पर बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया।

वृक्ष रहेंगे तभी वातावरण शुद्ध रह सकेगा।प्रभागीय वनाधिकारी वंदना व पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओमवीर खड्गवंशी ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध व सुरक्षित बनाए रखने के लिए प्रत्येक को एक वृक्ष तो लगाना जरूरी है। वातावरण स्वच्छ रखने में हम सभी सहयोग दे सकते हैं।इस दौरान प्रभागीय वनाधिकारी वंदना, वन क्षेत्राधिकारी ब्रजमोहन, कार्तिक गोयल, कुमोद वार्ष्णेय, डिम्पल वार्ष्णेय, जूलियस सीजर, सत्यम मिश्र, पुष्पेन्द्र शर्मा आदि रहे।

सभी करें। मुख्य विकास अधिक. री गोरखनाथ भट्ट ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने के

# कुपोषित बच्चों को चेयरमैन पति ने वितरित की किट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कुपोशित बच्चों को कुपोशण से बचाव को नगर पालि. का परिशद आगे आया है। चौयरमेन के प्रयासों से प्रतिनिधि/चौयरमेन पति ने पौशाहार किटें का वितरण किया।

बुधवार को चौयरमेन आसिया मुशीर के पति व चौयरमेन प्रतिनिधि चौधरी मुशीर अली खां ने बच्चों को कुपोशण से बचाने व कुपोशित बच्चों को काला चना, हॉर्लिक्स, सोयाबीन की बड़ी, पांच प्रकार के सूखे मेवे, दलिया, मॅग की दाल आदि पौशाहार किट का वितरण किया। इस दौरान चौयरमेन पति चौ. मुशीर अली खां बच्चों की देभखल और बच्चों को कुपोश ण से बचाने को उनकी देखभाल करते रहने पर ज़ोर दिया। इस मौके पर कार्यवाहक अधिशासी/कर निर्धारण अधिकारी अधिकारी कार्तिक यादव, सभासद वेद प्रकाश, मौ. शैकीन, इब्राहीम अंसारी, राजेन्द्र, परवेज व सभासद पतिप्रमोद सैनी, मौ. फुरकान, सभासद अन्नू दयाल एवं राजस्व निरीक्षक राजेश यादव, निर्माण लिपिक महीपाल सिंह आदि मौजूद रहे।


कुपोषित बच्चों को किटों का वितरण करते चेयरपर्सन पति चौ. मुशीर अली खां।

# विधायक पुत्र ने रखी समस्याएं

## बदहाल बिजली व्यवस्था से फसलों के चौपट होने की दी जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बबराला।** जिलाधिकारी द्वारा जनपद संभल के जनप्रतिनिधियों के साथ आहुत बैठक में समस्याओं की जानकारी ली। गुन्नौर विधायक पुत्र ने समस्याओं को रखकर व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखने की मांग की। कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में राम खिलाड़ी सिंह के प्रतिनिधि के रूप में कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई में गुन्नौर क्षेत्र की बदहाल विद्युत व्यवस्था जिसके कारण किसानों के धान की फसल प्रभावित हो रही है।

साथ ही आम जन जीवन प्रभावित है। इस मामले पर पर शिकायत रखी।इसके साथ ही खजरा छपरा भूड़ में बंद पड़े प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को शीघ्र चालू करने का मुद्दा उठाया। महाराज जी हरि बाबा बांध पर आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव जिसमे लाखों लोग सम्मिलित होंगे उस संबंध में संपर्क मार्ग एवं पुलिया आदि की मरम्मत एवं बांध पर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने हेतु प्रस्ताव रखा।

जिनको जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों एवं सुझावों पर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

# अम्बेडकर वाहिनी जिलाध्यक्ष का विधायक आवास पर स्वागत

**बबराला।** नगर में सपा विधायक रामखिलाड़ी सिंह यादव के आवास पर समा. जवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी जिलाध्यक्ष सम्भल जय सिंह के मनोनीत होने पर कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।बुधवार को गुन्नौर विधायक पुत्र अखिलेश यादव ने नवनियुक्त समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी जिलाध्यक्ष जय सिंह का फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

सपा कार्यकर्ताओं ने भी उनका फूल माला पहनाकर हर्श व्यक्त किया। इस अवसर पर जय सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जो उनको कार्यभार सौंपा है। वह उस पर सत्यनिष्ठा के साथ खरे उतरेंगे और पार्टी को मजबूती प्रदान करने में सहयोग करेंगे।पार्टी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर आगे बढ़ेंगे। इस दौरान सपा नेता अखिलेश यादव मुजफ्फर अली उर्फ कक्के, जहीर अहमद उर्फ पप्पू ,केपी यादव,पप्पू यादव, अजमत, प्रेमपाल सिंह आदि मौजूद रहे।


गुन्नौर विधायक आवास पर जिलाध्यक्ष का स्वागत करते अखिलेश यादव।

# दो बोन मिलों को कराया गया बंद

**नगर मजिस्ट्रेट के आदेश पर पहुंचा प्रशासन, पुलिस बल रहा मौजूद**

**सम्भल।** बोन मिलों पर प्रशासन ने शिकंजा कसा है। पूर्व में किए गए निरीक्षण के बाद पुलिस-प्रशासन की मौजूदगी में बंद कराया गया। सदर कोतवाली क्षेत्र में स्थित ग्राम चिम्यावली स्थित कोहिनूर और हिन्दुस्तान बोन मिल का नगर मजिस्ट्रेट की अगुवाई में विगत चार जून को निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान को. हिनूर बोन मिल संचालित पायी गई थी जबकि हिन्दुस्तान बोन मिल बंद मिली थी,लेकिन उसमें रौ मेटेरियल (हडिडयां) पड़ी मिली थीं। बुधवार को नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार के आदेश पर कोहिनूर और हिंदुस्तान बोन मील को प्रशासन ने पुलिस बल की मौजूदगी में बंद कर दिया। जबकि इस दौरान नगर पालि. का के बुलडोजर से 10 फीट गहरा गड्ढा कर कर फैक्ट्री के रॉ मैटेरियल को दबाया गया।

सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने बताया कि दोनों फैक्ट्रियों का 4 जून को निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण में पाया गया कि कोहिनूर बोन मील संचालित थी और वहां रॉ मटेरियल बिखरा हुआ था। हिंदुस्तान बोन मील बंद थी, लेकिन वहां भी रॉ मटेरियल बिखरा मिला।

# नागरिक देवो भवः के सूत्रों का सभी को करना चाहिए पालनः डीएम

## आकांक्षात्मक समीक्षा बैठक में डीएम ने गोल्डन कार्ड पर की चर्चा, कार्ययोजना पर किया विचार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** आकांक्षात्मक विकासखंड कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में संस्थागत प्रसव तथा गोल्डन कार्ड को लेकर चर्चा कर कार्ययोजना बनाते हुए कार्य करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया।

कलैक्ट्रेट सभागार में जिला. धिकारी डा. राजेन्द्र पेंसिया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में गोल्डन कार्ड के कार्य को मिशन मोड़ पर लेने और टीकाकरण को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

एएनसी चेकअप को लेकर विकासखंड वार चर्चा की गई। आशा डायरी अपडेट करने के निर्देश दिए। एन्क्वास को लेकर जानकारी प्राप्त की गई। जिला. धिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक दिन दो ग्राम कुल डीपीएमयू में आयें ताकि अच्छे से समीक्षा हो सके।

जिलाधिकारी ने पीटीआर पर चिंतन करने तथा निपुण चौम्पियन बालक तथा निपुण चौम्पियन अभिभावक को लेकर भी निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि डीपीएमयू के कार्मिक नियमित रूप से पूर्वाह्न लगभग 10 बजे उनके साथ वार्ता करें। कायाकल्प की फीडिंग की जानकारी लेकर प्रत्येक इंडीकेटर में सुधार होने को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक विद्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम शत प्रतिशत लगाया जाए।जनता से अलग जनार्दन नहीं तथा नर सेवा नारायण सेवा हमारे आस पास के करोड़ों जीते जागते नारायणों का दुख दूर करना ही प्रत्येक मनुष्य का परम लक्ष्य हो तथा नागरिक देवो भवः के सूत्रों का सभी को पालन करना चाहिए। बैठक में डीपीएमयू के सदस्यों द्वारा भी अपने अनुभव साझा किए। अधिकारियों को योजनाओं से संबंधित बिन्दुओं के संतृप्तिकरण के लिए आकांक्षात्मक विकासखंड से संबंधित ग्रामों का निरीक्षण करने को लेकर भी दिशा निर्देशित किया। नव चयनित आंगनवाड़ियों के प्रशिक्षण को लेकर भी निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, जिला विकास अधिक. ारी राम आशीश, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ शैलेन्द्र सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक श्यामा कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा तथा संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### डीएम ने राजघाट पर की गंगा आरती

**बबराला।** राजघाट गंगाघाट के बबराला घाट पर गंगा जी की महाआरती की गई।जिसमें काफी लोगों ने भाग लिया।गंगा मइया की जय के जयकारे से गंगाघाट गूंज उठा। मंगलवार को बबराला घाट के आरती स्थल पर जिलाधिकारी राजेन्द्र पैंसिया,मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट के साथ गंगा मइया का पूजन विधि विघान के साथ किया गया।इसमें आस पास के महिला व पुरुश भक्तों ने आरती की। उसके बाद प्रसाद वित. रित किया गया। इस दौरान गंगा समिति के कार्तिक गोयल, प्रभागीय वनाधिकारी वंदना फोगाट, एसडीएम वंदना मिश्रा, डीपीओ अमन तिवारी ,भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष ओमवीर खड्गवंशी, वन क्षेत्राधिकारी ब्रजमोहन,डिम्पल वार्ष्णेय आदि रहे।

# कुल रस्म अदायगी में अमन व तरक्की को उठे सैकड़ों हाथ

**हजरत शाह अली मुत्तकी इसराइली के उर्स का कुल रस्म के साथ समापन**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** हजरत शाह अली मुत्तकी मियां रहमतुल्ला अलैह के चार रोजा सालाना उर्स का समापन चादर पोशी व कुल शरीफ की रस्म के अदायगी के साथ हो गया।

उर्स में अमनो-अमान व तरक्की की दुआ की गई। नगर के मंडी किशनदास सराय अली सराय में स्थित हजरत शाह अली मुत्तकी मियां इसराईली चिश्ती कादरी के सालाना उर्स में अकीदतमंदो ने शिर. कत फरमाई। जिसमें कव्वाल रईस झनकार और कमर वारसी ने सूफियाना कलाम पेश किए। जब इमाम आली मकाम के शान में कलाम पढ़ा गया तो हर और से नजरानों की बौछार हो गई। उर्स का समापन कुल शरीफ ओर चादर पोशी की रस्म के साथ अदा किया गया, उर्स में मुफ्ती हसन मियां वारसी (बिलालपत शरीफ) ने मुल्क के अमनो-अमान के लिए दुआ कराई। इस दौरान नाजिम-ए-दरगाह मुनाजिर हुसैन इसराईली वारसी, आयोजक(सदर)- उमर तुर्की, सलमान संभली, महफूज तुर्की, इमरान तुर्की, सलमान तुर्की, बॉबी, एड0 अरमगान तुर्की, फराज तुर्की, जुबैर अंसारी, दिनेश कुमार, मदन प्रधान, रंजीत प्रधान, सरताज प्रधान,फहीम वारसी, सैफ अली वारसी, साकिब वारसी, मरगूब अशरफी, बबलू मेंबर, अनस तुर्की,सादिक वारसी, अकील वारसी,फराहीन वारसी, एहतेशाम अशरफी, शफीक वारसी, आसिफ असकरी, अजीम सैफी, बाबू मंस. ूरी, फिरोज अशरफी, कासिम तुर्की, सुलतान, शम्सउद्दीन, रईस वारसी, अनीस वारसी, नफीस वारसी आदि रहे। संचालन सलमान सम्भली ने किया।

# बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में तीन घायल

**एक की अलीगढ़ में उपचार के दौरान मौत**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बबराला।** दो बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गए। घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल में भर्ती कराया। इनमें से एक की मौत हो गई। बुधवार को आगरा-मुरादाबाद पर दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर में तीन लोग हुए घायल हो गए। बाइक सवार देवराज पुत्र नन्हे व उसकी पत्नी कृष्णा निवासी जयरामनगर थाना धनारी, गंगाघाट राजघाट स्नान करने जा रहे थे।तभी दूसरा बाइक सवार राजुल वार्ष्णेय पुत्र अशोक कुमार निवासी मोहल्ला शिवपुरी बबराला एचपी पेट्रोल पंप के पर जा रहा था। तभी विद्युत उपकेंद्र बबराला के नजदीक दोनों बाइक आपस में टकरा गई।

जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लाया गया। जहां डॉक्टर ने घायल देवराज व राजुल को मेडिकल कॉलेज रैफर कर दिया। राजुल वार्ष्णेय की अलीगढ़ में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि राजुल आढ़त का काम करता था। राजुल घर का इकलौता बेटा था।

# परिषद की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाकर करें मजबूत

## राभ्रदप की समीक्षा बैठक में संगठन का किया गया विस्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** राष्ट्रीय भ्रष्टाचार दमन परिषद भारत की समीक्षा बैठक मेंसंगठन के विस्तार के चयन प्रक्रिया को पूरा किया गया।

परिषद के हल्लू सराय स्थित प्रशासनिक कार्यालय पर आयोजित बैठक में परिशद के राष्ट्रीय अध्यक्ष के. के. मिश्र की संस्तुति पर, गोठना गुन्नौर निवासी गौरव यादव को, परिशद का जिलाध्यक्ष, मोहम्मद अली को जिला महासचिव, मोहम्मद बिलाल को जिला उपाध्यक्ष संभल एवं निशा यादव को जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, पूजा यादव को जिला महासचिव महिला प्रकोष्ठ, रामप्रकाश शर्मा को मण्डल उपाध्यक्ष, विपिन कुमार शर्मा को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। इस अवसर पर के. के. मिश्र ने नए पदाधिकारियों को परिशद की रचनात्मक ब जनहित संबंधी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने व परिशद को मजबूत करने का आवाहन किया।


राभद्रप के कार्यालय पर बैठक को सम्बोधित करते के के मिश्र।

साथ ही तीस दिन के अंदर, नई कार्यकारिणी का गठन करने का निर्देश दिया।

बैठक में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष बृजेश यादव, मीडिया प्रभारी होराम सिंह, मोहम्मद अली, सत्यवीर यादव, योगेश मिश्रा, शिवकुमार शर्मा, विपिन कुमार शर्मा, निशा यादव, पूजा यादव, प्रभा मिश्रा ,मोहम्मद बिलाल, नितिन यादव, वीरेंद्र कौशिक, शाहनवाज संभली, राकेश कुमार आदि कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक का संचालन डी.पी. शर्मा जी ने किया।

# सलारपुर कलां में वाल्मीकि समाज मूलभूत सुविधाओं से वंचित

**सम्भल।** केन्द्र व प्रदेश सरकार वाल्मीकि समाज के उत्थान और उनके विकास आदि को लेकर तरह-तरह की योजनाएं संचालित कर रही हैं,लेकिन तहसील क्षेत्र के गांव में वालमीकि समाज को मूलभूत सुविधाओं से वंचित है।

वालमीकि समाज के लोगों ने खंड विकास अधिकारी से सुविधाएं दिलाना सुनिष्चत करने अन्यथा प्रर्दशन कर पलायन करने की चेता. वनी दी है। जनक्रान्ति संस्था के राष्ट्रीय महासचिव अमरजीत सिंह एड. ने खंड विकास अधिकारी सम्भल को ज्ञापन सौंपकर कहा कि सलारपुर कलां में वाल्मीकि समाज के बीस घर हैं,लेकिन आरोप है कि पिछले बीस वर्शो से उन्हे मूलभूत सुविधाएं प्रदान नहीं की जा रही हैं। आरोप है कि गांव में वालमीकि समाज को सड़क, लाईट, पानी नाली आदि से वंचित रखकर उनके साथ भेदभाव किया जा रहा है। ग्रामीण गंदगी व बीमारियों से जूझ रहे हैं। ज्ञापन में आरोप लगाया है कि इसकी शिकायत कई बार वर्तमान व पूर्व प्रधान से करने के साथ उच्चाधिकारियों से कर चुके हैं,लेकिन लेकिन कोई सुनवायी नहीं हुई।

# हिस्ट्रीशीट की फाइल हुई बंद

**सम्भल।** थाना क्षेत्र के प्रचलित मृत हिस्ट्रीशीटरं की फाइलों को पुलिस ने बंद कर दिया है। पुलिस अधीक्षक के के विशनोई व एएसपी राजेश श्रीवास्तव तथा क्षेत्राधिकरी आलोक कुमार भाटी के निर्देशन में हयात नगर थाना पुलिस थाना क्षेत्र के प्रचलित हिस्ट्रीशीट की चौकिंग को अभियान चला रही है। अभियान के दौरान थाना पुलिस को प्रचलित हिस्ट्रीशीटर 20ए तहजीब पुत्र खलील तुर्क निवासी ग्राम हैबतपुर थाना हयातनगर जनपद की लगभग 60 वर्श की आयु में टीबी की बीमारी से मौत होने की जानकारी मिली। पुलिस के अनुसार मृत हिस्ट्रीशीटर पर डकैती के कई अभियोग पंजीकृत हैं। पुलिस अधीक्षक के अनुमोदनोपरान्त उपरोक्त हिस्ट्रीशीटर का नियमानुसार एचएस खाका नष्ट कर दिया गय।

# नि:शुल्क कैरियर काउंसलिंग को लगा शिविर

**बबराला।** बीएमबीएल जैन सेवा न्यास के तत्वावधान में नगर पंचायत बबराला में आयोजित नि:शुल्क करियर काउंसलिंग शिविर में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मंगलवार शाम छह बजे शिविर में सोनीपत न्यास के करियर काउंसलर राजीव गुप्ता द्वारा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया गया। न्यास के संयोजक सम्भव जैन व राजीव गुप्ता को नगर पंचायत द्वारा सम्मानित किया गया। शिविर में समस्त प्रतिभागियों को मां सरस्वती का चित्र भेंट कर शुभकामनाएं दी गईं। चेयरमैन ने कहा कि हम बीएमबीएल जैन सेवा न्यास का आभार व्यक्त करते हैं एवं सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। जिन्हें नि:शुल्क मार्ग दर्शन भविष्य के लिए प्राप्त हुआ। इस दौरान छात्र व अभिभावक भी मौजूद रहे।

# रजपुरा ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक को वेतन नहीं किया जा रहा विर्गत

## बाबुओं से लेकर अधिकारी तक शासनादेश को दिखाने में लगे हैं ठेंगा, करीब दो साल से फाइलों में कैद है बीईओ की संस्तुति आख्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** बेसिक शिक्षा विभाग में शासनादेशों व नियमावलियों तथा न्यायालय के द्वारा अवधारित किए गए सिद्वांतों के विपरीत कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। इसमें कर्मचारी से लेकर अधिकारी तक शामिल हैं। ऐंसा ही एक मामला रजपुरा ब्लॉक के प्राथमिक विधालय का सामने आया है।

जहॉ वर्श 2023 में आधा दर्जन से अधिक शिक्षक शिक्षिकाओं का एक माह का वेतन रोक दिया गया था। जिसके बाद 29 दिन का वेतन बहाल कर दिया गया। जबकि एक दिन का अवरूद्व वेतन अभी तक बहाल नहीं किया गया है। हालांकि खंड शिक्षाधिकारी रजपुरा ने एक दिन का वेतन बहाल करने की संस्तुति सहित अपनी आख्या बीएसए कार्यालय को उपलब्ध करा दी है। उधर पीड़ित शिक्षक-शिक्षिकाएं बीएसए कार्यालय में जाकर भी न्याय की गुहार लगा चुके हैं। विदित है कि बेसिक शिक्षा अनुभाग 5 द्वारा 23 जुलाई 2012 को निर्गत शासनादेश सं. 2352 के बिंदू संत्र 9 में साफ उल्लेख है कि वेतन या वेतन वृद्वि रो. कना अनुशासनात्मक की कार्यवाही की प्रक्रिया से शासित होता है। जब तक स्थापित अधिनियमों के अधीन औपचारिक आदेश निर्गत न हो तब तक किसी भी कार्मिक के वेतन अथवा वेतन वृद्वि को रोका नहीं जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली 1999 तथा उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिशद व नियमावली 1973 में वेतन अवरूद्व करना किसी प्रकार के दंड के रूप में उल्लिखत नहीं है। वहीं न्यायालय द्वारा भी वेतन अवरूद्व करने को विधिक दंड न मानते हुए विभिन्न रिट याचिकाओं में आदेश पारित किए गए हैं। उधर गत नवम्बर 2022 को खंड शिक्षाधिक. ारी रजपुरा द्वारा विभागीय कार्यवाही के नाम पर प्राथमिक विधालय रजपुरा में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत कमलेश के अलावा सहायक अध्यापक विवेक कुमार, रामसिंह, दिपेश कुमार, कैलाश कुमार, आनंद कुमार, अनमोल, नेहा कौसर,रीनावती, शबनम परवीन का एक माह का वेतन अवरूद्व किया गया था। जिस पर शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपना स्पष्टीकरण बीएसए को प्रस्तुत किया था जिसके बाद सभी का 29 दिन का वेतन बहाल करते हुए 17 नवम्बर 2022 का रोकने के आदेश निर्गत किए गए। इसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी रजपुरा ने 25 जुलाई 2023 को सभी शिक्षक-शिक्षकाओं का रोका गया एक दिन का वेतन बहाल करने की संस्तुति सहित अपनी आख्या बीएसए के समक्ष प्रस्तुत की थी। जो करीब दो साल से खंड शिक्षा अधिकारी की रिपोर्ट बीएसए कार्यालय की फाईलों में कैद है। जिसके लिए शिक्षक-शिक्षिकाएं अपने आकिारियों से एक दिन का अवरूद्व वेतन का भुगतान करने के लिए प्रयासरत हैं। लेकिन कोई सुनवायी नहीं की जा रही है। हालांकि बीएसए कार्यालय में तैनात रहे एक कार्मिक को डीएम की सख्ती के चलते निलम्बित कर दिया गया था। लेकिन बाबुओं की कार्यशैली में कोई भी सुधार होता नहीं दिख रहा है। उधर शिक्षक नेता अपने निजी स्वार्थो के चलते शिक्षक-शिक्षिकाओं के हित की लड़ाई लड़ने से कतरा रहे हैं। जिसके चलते जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बाबुओं की पौंबारह हो रही है। इस सम्बंध में जब जिला बेसिक शिक्षाधिकारी अलका शर्मा से उनका पक्ष जानना चाहा तो उन्होने फोन रिसीव नहीं किया।

**सूचना**

मेरा प्लाट का विक्रय पत्र जिसकी रजिस्ट्री वही नम्बर एक जिल्द 3433 पृष्ठ 333 से 348 क्रमांक 3483 दिनांक 12 जून 2023 है जो वास्तव में कहीं गुम हो गया है। जिसकी सूचना कोतवाली सम्भल में दे दी गई है।

**खलीकुर रहमान पुत्र हबीबुर रहमान,** निवासी मौहल्ला कोट गर्बी सम्भल, जिला सम्भल।

# गन्ने के साथ रागी की सहफसली खेती किसानों के लिए फायदे का सौदा

## अल्मोड़ा और बिलारी के कृषि वैज्ञानिकों के अलावा कृषि अधिकारियों ने भी देखी रागी की खेती, किसानों से इसे अपनाने को किया प्रेरित, सरकार दे रही है बढ़ावा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद एवं विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान अल्मोड़ा की ओर से बड़गोती प्राकृतिक फॉर्म ग्राम सरकड़ा बिलारी में जायद में गन्ने के साथ रागी की सहफसली खेती के अंतर्गत रागी प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन अखिल भारतीय समन्वित लघु कदन्न शोध परियोजना कार्यदायी संस्था फोस्टर सर्टिफिकेशन प्राइवेट लिमिटेड इंदौर की ओर से किया गया। इसके अंतर्गत बड़ी संख्या में किसान रागी की खेती देखने पहुंचे और वैज्ञानिकों से इसके बारे में जानक. ारी ली। पर्वतीय क्षेत्र में रागी की खेती खरीफ के सीजन में होती है परंतु यहां आरेंद्र बड़गोती ने इसको गन्ने की फसल के साथ जायद में सफलतापूर्वक किया है। अल्मोड़ा से वैज्ञानिक डॉक्टर दिनेश जोशी, डॉक्टर महेंद्र भिंडा और वहां के हेड डॉक्टर निर्मल कुमार हडऊ पहुंचे जो फसल सुधार विभाग के अध्यक्ष हैं। उन्होंने आरेंद्र बड़गोती को जायद में गन्ने की सह फसली खेती के रूप में रागी की फसल उगाने पर सराहना की उन्होंने कहा कि पश्चिमी यूपी गन्ने की बेल्ट है यहां गन्ना ट्रेंच विधि से बोया जाता है गूल के बीच में 4 फीट की भूमि खाली रहती है उसी में रागी की तीन पंक्तियाँ बो ली जाती हैं एक बीघा में 1 से 2 कुंतल तक इसकी पैदावार है और इसका इसकी कीमत सरकार समर्थन मूल्य पर 4800 रुपए प्रति




क्विंटल खरीद लेती है इसकी थ्रेशिंग के लिए अनुदान पर मशीन भी सरकार उपलब्ध कराती है अल्मोड़ा के वैज्ञानिकों ने स्थानीय किसानों को रागी फसल को गन्ने की सहफसली खेती के रूप में होने के लिए प्रेरित किया बताया इसमें अलग से कोई लागत नहीं लगेगी गन्ने के साथ यह विकसित हो जाती है। उन्होंने बताया भारत सरकार मोटे अनाज को बढ़ावा दे रही है ताकि देशवासी स्वस्थ हों इधर हमारी भूमि का भी स्वास्थ्य ठीक रहे बताया कि संस्थान कई दशक से मोटे अनाज पर शोध कर रहा है रागी का बीच सरकार द्वारा मुफ्त में दिया जा रहा है यहां बीएल मंडुवा 400 नामक प्रजाति को बीमारी से मुक्त बनाया गया है। किसानों में उत्सुकता पूर्वक फसल को देखा और सवाल जवाब भी किए। किसानों में हरोरा के किशन सिंह, मुनेश शर्मा, हाथीपुर के मनोज कुमार, सरकड़ा के सचिन कुमार, बसेरा खास के चंद्रपाल, लाईठेर के लाखन सिंह, हम्जापुर के अमरपाल प्रेमपाल रामजीवन सोरन सिंह ओम प्रकाश आदि शामिल रहे।

कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉक्टर हसन तनवीर डॉ ललित कुमार पूर्व प्रभारी डॉक्टर बलराज सिंह जो अब टीएमयू में सेवारत हैं इनके साथ टीएमयू के डॉक्टर सुनील सिंह डॉक्टर अमित मौर्य ने भी रागी की फसल को देखा और इसे नवाचार बताते हुए किसानों से अपनाने को कहा। कृषि उपनिदेशक संतोष द्विवेदी के साथ एडीओ कृषि मोहित कुमार वासुदेव सिंह भंवर सिंह मनोज कुमार परंपरागत कृषि विकास योजना के विपिन चौहान ने फैमिली फार्मर मुरादाबाद एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड सरकड़ा में किसानों के तीसरे वार्षिक भ्रमण एवं एक्स्पोजर में भागीदारी की।

# वर-वधू की बायोमेट्रिक हाजिरी के साथ ही होगा सामूहिक विवाह आयोजित

**कांठ।** समुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटियों के विवाह के लिए सामूहिक विवाह योजना की निगरानी सख्त करने के निर्देश दिए हैं। कन्या के आधार सत्यापन में लापरवाही पर अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। इसके साथ ही विवाह स्थल पर वर-वधू दोनों की बायोमीट्रिक उपस्थिति अनिवार्य होगी, ताकि फर्जीवाड़ा रोका जा सके। विवाह में दी जाने वाली उपहार सामग्री, जलपान और भोजन आदि के मानक तैयार कर उनका कड़ाई से पालन करवाया जाएगा। एक ही स्थान पर 100 या उससे अधिक शादियों की जोड़ों की स्थिति में संबंधित जिलाधिकारी स्वयं मौजूद रहेंगे। कल्याण राज्य मंत्री के मुताबिक पात्र परिवार सरकार का लाभ ले सकें। इसके लिए कई स्तर पर बदलाव किए जा रहे हैं। योजना में लाभार्थियों

को दिए जाने वाले उपहारों की गुणवत्ता और आपूर्ति में पारदर्शिता के लिए अब फर्मों के चयन की प्रक्रिया निदेशालय स्तर से की जाएगी, ताकि जिला स्तर पर किसी तरह की अनियमितता न हो। समारोह में मंडलीय उपनिदेशकों और जिला समाज कल्याण अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। एक जिले के अधिकारी दूसरे जिले में आब्जर्वर के रूप में नामित कर भेजे जाएंगे। समारोह में किसी भी अनियमितता की स्थिति में ये अधिकारी सीधे निदेशालय या मंडलीय उपनिदेशक को रिपोर्ट करेंगे। इस वर्ष लगभग एक लाख जोड़ों का विवाह करवाए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

## एक नजर

### वोटो कंसल्टिंग एलएलसी में टिमिट की छात्रा का चयन



निहारिका रुहेला

**मुरादाबाद।** टिमिट कॉलेज की छात्रानिहारिका रुहेला ने प्रतिष्ठित कंपनी वोटो कंसल्टिंग एलएलसी में नौकरी पाने में सफलता हासिल की है।यह चयन उनके कठिन परिश्रम, कौशल और टिमिट कॉलेज की उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रणाली का प्रमाण है।वोटो कंसल्टिंग एलएलसीएक राष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत आईटी और बिजनेस कंसल्टिंग कंपनी है, जो वैश्विक क्लाइंट्स को आईटी स्टाफिंग और एंटरप्राइज सॉल्यूशंस प्रदान करती है। इस कंपनी में चयन होना छात्रा की प्रतिभा और पेशेवर दक्षता का प्रमाण है।निहारिका रुहेला इस कंपनी में अपनी भूमिका निभाते हुए अपने करियर को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगी। टिमिट के डीन प्रो. विपिन जैन ने निहारिका रुहेलाको उनकी इस सफलता पर बधाई देते हुए कहा, "यह चयन न केवल निहारिका की कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम है, बल्कि टिमिट कॉलेज की गुणवत्ता और मार्गदर्शन का भी प्रमाण है। उनकी यह उपलब्धि कॉलेज के लिए गर्व का क्षण है और अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।" कॉरपोरेट रिसोर्स सेंटर के असिस्टेंट डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर और जॉइंट डायरेक्टर श्री सिद्धार्थ सिंह ने भी निहारिका रुहेलाको उनकी सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, "निहारिका ने अपने कौशल और आत्मविश्वास के बल पर इस प्रतिष्ठित कंपनी में स्थान पाया है। उनका यह चयन टिमिट की प्लेसमेंट प्रक्रिया और विद्यार्थियों की प्रतिभा को दर्शाता है।" निहारिका रुहेलाकी यह उपलब्धि कॉलेज के अन्य छात्रों को उनके सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करेगी। निहारिका रुहेलाने अपनी सफलता का श्रेय टिमिट कॉलेज, अपने शिक्षकों और परिवार को दिया। उन्होंने कहा, "कॉलेज ने मुझे व्यावसायिक दुनिया के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मैं इस मौके के लिए आभारी हूं और अपनी जिम्मेदारियों को पूरी मेहनत और निष्ठा के साथ निभाने के लिए तत्पर हूं।"

### अमेजन इंडिया ने प्राइम डे 2025 की घोषणा की, 12 से 14 जुलाई तक तीन दिन, शानदार डील्स और बड़ी बचत

**मुरादाबाद।** अमेजन इंडिया ने आज घोषणा की कि प्राइम डे 2025 भारत में पहली बार तीन दिन तक मनाया जाएगा। यह खास सेल 12 जुलाई की रात 12:00 बजे शुरू होकर 14 जुलाई की रात 11:59 बजे तक चलेगी। इन 72 घंटों में प्राइम मेंबर्स के लिए जबरदस्त डील्स, शानदार बचत, नई लॉन्चिंग्स और एक्सक्लूसिव एंटरटेनमेंट का मजा मिलेगा, और यह सब कुछ खासतौर पर प्राइम ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है। इस बार भारत में पहली बार प्राइम मेंबर्स को 24 घंटे अतिरिक्त शॉपिंग का मौका मिलेगा, जिससे वे बड़े ब्रांड्स और छोटे व्यवसायों से समान रूप से खरीदारी कर सकेंगे। साथ ही, प्रमुख बैंकिंग पार्टनर्स की ओर से मिलने वाले खास ऑफर्स का भी लाभ उठा सकेंगे। ग्राहक आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट और डेबिट कार्ड्स, एसबीआई क्रेडिट कार्ड्स और आईसीआईसीआई व एसबीआई क्रेडिट कार्ड्स पर ईएमआई के जरिए भुगतान करके 10% तक की अतिरिक्त बचत कर सकते हैं। इस प्राइम डे पर प्राइम मेंबर्स को 400 से भी ज्यादा टॉप भारतीय और अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स के हजारों नए प्रोडक्ट्स की लॉन्चिंग पर एक्सक्लूसिव अर्ली एक्सेस मिलेगा। इसके अलावा, छोटे और मध्यम व्यवसायों (एसएमबी) के उत्पाद भी खास ऑफर्स के साथ उपलब्ध होंगे। तीन दिन चलने वाला यह वार्षिक उत्सव प्राइम सदस्यों के लिए शानदार डील्स, धमाकेदार एंटरटेनमेंट, जबरदस्त बचत और ढेर सारी खास पेशकशें लेकर आ रहा है। स्मार्टफोन्स, टीवी, अप्लायंसेज, फैशन और ब्यूटी, ग्रॉसरी और डेली एसेंशियल्स, अमेजन डिवाइसेज, होम व किचन प्रोडक्ट्स, फर्नीचर और बहुत कुछ, हर कैटेगरी में मिलेगा बेहतरीन शॉपिंग का अनुभव और बड़ी बचत।

### बुआ के घर से लौट रहे युवक से रास्ते में मारपीट, मामला दर्ज

**कांठ।** बुआ के घर से वापस आ रहे युवक से रास्ते में चार लोगों ने जमकर मारपीट की पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के गांव खलीलपुर कददीम निवासी रजत बिश्नोई अपनी बुआ के घर पेली गांव गया था जहां से वह वापस लौट रहा था आरोप है कि नवादा और पेली विश्नोई गांव के बीच चार युवकों ने उसके साथ मारपीट की जिसमें उसकी सोने की चौन भी कहीं गिर गई। युवक मारपीट करके फरार हो गए पीडित थाने पहुंचा और एक नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

### तहसील बार कार्यकारिणी के पदाधिकारी व सदस्यों की शपथ आज

**कांठ।** तहसील बार कार्यकारिणी कांठ के लिए चुने गए पदाधिकारी व सदस्यों को आज भव्य समारोह के दौरान शपथ दिलाई जाएगी। उक्त जानकारी चुनाव समिति के अध्यक्ष महावीर सिंह एडवोकेट ने दी उन्होंने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह में विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के पदाधिकारी एवं न्याय अधिकारी ग्रामीण न्यायालय उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम दोपहर 12:30 बजे शुरू होगा जिसमें कर्तव्य और निष्ठा की सभी पदाधिकारी और सदस्य शपथ लेंगे शपथ ग्रहण समारोह के लिए चुनाव समिति ने विशेष इंतजाम किए हैं।

# भाईचारे का अनमोल तोहफा, बड़े भाई ने दी छोटे भाई को किडनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भाईचारे और चिकित्सा सफलता की मिसाल पेश करते हुए 46 वर्षीय बड़े भाई ने अपने 41 वर्षीय बीमार छोटे भाई जसराम को अपनी किडनी दान कर नई जिंदगी दी। जसराम एंड-स्टेज किडनी डिजीज से जूझ रहे थे। यह जीवनदायिनी ट्रांसप्लांट मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, वैशाली के नेफ्रोलॉजी एवं किडनी ट्रांसप्लांट विभाग की एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. मनीषा दस्सी और उनकी मल्टीडिसिप्लिनरी टीम द्वारा सफलता पूर्वक किया गया।



41 वर्षीय जसराम को सबसे पहले 2023 की शुरुआत में मैक्स क्लिनिक, मुरादाबाद में क्रॉनिक किडनी डिजीज (सीकेडी) का पता चला था। फरवरी 2024 में उनकी हालत बिगड़ने लगी और उन्हें कमजोरी, थकान, तेज वजन गिरना और हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत के साथ मैक्स हॉस्पिटल वैशाली लाया गया। मुरादाबाद के एक निवासी, जिनका पहले डॉ. मनीषा दस्सी की देखरेख में सफल किडनी ट्रांसप्लांट हो चुका था, की सलाह पर जसराम को डॉ. दस्सी के पास रेफर किया गया।शुरुआत में दवाओं से इलाज किया गया, लेकिन उनकी किडनी की कार्यक्षमता लगातार गिरती रही और अंततः उन्हें डायलिसिस की जरूरत पड़ी। परिवार में कई संभावित डोनर की जांच की गई। मां स्वयं डोनर बनना चाहती थीं, लेकिन उनकी प्रारंभिक अवस्था की किडनी डिजीज सामने आई। पत्नी डायबिटीज के कारण डोनर नहीं बन सकीं। एक साल से ज्यादा समय तक कई अन्य रिश्तेदारों की भी जांच हुई, पर कोई उपयुक्त डोनर नहीं मिला।इस दौरान जसराम अपनी नौकरी गंवा बैठे और डायलिसिस पर निर्भर हो गए, जिससे परिवार पर मानसिक, भावनात्मक और आर्थिक बोझ बढ़ता गया। भाई की हालत देख और अन्य डोनर परिवारों से प्रेरणा पाकर बड़े भाई ने साहसिक फैसला लिया और किडनी दान करने आगे आए।इस मामले पर मैक्स हॉस्पिटल वैशाली लाया गया।

मुरादाबाद के एक निवासी, जिनका पहले डॉ. मनीषा दस्सी ने कहा, "मल्टीपल क्रॉनिक बीमारियों जैसे कुपोषण, हार्ट डिस्फंक्शन, लिवर से जुड़ी समस्याओं और दौरे के इतिहास वाले मरीज में ट्रांसप्लांट करना बेहद चुनौतीपूर्ण होता है। इसके लिए मल्टीडिसिप्लिनरी अप्रोच, लगातार डायलिसिस ऑप्टिमाइजेशन और सावधानीपूर्वक प्री और पोस्ट ऑपरेटिव मॉनिटरिंग की जरूरत होती है। रिसिपिएंट का ऑपरेशन ओपन सर्जरी से हुआ जबकि डोनर का लेप्रोस्कोपिक सर्जरी से, जिसमें छोटे चीरे लगे और सिले खुद घुलने वाले थे। डोनर को पांचवे दिन और रिसिपिएंट को सातवें दिन अस्पताल से छुट्टी मिल गई। एक हफ्ते बाद रिसिपिएंट का डीजे स्टेंट भी डे-केयर बेसिस पर हटाया गया। आज दोनों स्वस्थ हैं और अपनी सामान्य जिंदगी जी रहे हैं।"यह मामला न सिर्फ ऑर्गन फेलियर से जूझ रहे मरीजों और उनके परिवारों की भावनात्मक और शारीरिक मजबूती को दर्शाता है, बल्कि जीवित डोनर ट्रांसप्लांटेशन की जीवनदायिनी शक्ति का भी उदाहरण है।

# टीएमयू का एसआईआईएटीसीएच के संग एमओयू साइन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के सेंटर फॉर टीचिंग, लर्निंग एंड डवलपमेंट- सीटीएलडी और एसएमएयू इंटरनेशनल इंडस्ट्री एंड ट्रेड चौम्बर्स-एसआईआईएटीसीएच, हरिद्वार के बीच एमओयू साइन हुआ है। एमओयू के तहत स्टुडेंट्स और फैकल्टीज के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहायता के संग-संग संयुक्त रूप से सेमिनार, वेबिनार, वर्कशॉप और फैकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम्स होंगे। साथ ही इंटर्नशिप और फील्ड प्रोजेक्ट्स का संचालन, रिसर्च स्कॉलर्स को इंडस्ट्री आधारित गाइडेंस, डेटा एनालिटिक्स, रिस्क असेसमेंट, एक्चुअरी आदि क्षेत्रों में प्लेसमेंट के द्वार खुलेंगे। टीएमयू की ओर से कुलपति प्रो. वीके जैन, जबकि एसआईआईएटीसीएच की ओर से चेयरमैन सीए डॉ. हरिंद्र के. गर्ग ने हस्ताक्षर किए। एमओयू साइन करने के मौके पर डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, सीटीएलडी के निद. ेशक प्रो. पंकज कुमार सिंह, एसोसिएट डीन डॉ. अमित कंसल, सीटीएलडी के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. दिलीप दत्त वार्ष्णेय, ज्वाइंट रजिस्ट्रार डॉ. वैभव रस्तोगी, एसएमएयू के वाइस चेयरमैन डॉ. मोहिंदर आहूजा और एसएमएयू की ऑफिस डायरेक्टर सुश्री अंशिका राणा आदि मौजूद रहे। इस एमओयू से टीएमयू के छात्रों को अब एसएमएयू के सहयोग से राष्ट्रीय और वैश्विक औद्योगिक मानकों के अनुरूप कौशल विकसित करने का अवसर मिलेगा। यह समझौता टीएमयू के औद्योगिक सहभागिता की दिशा में उठाया गया एक और सशक्त कदम है, जो विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक नहीं, बल्कि व्यावसायिक रूप से भी दक्ष बनाएगा। छात्रों को औद्योगिक प्रशिक्षण और रिसर्च के नए अवसर मिलेंगे।

# अस्थाई गोशाला का खंड विकास अधिकारी ने निरीक्षण कर दिए निर्देश



**बिलारी।** क्षेत्र के गांव भूड़मरेशी की अस्थाई गौशाला का एडीओ पंचायत के साथ खंड विकास अधिकारी नरेश कुमार सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गौशाला में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। खंड विकास अधिकारी नरेश कुमार सिंह ने भूड़मरेसी गांव में गौशाला का एडीओ पंचायत के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान निरीक्षण में हरा चारा ,भूसा पानी की व्यवस्था दुरुस्त पाई गई। साफ सफाई ठीक ना पाए जाने पर गौशाला में कार्य कर रहे लोगों को निर्देशित किया। पशु मित्र और सचिव को निर्देशित कर कहा कि तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराए।

### पवन गुप्ता की प्लाटिंग पर पहुंचे उपजिलाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उपलिजाधिकरी विनय मिश्रा लगातार सरकारी जमीनों के अभिलेख देखकर उन पर कब्जा की स्थिति की जांच कर रहे हैं। यदि सरकारी जमीन पर अतिक्रमण व अवैध कब्जा पाया गया तो उसे नियत समय में हटाने के आदेश देते हैं। इसके बाद भी कब्जा नहीं हटाया तो बुल्डोजर की सहायता से कब्जा हटाया जाता है।

बुधवार को उपजिलाधिकारी विनय मिश्रा रामबाग रोड स्थित पवन कुमार गुप्ता की प्लाटिंग पर पहुंचे और लेखपाल दानवीर को बुलाकर नक्शा देखा गया। हालांकि पवन कुमार का कहना था कि यदि उनकी प्लाटिंग में नाला निकलता है तो वह सहर्ष भूमि हटाने को तैयार हैं। प्लाटिंग करते समय मानकों का पालन किया गया है। चन्दौसी में विभीषणों की कमी नहीं है। अच्छे कपडेघ् पहने स्वयं को समाजसेवी व सामाजिक कार्यकर्ता बनकर पूरा विवरण देने को तैयार घूमते हैं फिर चाहें जानकारी सच हो या न हो।

# अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया

## एसडीएम विनय मिश्रा ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहजोई।** बुधवार के दिन नगर के हाईवे किनारे बने नालों के ऊपर से हटाया गया अतिक्रमण,एसडीएम विनय मिश्रा कहा कि आगे भी चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान और वही नगर के छोटा फील्ड की जमीन पर दो पक्षों के विवाद में निरीक्षण करने पहुंचे एसडीम विनय मिश्रा निरीक्षण के बाद दोनों पक्षों से अभिलेख दिखाने को कहा। एक पक्ष से द एजुकेशन डेवलपमेंट ट्रस्ट द्वारा महाविद्यालय की जमीन बताई जा रही है और वही दूसरी ओर अल्वी मोहल्ला द्वारा उनकी पुश्तैनी जमीन बताई जा रही है और वही दादा निहाल शाह की दरगाह है जिसका इस जमीन पर 30 साल से उर्स और मेला होता आ रहा है वह उस पर अपना मलिकाना हक बता रहे है अल्वी मोहल्ला निवासी मोहम्मद अकलीम ने बताया कि वह उसकी दादा इलाही पुश्तैनी



जमीन है इसके सारे उन पर कागज हैं कुछ लोग उस पर जबरदस्ती अपना हक बता रहे हैं वहीं द एजुकेशन डेवलपमेंट ट्रस्ट द्वारा कहा गया है कि यह जमीन पूर्व में ठाकुर लाल सिंह द्वारा यह जमीन बहजोई महाविद्यालय के लिए दान की गई थी जिसे हम पर बैनामा है

एसडीम विनय मिश्रा ने कहा की नगर में हाईवे किनारे बने नालों पर दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखा है बरसात को देखते हुए बंद नालों को खुलवाकर सफाई के दिए आदेश दिए हैं और उन्होंने बताया की अभियान लगातार नगर पालिका द्वारा किया जाएगा और एक विवाद नगर के छोटा फील्ड स्थित जमीन पर दो पक्षों में था मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया दोनों पक्षों से अभिलेख दिखाने के लिए समय दिया गया उसके बाद आगे कार्रवाई की जाएगी

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र सरफराज व पुत्रवधू श्रीमती सोनी उर्फ गज़ायला को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। भूरे हुसैन पुत्र अब्दुल हमीद निवासी भोला सिंह की मिलक सोनकपुर देहात, तहसील व जिला मुरादाबाद।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र जुल्फिकार अली उर्फ मोनिश व पुत्रवधू श्रीमती फरहा नाज़ को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **श्रीमती नगमा बेवा रूकसार अली निवासनी नई बस्ती निकट कुबड़ा नीम, तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत मुंडिया राजा**
**विकास खण्ड बिलारी, जिला मुरादाबाद।**

पत्रांक: मीमो/टेण्डर निविदा का विज्ञापन/2025-26 दिनांक: 25.06.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-बिलारी की ग्राम पंचायत मुंड़िया राजा में पंचम राज्य वित्त आयोग/ पन्द्रहवां वित्त आयोग योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 03.07.2025 को समय 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन दिनांक 03.07.2025 की दोपहर 3.00 बजे खोली जायेगी। अवकाश की स्थिति में अगले कार्य दिवस में निविदा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | सामग्री का नाम | सामग्री की अनुमानित लागत लाख | जमानत की 2% राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत मुंड़िया राजा में आर.आर.सी. सेन्टर के प्रांगण में सीसी टाईल्स एवं अन्य कार्य। | 334356 | 6687 | 100/- | 3 माह |
| 2. | आर.आर.सी.केन्द्र में बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य। | 364018 | 7280 | 100/- | 3 माह |
| 3. | बादाम के घर से कल्लन के खेत तक सीसी टाईल्स सड़क निर्माण कार्य | 359626 | 7192 | 100/- | 3 माह |

**मुख्य शर्तें:-**
1. आयकर व्यापार कर नियामानुसार देय होगा।
2. कार्य अनुबन्ध एवं अनुमानित स्वीकृत उपरान्त किया जायेगा।
3. इस निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने या सामग्री की आपूर्ति को बढाने या घटाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास होगा।
4. अनुभव प्रमाण पत्र आदि निविदा के साथ जमा करनी होगें।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत: मुंड़िया राजा**
**विकास खण्ड बिलारी, मुरादाबाद**

### पति ने प्रेमिका के साथ मिल कर की पत्नी की हत्या

**चन्दौसी।** पति ने अपनी पत्नी को रास्ते से हटाने के लिए प्रेमिका के साथ मिलकर पत्नी की हत्या कर दी और दोनों फरार हो गये। पिता द्वारा थाने में तहरीर देकर बेटी के हत्यारों पर कार्यवाही की मांग की गई है। बता दें कि थाना फैजगंज जिला बदायूं नि. रेनू पुत्री जगदीश की शादी दो वर्ष पूर्व थाना बनियाठेर के गांव मंगलपुर नि. मोनू पुत्र प्रेमपाल से हुई थी। पिता द्वारा सामर्थ्य के अनुसार बेटी को दान दहेज दिया गया परंतु पति उतने दहेज में संतुष्ट नहीं हुआ और अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगा। कुछ समय बाद विवाहिता को दहेज के लिए प्रताडिष्त करने लगा। इस संबंध में विवाहिता ने अपने पिता को बताया कि उसका पति दहेज के लिए उसे प्रताडिष्त करता है और गांव की एक विवाहित महिला आरती के साथ उसके अवैध संबंध है और दोनों मिलकर उसे जाने की मारने की साजिश कर रहे हैं। पिता ने दामाद मोनू को समझाया परंतु वह नहीं माना। 20 जून 2025 को पिता को सूचना मिलती है कि उसकी बेटी रेनू की मौत हो गई है तथा दामाद फरार है। पिता ने ससुराल पहुंचकर देखा तो बेटी मृत अवस्था में मिली और दामाद फरार था। पिता द्वारा थाना बनियाठेर में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की गई है।

# पोस्टमार्टम के बाद मृतका के शव को गमगीन माहौल में किया सुपुर्दे खाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** महिला का पोस्टमार्टम होने के बाद शब को सुपुर्दे खाक कर दिया गया।

परिजनों ने मौत को लेकर कई सवाल खड़े किए हैं। नगर के मोहल्ला पृथ्वीगंज निवासी शबनम (40) पत्नी मौसम की मंगलवार की रात को मौत हो गई थी जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए और फोरेंसिक टीम बुलाकर सबूत इकट्ठा किए। पुलिस ने मृतका का शब कब्जे में लेकर



पोस्टमार्टम को भिजवाया पोस्टमार्टम के उपरांत दोपहर बाद शब घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। मृतका के तीनों बच्चों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। गमगीन माहौल में शब को सुपुर्दे खाक कर दिया गया।

लेकिन इस मौत को लेकर मृतका के परिजनों ने कई सवाल भी खड़े किए बताया गया कि मृतका के परिजनों ने पुलिस से जांच की मांग की फिलहाल अभी महिला की मौत कैसे हुई इसका खुलासा पूरी तरह से नहीं हो पाया है।

# आपातकाल के 50 वर्ष होने पर भाजपा ने मनाया काला दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा बुधवार को काला दिवस के रुप में मनाया।

कार्यक्रम प्रस्तावना रखते हुये जिलाध्यक्ष चौधरी हरेन्द्र सिंह ने बताया कि इंदिरा गांधी ने मीशा जैसे काले कानून के जरिए एक लाख से अधिक नागरिकों को बिना किसी मुकदमे के जैलों में ठूस दिया जिनमें तत्कालीन वरिष्ठ विपक्षी नेता जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, राजनाथ सिंह जैसो को नहीं छोड़ा। कार्यक्रम में प्रदर्शनी का उद्घाटन, प्रेस वार्ता, वृक्षरोपण व 05 लोकतंत्र सैनानी एवं उनके परिवार को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा 1975 से 77 तक लगाया गया आपातकाल भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे काला अध्याय है। उस दौर में इंदिरा गांधी सरकार ने संविधान की मूल भावनाओं को दरकिनार कर लोकतंत्र के आत्मा, संवैधानिक संस्थाओं, प्रेस की स्वतंत्रता, न्यायपालिका की निष्पक्षता और नागरिक अधिकारों पर आघात किया। आपातकाल के दौरान किया गया 42वां संविधान संशोधन संविधान की मूल आत्मा को बदलने का एक प्रयास था। इसके मूल में एकदलीय प्रणाली स्थापित करने की मंसा थी।






यह एक तरह से संविधान को ही बदलने का प्रयास था, इस संशोधन के माध्यम से न्यायपालिका की स्वतंत्रता को कम किया गया। नागरिक अधिकारों को सीमित किया और इंदिरा गांधी ने अपनी सरकार को असाधारण शक्तियां दे दीं। मुख्य वक्ता भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एमएलसी सत्यपाल सैनी ने कहा कि आपातकाल के समय इंदिरा गांधी ने विरोधी दलों पर प्रतिबंध लगाए और सैकड़ो नेताओं को जेल में डाला। इसके तहत इंदिरा गांधी कांग्रेस को एकमात्र राजनीतिक शक्ति बनाना चाहती थीं। विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने कहा आपातकाल के दौरान प्रेस की स्वतंत्रता पर अभूतपूर्व हमला हुआ। व्यापक सेंसरशिप लगाई गई, सरकार विरोधी सामग्री प्रकाशित करने पर प्रतिबंध लगाया गया। कई समाचार पत्रों के मालिकों, संपादकों को दंडित किया गया क्योंकि उन्होंने आपातक. ाल की आलोचना की थी। कार्यक्रम के संयोजक जिला महामंत्री कमल कुमार कमल रहे। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्षा डॉ अनामिका यादव, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी, पूर्व मंत्री अजित कुमार राजू, नगरपालिका अध्यक्षा लता वार्ष्णेय, नरेंद्र सिंह, प्रभात शर्मा, जयप्रकाश, योगेन्द्र त्यागी, विपिन ठाकुर, सतीश अरोरा, सुधीर मेहरोत्रा, ओमवीर खडगवंशी, पंकज गुप्ता, जयप्रकाश गुप्ता, मुकुल रस्तोगी, डॉ टी.एस. पाल, चंद्रसेन छोटू, योगेंद्र त्यागी, राजेश शंकर राजू, लता वार्ष्णेय, अंकित जैन, अभिनव शर्मा, मंजू दिलेर, शुभम अग्रवाल, संजय शंखधार, यश मदान, पुष्पलता पाल, चंद्रपाल सिंह, डॉ वीरेश, तरुण नीरज, ललित मोहन शर्मा, रिंकू दिवाकर, रामनरेश यादव, सुमित डीआर, राजश्री अग्रवाल, माधवेन्द्र, अमन कोरी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने की एवं संचालन कार्यक्रम के सह संयोजक जिला उपाध्यक्ष एड मनोज कठैरिया ने किया।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने अभियान चलाकर दूध और केक का भरा सैंपल

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**ठाकुरद्वारा।** नगर में बड़े पर पैमाने पर दूध अन्य खाद्य पदार्थो में हो रही मिलावट खोरी को रोकने और शिंकजा कसने के लिए लगातार मिल रही शिकायत पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने नगर में देर सायं छापेमारी की। जिसमें एक दूध और केक का सैंपल ले लिया गया और दूध विक्रेता दूध को पलट कर फरार हो गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा छापेमारी की सूचना पर दूध व अन्य पदार्थो में मिलावट खोरी करने वालो में हड़कंप मच गया। बतादें कि नगर में काफी समय से मिलावटी दूध का कारोबार बड़े पैमाने पर चल रहा है। सिंथेटिव दूध नगर की गली मोहल्लों में खुलेआम बेचा जा रहा है। लोग सिंथेटिव दूध पीकर विभिन्न बिमारियों के शिकार हो रहे है। बुधवार की देर सायं खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओंमपाल सिंह ने अपनी टीम के साथ नगर में छापेमारी की। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि लगातार दूध व अन्य पदार्थो में मिलावट खोरी की शिकायतें मिल रही थी।

शिकायतों को देखते हुए बुधवार को मिलावट खोरो के खिलाफ अभियान चलाया गया। जिसमें नगर में थाना डिलारी क्षेत्र के गांव कांकरखेड़ा निवासी मोहम्मद नदीम के दूध का सैंपल लिया और नगर में ही सुरजननगर रोड पर रतूपुरा मोड़ के निकट मौ0 उजैर की दुकान से केक का सैंपल भरा गया है। जिसमें एक दूध विक्रेता टीम को देखकर दूध का पलट कर फरार हो गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम द्वारा छापेमारी अभियान की सूचना पर मिलावट खोरों व दुकानदारो में हड़कंप मच गया।

## विधवा की जमीन हड़पने का प्रयास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**चन्दौसी।** विधवा महिला की लगभग 50 लाख रु. कीमत की जमीन पर अवैध कब्जा करने का मामला प्रकाश में आया है। गुमथल की रहने वाली विधवा महिला का आरोप है कि उसके जेठ पुरुषोत्तम द्वारा गांव के दबंगों व भूमाफियाओं के साथ मिलकर जमीन खुर्द बुर्द कर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों को पूरी सच्चाई का पता है पर भय के कारण महिला की मदद नहीं कर पा रहे हैं। पूरे मामले में राजनीतिक व दबंगों का संरक्षण है जिसकी वजह से महिला को पति व सास की मृत्यु के बाद भी जमीन पर कब्जा नहीं मिल पा रहा है। महिला भय के कारण गुमथल छोड़कर बिसौली क्षेत्र में रह रही है। पीडिघ्त महिला कमलेश के अनुसार, उसके पति रामानंद तीन भाई (पुरुषोत्तम, चंद्रपाल व रामानंद) हैं जिसमें चंद्रपाल अविवाहित था। उसके ससुर कोकाराम की मृत्यु के बाद जमीन उत्तराधिकारी के रुप में तीनों भाईयों व सास चमेली के नाम आ गयी परंतु बाद में सास की मृत्यु हो गयी जिससे जमीन के उत्तराधिकारी तीनों भाई होने थे परंतु महिला के पति रामानंद की भी मृत्यु पहले हो चुकी है जो कि विकासखंड बनियाखेड़ा के अभिलेखों में वर्ष 1999 में दर्ज है। पति की मृत्यु के बाद जमीन महिला के नाम आयी परंतु एक वर्ष पूर्व हुई सास की मृत्यु के बाद जेठ पुरुषोत्तम मृत्यु प्रमाणपत्र नहीं बनने दे रहा है और न ही महिला को उसकी जमीन पर कब्जा दे रहा है। विधवा महिला बीमारी के कारण कर्ज हो जाने की स्थिति में अपनी तीन बीघा जमीन



वरुण कुमार को बेच चुकी है जिसकी रकम महिला के खाते में जमा की जा चुकी है लेकिन दंबग पुरुषोत्तम का आरोप है कि वरुण कुमार द्वारा जमीन कूटरचित दस्तावेजों की सहायता से लिखवा दी गई है।

पुरुषोत्तम द्वारा जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया गया है।

### एक नजर

## मानसून समय पर आने से किसानों ने खेतों में शुरू की धान की रोपाई

**ठाकुरद्वारा।** रूक रूक कर हो रही बारिश से खेतों में पानी हो गया है। इससे किसानों ने अपने खेतों धान की रोपाई शुरू कर दी है। बारिश के कारण तापमान में भी गिरावट आयी है।

बतादें कि नियमानुसार 15 जून से मानसून आने पर बरसात शुरू हो जाती है । इस बार निर्धारित समय पर मानसून ने दस्तक दे कर किसानों को बड़ी राहत पहुंचाई है। जहां किसान बिन मानसून के ही लाखो रूपये का डीजल खर्च कर धान की रोपाई निर्धारित समय करना शुरू कर देते थे, ताकि रूक रूक होने वाली बारिश धान की फसल के लिए अमृत के सामान होती थी। किसानों की निगाहें धान की रोपाई कर मानसून पर टीक रहती थी। इस बार पर 15 जून पर मानसून आने पर डीजल खर्च के नाम पर होने वाले किसानों के लाखों की रूपये की बचत हो गई और पशुओं को चारा भी बरसात होने पर सूखने बच गया। बरसात होने पर किसानों ने अपने खेतों में धान की रोपाई शुरू कर दी है। रूक-रूक कर हो रही बारिश से तापमान में गिरावट आयी है।

## सात साल तक शारीरिक शोषण करने और अश्लील फोटो वायरल करने का आरोप लगा, युवती ने किया हंगामा

**ठाकुरद्वारा।** शादी का झांसा देकर युवती का शारीरिक शोषण करने वाले युवक की चौखट पर युवती ने निकाह की जिद को लेकर हंगामा किया। इसके युवती ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर शारीरिक संबंध बनाकर अश्लील फोटो वायरल करने का आरोप लगाते हुए युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उत्तराखंड के थाना रामनगर निवासी युवती ने बताया कि उसकी खाला कोतवाली ठाकुरद्वारा क्षेत्र के गांव जाफरबाद में रहती है। उसका खलेरा भाई शादी का झांसा देकर सात से शारीरिक शोषण कर रहा है। शारीरिक संबंध बनाते हुए खींची गई फोटो सोशाल मीडिया पर वायरल कर दी। अब शादी करने से भी साफ इंकार रहा है। बीती रात युवती ने अपने प्रेमी युवक खलेरे भाई गांव पहुंचकर उसकी चौखट पर निकाह होकर लेकर हंगामा किया। आरोप है कि प्रेमी के परिजनों ने युवती के साथ मारपीट करते हुए शादी करने से साफ इंकार कर दिया। इस पर युवती ने कोतवाली पहुंची पुलिस को तहरीर देकर सात से दुष्कम करने ,अश्लील फोटो वायरल करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की।

## चोरों ने नकब लगाकर माल किया साफ, अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज



**भोजपुर।** मुरादाबाद रामनगर रोड पर स्थित गांव गौधी में अज्ञात चोर किसान के घर पीछे से कूमल लगाकर सामान समेट कर ले गए घ्पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बीते सोमवार की रात को गांव गौधी निवासी किसान दिलशाद पुत्र छोटे उर्फ छिद्दन कमरे में ताला लगाकर अपनी पत्नी सायरा और बेटों इरशाद, सरताज आदि के साथ घर के आंगन एवं बरामदे में सो रहा था। सुबह को खेतों पर काम करने जा रहे ग्रामीणों की नजर दीवार में लगे कूमल की तरफ गई। उन्होंने किसान के घर जाकर खबर दी। परि. जनों ने कमरे का ताला खोलकर देखा तो उनके होश उड़ गए। कमरे की पछित की दीवार जो खेतों की तरफ थी में बड़ा छेद हुआ था। कमरे में रखे संदूक एवं सेफ अलमारी के ताले टूटे हुए थे। चोरी की सूचना पर बीट प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार राठी ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद ग्रामीण की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने पीड़ीत परिवार को चोरी का जल्दी ही खुलासा करने का आश्वासन दिया है।

# चकबंदी अधिकारी ने जन चौपाल लगाकर किसानों की समस्याएं सुनीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** गांव सभा आदमपुर सचिवालय में चकबंदी अधिकारी ने किसानों की समस्याएं सुनीं उन्होंने किसानों से नक्शा पांच का गहराई से अध्ययन कर अंश या नाम गलत होने पर आपत्ति दाखिल करने को कहा।इस दौरान 15 किसानों ने अपने अंश और नामों की त्रुटियां सही करने के लिए आपत्तियां दर्ज कराईं। बुधवार को गांव सभा आदमपुर सचिवालय में चकबंदी अधिकारी योगेन्द्र कुमार ने जन चौपाल लगाकर चकबंदी प्रक्रिया की जानकारी दी।घ्उन्होंने कहा चकबंदी का उद्देश्य बिखरे हुए खेतों को एक जगह इकट्ठा कर पैदावार बढाना है। इसके लिए प्रथम चरण की प्रक्रिया में संबंधित किसानों को नक्शा पांच वितरित किया गया है। उन्होंने किसानों से कहा कि वह नक्शा पांच में अंकित नाम, बंटवारे एवं रकवे का मिलान कर लें। यदि किसी का नाम एवं बंटवारे में अंश गलत दर्ज हो गया हो तो साक्ष्यों के साथ आपत्ति दर्ज कराकर अपने नाम एवं अंश की दुरुस्ती करा लें। उसके बाद अगली कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान खुर्शीद निगार,समीर,नसीम अहमद, वसीम अहमद, रिंकू, मौहम्मद हसन, मकसूद, शाहिद आदि किसानों ने अपने नाम दुरूस्त करने के लिए आपत्तियां दर्ज की जिनका निस्तारण कर दिया गया। इस मौके पर चकबंदी अधिकारी के साथ नायब अभिमन्यु सिंह, कानूनगो विजय सिंह, लेखपाल जैनुल आदि ने किसानों की समस्याएं सुनीं और उनकों चकबंदी प्रक्रिया में अनियमिताएं नहीं होने का आश्वासन दिया। अमजद चौधरी,सिराज अहमद, फईम ,नईम अहमद,करतार सिंह आदि किसान मौजूद रहे। जन चौपाल की अध्यक्षता ग्राम प्रधान जिले हसन ने की।



## शान ए कुंदर की ग्रुप ब्लड डोनेशन कर रहा समय-समय पर लोगों की मदद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कुंदरकी।** शान ए कुंदरकी ग्रुप ब्लड डोनेशन कर रहा है समय-समय पर लोगों की मदद। मुरादाबाद के रिप्लेसमेंट अस्पताल में कैंसर से पीड़ित पेशेंट को बी नेगेटिव ब्लड की आवश्यकता थी ब्लड ना मिलने की वजह से पेशेंट के परेशान बहुत परेशान थे किसी ने उनको बताया शान ए कुंद. रकी ग्रुप ब्लड डोनेशन निशुल्क करता है लोगों की मदद पेशेंट के परिजनों ने तुरंत ही ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य अकिब अली से संपर्क किया तुरंत ही ग्रुप के संस्थापक मोहम्मद रिजवान अल्वी अशरफी ने मुरादाबाद से ए बी पॉजिटिव के भाई कामरान को मुरादाबाद से ही मुरादाबाद की निजी ब्लड बैंक में भेजो कामरान ने अपना ए बी पॉजिटिव ब्लड देकर कैंसर के पेशेंट की बचाई जान शान ए कुंदरकी ग्रुप पहले डोनेशन के वरिष्ठ सदस्य काम. रान ने अपना ब्लड देकर की इंसानियत की मिसाल कायम रक्तदान महादान रक्तदान जीवनदान युवा कर रहे हैं समय-समय पर रक्तदान।



## संचारी रोग की रोकथाम के लिए नगर पंचायत पाकबड़ा में अभियान को लेकर हुई बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय में संचारी रोग को लेकर बैठक का आयोजन इस मीटिंग में संचारी रोगों से होने वाली बीमारियों से बचाव के बारे में विस्तार से बताया गया। नगर पंचायत पाकबड़ा मे 1 जुलाई से शुरू होने वाले अभियान के तहत प्रत्येक वार्ड में एंटी लारवा का छिड़काव एवं फॉगिंग करना सुनिश्चित नगर पंचायत करेगी। सफाई कर्मियों को निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक वार्ड में सही से साफ सफाई रखें कहीं भी गंदगी जमा ना होने दे। संचारी रोगों से बचाव के लिए मीटिंग में संचारी रोगों से होने वाली बीमारियों से बचाव के बारे में विस्तार से बताया गया नगर को बीमारियों से दूर रखना नगर पंचायत का कर्तव्य बनता है सभी सभासदगणों ने मीटिंग में उपस्थित होकर नगर को बीमारियों से दूर रखने के लिए संकल्प लिया। लोगों को संचारी रोगों से बचाव के बारे में जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। इस मीटिंग के माध्यम से नगर पंचायत पाकबड़ा के लोगों को संचारी रोगों से बचाव के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया।



सभी नगर नगर पंचायत वासियों से अपील की गई की नगर को स्वस्थ और साफ सुथरा बनाए रखें कहीं भी किसी प्रकार की गंदगी जमाना हो जिससे लोगों को बीमारियों का सामना करना पड़े नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा लगातार साफ सफाई का कार्य किया जा रहा है ओर लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि कोई भी कहीं भी गंदगी ना करे।


**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ.) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा वाणिज्य विज्ञापन, मेडिकल आउटलेट, पूजा सामग्री कीओस्क, रेल कोच रेस्टोरेंट, बैटरी ऑपरेटेड व्हीकल एवं प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधी केंद्र के ठेकों तथा नैमिषारण्य रेलवे स्टेशन पर रिटायरिंग रूम के ठेके को संचालन एवं आवंटन हेतु ई-बोलियाँ website: www.ireps.gov.in पर दिनांक 11.07.2025 को आमंत्रित की गयी है, इनकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1902/2025


# भाजपा नवनिर्वाचित कार्यकर्ताओं का स्वागत

**कुंदरकी।** विधानसभा के मंडल रतनपुर कला के ग्राम छिरावाली पंचायत भवन में मंडल रतनपुर कला की कार्य समिति नवनिर्वाचित कार्यकर्ता का स्वागत कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष आक. ाश पाल , जिला महामंत्री कमल कुमार प्रजापति के द्वारा मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह जाटव मंडल उपाध्यक्ष दयाराम राजपूत कृपाल सिंह चंदन प्रजापति रजनीश शर्मा मंगनवीर मंडल महामंत्री यादराम पाल मंडल मंत्री ज्योति वाल्मीकि पवनचौधरी मनीष कुमार होशियार सिंह राजपाल कश्यप कोष अध्यक्ष इरशाद खान सोशल मीडिया अतुल, प्ज संयोजक अरविंद कुमार शक्ति केंद्र संयोजक भजन लाल विटूसिह बंटी राजपूत, मोनू कश्यप सभी का जिला अध्यक्ष आकाश पाल द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को फूल माला पटका पहनकर स्वागत व उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।




**बेदखली सूचना**

मेरा पुत्र मौ0 अहमद पुत्र मौ0 हसन व इसकी पत्नी शमा परवीन पत्नी मौ0 अहमद निवासीगण कमालपुर फतेहाबाद कुंदरकी तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद गलत संगत में पड़ गये है और आये-दिन मुझे व मेरे परिवार से मारपीट करते रहते हैं और हमारे साथ गलत व्यवहार करते हैं। जिनको मैं अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर समस्त पारिवारिक संबंध विच्छेद करती हूँ। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व कानूनी फौजदारी कार्यवाही के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का उक्त मौ0 अहमद व शमा परवीन से कोई मतलब वास्ता ना होगा। **श्रीमती हुसना पत्नी मौ० हसन नि० कमालपुर फतेहाबाद कुंदरकी तहसील बिलारी, जिला मुरादाबाद**



**उत्तर रेलवे**

नं. 74-W/2/3/WA/Publication

**निविदा सूचना** दिनांक: 25.06.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता / प्रथम द्वारा ई टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आंमत्रित किये जाते है जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 78-DRM-MB-25-26 20.06.2025 | 82-DRM-MB-25-26 20.06.2025 | 83-DRM-MB-25-26 24.06.2025 | 77-DRM-MB-25-26 20.06.2025 | 81-DRM-MB-25-26 20.06.2025 | 84-DRM-MB-25-26 24.06.2025 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Zone No. HW-1 (HW) (2025-26) :- Aithal to Rishikesh (Excluding Aithal) of service buildings and residential buildings (Excluding Aithal) and staff quarters at HW for general road and wood work under ADEN/HW. | Zone No. HW-2 (2025-26) Dehradun to Raiwala (excluding Raiwala) of service buildings and Dehradun to Raiwala (Excluding Raiwala and Dehradun) of residential building & staff quarter at Dehradun for general road and wood work in the section of SSE/W/DDN under ADEN/HW | Zone No. HW-3 (JP) (2025- 26) :- Oak Grove School Jharipani of service buildings and residential buildings for general road and wood work under ADEN/HW | Zone No. HW- 4 (YNRKSH) (2025-26):- Virbhadra to Yognagri Rishikesh (Excluding Rishikesh) of service buildings and residential buildings for general road and wood work under ADEN/HW. | Zone No. RK- 1 (RK) 2025-26: Laksar to Baliakheri (Excluding Laksar) of service and residential building and staff quarter for general, road and wood work under ADEN/RK | Zone No. RK-2 (LRJ) 2025-26 :- Fazalpur to Laksar (1500 to 1538) and Laksar to Aithal (0 to 09) of service building and residential building for general road and wood work under ADEN/RK. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 24.07.2025 16:00 | 24.07.2025 16:00 | 24.07.2025 16:00 | 24.07.2025 16:00 | 24.07.2025 16:00 | 24.07.2025 16:00 |
| अनुमानित लागत | 1,09,84,574.46 | 1,36,98,895.64 | 1,64,98,051.16 | 64,95,881.43 | 1,09,84,574.46 | 45,49,455.35 |
| धरोहर राशि | 2,04,900.00 | 2,18,500.00 | 2,32,500.00 | 1,22,900.00 | 2,04,900.00 | 91,000.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 10.07.2025 | 10.07.2025 | 10.07.2025 | 10.07.2025 | 10.07.2025 | 10.07.2025 |
| आफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन | 60 दिन | 60 दिन | 60 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 30.06.2026 | 30.06.2026 | 30.06.2026 | 30.06.2026 | 30.06.2026 | 30.06.2026 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1911/25

# इंग्लैंड ने भारत को पांच विकेट से हराया



## बेन डकेट ने 149, जैक क्रॉली ने 65 और जो रूट ने नाबाद 53 रनों की पारी खेली

**लीड्स, वार्ता।** बेन डकेट (149) की शतकीय, जैक क्रॉली (65) और जो रूट (नाबाद 53) की अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत इंग्लैंड ने पहले टेस्ट मैच के पांचवें एवं आखिरी दिन भारत को पांच विकेट से शिकस्त दी। इसी के साथ इंग्लैंड ने टेस्ट श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली है। भोजनकाल के बाद बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड को पहला झटका प्रसिद्ध कृष्णा ने जैक क्रॉली (65) को आउटकर दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए पहली पारी के शतकवीर ऑली पोप (आठ) को भी प्रसिद्ध कृष्णा ने बोल्ड कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई।

इसके बाद शार्दुल ठाकुर ने बेन डकेट को नीतीश कुमार रेड्डी के हाथों कैच आउट कराकर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। बेन डकेट ने 170 गेंदों में 21 चौकों और एक छक्के की मदद से (149) रनों की पारी खेली। इसी ओवर में उन्होंने हैरी ब्रूक (शून्य) को भी आउट कर पवेलियन भेज दिया। प्रसिद्ध कृष्णा, शार्दुल ठाकुर (दो-दो विकेट) के झटको को झेलते हुए इंग्लैंड ने मैदान गिला होने के कारण खेल रोके जाने के समय चायकाल तक चार विकेट पर 269 रन बना लिये थे। चायकाल के बाद रवींद्र जडेजा ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स (33) को आउट कर भारत पांचवीं सफलता दिलाई।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आए जेमी स्मिथ ने जो रूट के साथ पारी को संभाला और धैर्य के साथ बल्लबाजी करते हुए अपनी टीम को जीत की ओर ले गए। इंग्लैंड ने 82 ओवर में पांच विकेट पर 373 रन बनाकर पांच विकेट से मुकाबला जीत लिया। जो रूट (53) और जेमी स्मिथ (44) रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की हार कारण खराब क्षेत्ररक्षण रहा। भारतीय खिलाड़ियों ने कई कैच छोड़े जिसका खामियाजा हार के रूप में सामने आया। भारत की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा, शार्दुल ठाकुर ने दो-दो विकेट लिये। रवींद्र जडेजा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां इंग्लैंड ने सुबह के सत्र में कल के 21 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। जैक क्रॉली और बेन डकेट की सलामी जोड़ी ने संयम का परिचय देते हुए भारतीय गेंदबाजी आक्रमण का सामना किया और रन भी बटोरे। भोजनकाल तक इंग्लैंड ने 30 ओवरों में बिना कोई विकेट खोए 117 रन बना लिये और टीम के मैच जीतने की उम्मीद जगाई।

उल्लेखनीय है कि भारत ने पहली पारी में यशस्वी जायसवाल, कप्तान शुभमन गिल और ऋषभ पंत की शतकीय पारियों की बदौलत 471 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके बाद इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 465 रन का स्कोर बनाया था। भारत ने दूसरी पारी में 364 रन का स्कोर बनाया था और उसके पहली पार में सात रन की बढ़त मिली थी।




## ऋषभ पंत ने हासिल की करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग

● **आईसीसी ने ताजा टेस्ट रैंकिंग जारी की, गिल की शीर्ष-20 में एंट्री, टेस्ट ऑलराउंडर्स में जडेजा शीर्ष पर**

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी ने बुधवार को ताजा टेस्ट रैंकिंग जारी कर दी है। भारत के आक्रामक विकेटकीपर ऋषभ पंत बल्लेबाजों की नवीनतम आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के पहले मैच में दोनों पारियों में दो शतक लगाए थे।

इसके अलावा शुभमन गिल की भी शीर्ष-20 बल्लेबाजों में एंट्री हो गई है। टीम इंडिया को लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट में पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। 371 रन के लक्ष्य को इंग्लैंड ने बैजबाल अंदाज में 82 ओवर में हासिल कर लिया। आईसीसी ने ताजा रैंकिंग इसके बाद ही जारी की है। लीड्स टेस्ट में दो पारियों में दो शतक लगाने वाले दूसरे विकेटकीपर बने पंत टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में एक पायदान ऊपर चढ़ गए। 27 वर्षीय पंत से पहले जिम्बाब्वे के एंडी फ्लावर एक ही टेस्ट मैच में दो शतक लगाने वाले एकमात्र विकेटकीपर थे। पंत ने लीड्स टेस्ट में 134 और 118 रन बनाए। वहीं, शुभमन गिल ने भी पांच स्थान की छलांग लगाई और शीर्ष 20 में पहुंच गए। वह 20वें स्थान पर हैं। गिल ने लीड्स टेस्ट की पहली पारी में शतक लगाया था। शीर्ष 20 टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में भारत के केवल तीन बल्लेबाज हैं। पंत और गिल के अलावा यशस्वी जायसवाल चौथे स्थान पर काबिज हैं। यशस्वी ने भी लीड्स टेस्ट की पहली पारी में शतक जमाया था। टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में कोई खास बदलाव नहीं हुआ है। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने हेडिंग्ले टेस्ट में 14वीं बार पांच विकेट चटकाने के बाद शीर्ष स्थान पर अपना दबदबा कायम रखा है। 62 और 149 रन की पारी खेलने और इंग्लैंड की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले बेन डकेट को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वह टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में पांच पायदान ऊपर आठवें स्थान पर पहुंच गए। डकेट के साथी ओली पोप तीन पायदान ऊपर 19वें स्थान पर और जेमी स्मिथ आठवें पायदान ऊपर 27वें स्थान पर पहुंच गए।

## हमें कैच छोड़ना महंगा पड़ा: कप्तान शुभमन गिल



● **हमने पहली पारी में खराब प्रदर्शन के बारे में बात की, हमें आगे बढ़ते हुए इसमें सुधार करना होगा**

**लीड्स, वार्ता।** भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि हमारे पास टेस्ट जीतने का मौका था, लेकिन कैच छोड़ना हमें महंगा पड़ा।

इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में पांच विकेट से मिली हार के बाद भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि टेस्ट मैच शानदार रहा। हम इंग्लैंड की टीम को 430 रनों का लक्ष्य देने के बारे में सोच रहे थे, लेकिन हमने 31 रन जोड़कर अपने आखिरी पांच विकेट गवां दिए। उन्होंने कहा कि हमारे पास मैच जीतने का मौका था। कैच छोड़ना हमें महंगा पड़ा। उन्होंने कहा कि आज भी, मुझे लगा कि पहले विकेट के बाद हमारे पास मौके थे। हमने पहली पारी में खराब प्रदर्शन के बारे में बात की, हमें आगे बढ़ते हुए इसमें सुधार करना होगा। इस तरह के विकेट पर मौके आसानी से नहीं मिलते, लेकिन हमारी टीम युवा है, टीम में सीखने का जज्बा है।

उम्मीद है कि इसमें सुधार होगा। उन्होंने कहा कि पहले सत्र में हमने शानदार गेंदबाजी की और रनों पर अंकुश लगाया, लेकिन एक बार गेंद पुरानी हो जाने के बाद रन रोकना मुश्किल होता है। जब गेंद नरम हो जाए तो विकेट लेते रहना चाहिए। जाडेजा ने शानदार गेंदबाजी की, उन्होंने मौके बनाए।

## टंग की गेंदबाजी, जैक क्रॉली व बेन डकेट की पारी ने मैच का रुख बदला: बेन स्टोक्स

**लीड्स, वार्ता।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि तेज गेंदबाज जॉश टंग के स्पैल के बाद जैक क्रॉली और बेन डकेट की धैर्यपूर्ण पारी ने मैच का रुख बदल दिया।

पहले टेस्ट मैच में मंगलवार रात भारत को पांच विकेट से हराने के बाद कप्तान स्टोक्स ने कहा कि हमारे पास यहां इस मैदान को लेकर कुछ अच्छी यादें हैं, एक और इजाफा करना अच्च्छा रहा है। आखिरी दिन बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए एक अच्छे टेस्ट का हिस्सा बनना शानदार रहा है। वैसे टंग के स्पेल ने भी खेल का रुख बदला दिया था। इसके बाद डकेट और क्रॉली की अविश्वसनीय बल्लेबाजी ने लक्ष्य का पीछा करना आसान बना दिया। क्रॉली और डकेट की साझेदारी शानदार रही। जिस तरह से क्रॉली ने संयम के साथ 60 रन बनाए वह भी महत्वपूर्ण रहा। उन्होंने कहा कि आप नहीं जानते कि गेंद फेंके जाने से पहले क्या होगा आप वहीं चुनते हैं जो आपको सबसे अच्छा लगता है। हमने सोचा कि गेंदबाजी करने का फैसला करते समय हमें जीतने का सबसे अच्छा मौका क्या देगा। विरोधी टीम को



● **हमारे पास यहां इस मैदान को लेकर कुछ अच्छी यादें है, एक और इजाफा करना अच्छा रहा**

अच्छा खेलने की अनुमति है हमने पहले सत्र में अच्छी गेंदबाजी की फिर भी भारत ने भी पहले दिन अविश्वसनीय प्रदर्शन किया। मुझे नहीं लगता कि कभी भी अलग फैसला लेना चाहिए था। उन्होंने कहा कि लक्ष्य का पीछा करना आपको आत्मविश्वास देता है। इस सीरीज की शानदार शुरुआत रही। जीत में बहुत सारे कौशल का योगदान रहा है हम लंबे समय से मैदान में हैं, लेकिन हम प्रत्येक सत्र में इस दृष्टिकोण के साथ आए कि हम मैच को पूरी तरह से बदल देंगे। प्लेयर ऑफ द मैच बेन डकेट ने कहा कि यह एक अविश्वसनीय मैच था, भारत ने शानदार प्रदर्शन किया। पांचवें दिन की शुरुआत में जिस तरह से हमने मैच को खत्म किया वह अविश्वसनीय था। हम बिना विकेट खोए कल शाम खेलना चाहते थे। आज सुबह यह स्पष्ट था अगर हम रुककर बल्लेबाजी करते हैं, तो हम जीत जाएंगे। ड्रेसिंग रूम के लोगों का मानना है हमने पूरे दिन परिपक्वता दिखाई और जता दिया कि जीतना कितना मायने रखता है। कई बार हम इस मैच में पीछे रह गए। हमारे गेंदबाजों को बहुत बड़ा श्रेय जाता है, जिन्होंने कम समय में पुछल्ले बल्लेबाजों को जल्दी आउट कर दिया। वरना अगर वह लक्ष्य में 50 से 60 रन और जोड़ देते तो मैच अलग होता। हमने क्रॉली को पिछले मैच में जिम्बाब्वे के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करते देखा, वह शांत रहकर अच्छा खेला था। अच्छी गेंदों का सम्मान किया और खराब गेंदों को उचित स्थान पर पहुंचाया। उन्होंने कहा कि बुमराह विश्व स्तरीय गेंदबाज हैं, उन्होंने पहली पारी में शानदार प्रदर्शन किया।

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### निशानेबाजी लीग के पहले संस्करण के लिए 400 पंजीकरण

**नई दिल्ली, वार्ता।** नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) द्वारा शुरू की गई शूटिंग लीग ऑफ इंडिया (एसएलआई) के पहले संस्करण में भाग लेने के लिए दुनियाभर के 400 से अधिक निशानेबाजों ने पंजीकरण कराया है। इस लीग का आयोजन 20 नवंबर से दो दिसंबर तक आयोजित किया जायेगा। इसके लिए भारत, कजाकिस्तान, रूस, ईरान, हंगरी, क्रोएशिया, अजरबैजान, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, ग्रेनेडा, इटली, ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, सर्बिया, अमेरिका, स्पेन, थाईलैंड, जर्मनी, चेक गणराज्य, नॉर्वे, सैन मैरिनो और रोमानिया के 400 से अधिक एथलीट पंजीकरण करा चुके हैं और यह संख्या बढ़ती जा रही है। पंजीकरण प्रक्रिया जुलाई 2025 के मध्य तक चलेगी। लीग में (10 मीटर, 25 मीटर) पिस्टल, (10 मीटर, 50 मीटर थ्री पोजीशन) राइफल व (ट्रैप और स्कीट) शॉटगन में मिश्रित टीम स्पर्धाएं होंगी।

#### खडसे ने अगरतला में साई द्वारा संचालित खेल प्रशिक्षण केंद्र का किया दौरा

**अगरतला, वार्ता।** केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) द्वारा संचालित खेल प्रशिक्षण केंद्र का दौरा किया। बिना बताये खेल प्रशिक्षण केन्द्र पहुंची केंद्रीय मंत्री ने प्रशिक्षण सुविधाओं की गहन समीक्षा की, प्रशिक्षकों के समर्पित कार्य और एथलीटों की प्रगति तथा एसटीसी केंद्र की आधुनिक सुविधाओं की समग्र तैयारी का भी निरीक्षण किया। त्रिपुरा में अपने प्रवास के दौरान केंद्रीय मंत्री ने खेल, युवा नीति, शिक्षा और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परियोजनाओं सहित विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर व्यापक चर्चा की।

## कलिंगा ब्लैंक टाइगर्स व हैदराबाद ने जीत दर्ज की




● **दिन के पहले मुकाबले में कलिंगा ने मुंबई पर 33-5 से जीत दर्ज की**

मुंबई, वार्ता। जीएमआर रग्बी प्रीमियर लीग सीजन वन के मुकाबलों में कलिंगा ब्लैक टाइगर्स और हैदराबाद हीरोज ने बेहत. रीन प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। यहां शाहाजी राजे भोसले स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (अंधेरी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स) में खेले गए मुकाबले में टाइगर्स ने मुंबई ड्रीमर्ध को हराया।

वहीं हैदराबाद हीरोज ने चेन्नई बुल्स पर जीत हासिल की। दिलचस्प बात यह रही कि हीरोज और बुल्स दोनों ही टीमें सोमवार को नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई कर चुकी थीं। दिन के पहले मुकाबले में कलिंगा ब्लैक टाइगर्स ने मुंबई ड्रीमर्स के खिलाफ शानदार और प्रभावशाली खेल दिखाते हुए उन्हें 33-5 से पराजित किया। कलिंगा ब्लैक टाइगर्स ने शुरुआत से ही शानदार खेल दिखाया और मुंबई ड्रीमर्स को दबाव में रखा। पहले क्वार्टर के अंत से ठीक पहले पेरी बेकर ने एक शानदार ट्राई की, जिसे मॉरिस लॉन्गबॉटम ने आसानी से कन्वर्ट कर लिया। थोड़ी ही देर में बेकर ने एक और ट्राई की और इस बार ईथन टर्नर ने सफलतापूर्वक किक को कन्वर्ट किया। हाफ टाइम तक कललगा ब्लैक टाइगर्स 14-0 की बढ़त ले चुके थे। ब्रेक के बाद भी टाइगर्स का दबदबा कायम रहा और इस बार ईथन टर्नर ने खुद एक ट्राई किया। दूसरी ओर, डीमर्ज ने आखिरकार स्कोर बोर्ड पर अपना नाम दर्ज कराया जब एलियास हैनकॉक ने ट्राई की। ड्रीमर्ध की वापसी की उम्मीदों पर टाइगर्स ने पानी फेर दिया, जब लुकास लैकेम्प ने दो त्वरित ट्राई किए और लॉन्गबॉटम ने दोनों कन्वर्ज़न को सफलता से पूरा किया। दिन के दूसरे मुकाबले में हैदराबाद हीरोज और चेन्नई बुल्स के बीच शानदार मुकाबला देखने को मिला, जिसमें हीरोज ने जीत दर्ज की। हीरोज ने 17-0 से मुकाबला अपने नाम किया और यह टूर्नामेंट में दूसरी बार हुआ जब कोई टीम एक भी अंक नहीं बना सकी। हैदराबाद हीरोज ने मुकाबले की शुरुआत में ही केविन वेकेसा और टेरियो तमानी की ट्राई की बदौलत बढ़त बना ली।

## श्रीलंकाई गेंदबाजों ने बांग्लादेश पर कसा शिकंजा

● **श्रीलंका ने टेस्ट के पहले दिन बांग्लादेश के 220 रन पर 8 विकेट लिए**

**कोलंबो, वार्ता।** असिता फर्नांडो, विश्वा फर्नांडो और सोनल दिनुशा (दो-दो विकेट) के शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका ने दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन बुधवार को बांग्लादेश के 220 रन पर आठ विकेट झटक कर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत खराब रही। असिता फर्नांडो ने अनामुल हक (शून्य) को बोल्ड कर श्रीलंका को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये मोमिनुल हक ने शादमान इस्लाम के साथ पारी को संभलने का प्रयास किया। धनंजय डीसिल्वा ने मोमिनुल हक (21) को आउट कर बांग्लादेश को दूसरा झटका दिया। इसके थोड़ी देर बाद ही विश्वा फर्नांडो ने कप्तान नजमुल शान्तो (आठ) को अपना शिकार बना लिया। चौथे विकेट के रूप में शादमान इस्लाम (46) को थलरडु रत्नायके ने आउट किया। मुशफिकुर रहीम और लिटन कुमार दास ने बांग्लादेश की पारी को कुछ देर संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच 67 रनों की साझेदारी हुई। सोनल दिनुशा ने 48वें ओवर में लिटन कुमार दास (34) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। दिनुशा ने इस के बाद मुशफिकुर रहीम (35) को आउटकर बांग्लादेश को छठा झटका दिया। मेहदी हसन (31) को विश्वा फर्नांडो ने आउट किया।

## भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया

**बर्लिन, वार्ता।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को चार देशों के टूर्नामेंट में तीसरे और चौथे स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हरा दिया। यहां खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के टोबी मैलन ने दूसरे हाफ में 40वें मिनट में मैदानी गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलायी। इसके बाद भारत के रोहित ने (45वें) मिनट में गोलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। चौथे क्वार्टर में भारत के अजीत यादव ने (52वें) मिनट में गोल कर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। पहले हाफ में दोनों टीमें के बीच संघर्षपूर्ण मुकाबला हुआ लेकिन शुरुआती दो क्वार्टर में दोनों टीमें गोल करने में विफल रही।

## सिर्फ शतक नहीं जीत जरूरी: गौतम गंभीर

**लीड्स, वार्ता।** लीड्स टेस्ट हारने के बाद भारतीय कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि सिर्फ शतक नहीं, जीत मायने रखती है। उन्होंने यह बात पंत के शतकों के सवाल पर कही। गेंदबाजों के प्रदर्शन पर गंभीर ने कहा कि भारत के युवा गेंदबाजों को समय देना होगा।श उन्होंने शुभमन गिल की कप्तानी और जसप्रीत बुमराह की गेंदबाजी की तारीफ की। भारत को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में 5 विकेट की हार झेलनी पड़ी थी। टीम ने आखिरी दिन 371 रन का मुश्किल टारगेट सेट किया, जिसे इंग्लिश टीम ने 5 विकेट पर हासिल कर लिया। गौतम गंभीर ने कहा कि व्यक्तिगत प्रदर्शन अच्छा है, लेकिन जीत सबसे बड़ी चीज ऋषभ पंत के दो शतकों पर जब सवाल पूछा गया, तब गंभीर ने कहा, इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में तीन और शतक भी लगे हैं। वह भी बड़े पाजिटिव हैं, लेकिन सिर्फ शतक नहीं, जीत ज्यादा मायने रखती है। यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल (कप्तान के रूप में पहला टेस्ट), केएल राहुल और पंत इन पांच बल्लेबाजों के शतक पाजिटिव बात हैं। ।रियों में शतक लगाया था। उन्होंने पहली पारी में 134 और दूसरी पारी में 118 रन बनाए थे। बुम. राह 3 ही टेस्ट खेलेंगे जसप्रीत बुमराह के सवाल पर गौतम गंभीर ने साफ किया है कि तेज गेंदबाज बुमराह का पांच विकेट लेना शानदार था। हम अपनी योजना नहीं बदलेंगे। बुमराह के वर्कलोड को संभालना जरूरी है, क्योंकि आगे और भी क्रिकेट है। गंभीर ने युवा गेंदबाजों पर भरोसा जताते हुए कहा, हमने जो टीम चुनी है, वो विश्वास के साथ चुनी है, न कि उम्मीद के भरोसे। हम मानते हैं कि ये गेंदबाज बेहतर करेंगे।

## अनाहत-चिनप्पा की जोड़ी स्क्वैश के सेमीफाइनल में

● **अनाहत और चिनप्पा की जोड़ी ने फिलीपींस की जोड़ी को 2-0 (11-6, 11-3) से हराया**



**मलेशिया, वार्ता।** अनाहत सिंह और जोशना चिनप्पा की भारतीय जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई स्क्वैश युगल चैंपियनशिप 2025 के महिला वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। यहां एरिना एमास में खेले गए मुकाबले में अनाहत सिंह और जोशना चिनप्पा की जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए फिलीपींस की जेमिका एरिबाडो और यवोन एलिसा डालिडा की जोड़ी को मात्र 12 मिनट में 2-0 (11-6, 11-3) से हराया। भारत की अन्य महिला युगल जोड़ी, पूजा अर्थी रघु और रथिका सीलन ने अपने पूल बी मैच में सिंगापुर की विक्की यू लयग लाई और ग्रेसिया चुआ रुई एन को 2-0 (11-8, 11-9) से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

हालांकि, वे अपना क्वार्टर फाइनल मैच मलेशिया की आइना अमानी और यी शिन लयग से 2-0 (11-7,11-8) से हार गई और वे अब प्लेसमेंट राउंड में पांचवें से आठवें स्थान को लेकर स्पर्धा करेगी। पुरुष युगल वर्ग में गत चैंपियन अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार की जोड़ी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए क्वार्टर फाइनल में कोरिया गणराज्य के लमवु ली और जूयंग ना के खिलाफ 2-1 (10-11, 11-3, 11-5) से जीत दर्ज की। दूसरी ओर, रवि दीक्षित और गुहान सेंथिलकुमार की जोड़ी को क्वार्टर फाइनल में हांगकांग चीन के चेउक नाम लाई और वैलोक टो के खिलाफ 2-0 (11-6, 11-8) से हार का सामना करना पड़ा। इस बीच, भारत की दोनों मिश्रित युगल स्क्वैश टीमों को राउंड ऑफ 12 में बाई मिली और वे क्वार्टर फाइनल में पहुँच गई, जो बुधवार को होगा। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता और शीर्ष वरीयता प्राप्त अनाहत सिंह और अभय सिंह मिश्रित युगल के क्वार्टर फाइनल में फिलीपींस के जेमिका एरिबाडो और डेविड विलियम पेलिनो से भिड़ेंगे। जोशना चिनप्पा और वेलावन सेंथिलकुमार का मिश्रित युगल के अंतिम आठ में मलेशिया की एशियाई खेलों की पदक विजेता आइरा अजमान और जोआचिम चुआ से मुकाबला होगा।

# फैक्ट्री कर्मचारियों से भरी बस अगवानपुर पुल से नीचे गिरी, 25 घायल, पांच गम्भीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अगवानपुर पुल पर देर रात दर्दनाक हादसा सामने आया है। हादसा उस समय हुआ जब फैक्ट्री कर्मचारियों को लेकर मुरादाबाद शहर आ रही एक बस अचानक अनियंत्रित होकर पुल से नीचे गिर गई। हादसे में बस में सवार कुल 35 में से 25 कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनमें से पांच की हालत चिंताजनक बनीं हुई है। हादसा देख राहगीरों व स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी सूचना पाकर कुलदीप गुप्ता व थाना प्रभारी मनीष सक्सेना व अन्य पुलिस बल मौके पर पहुंचे और तुरंत राहत कार्य शुरू करते हुए डायल 112 पुलिस व एंबुलेंस की मदद से घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई है कि, बस चालक नशे की हालत में वाहन चला रहा था। जिससे बस का नियंत्रण बिगड़ गया और यह हादसा सामने आया। फिलहाल सभी घायलों का इलाज जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।



## मंडल में 20 जुलाई से गन्ने का सट्टा प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** मंडल में 20 जुलाई से 20 अगस्त तक ग्रामवार गन्ने का सट्टा प्रदर्शन होगा। उप गन्ना आयुक्त ने इसके लिए गन्ना अधिकारियों को तैयारियों जुटने के निर्देश दिए।उप गन्ना आयुक्त हरपाल सिंह ने गन्ना भवन सभागार में मंडल के गन्ना अफसरों के अलावा सहकारी गन्ना विकास समितियों के सचिवों व चीनी मिलों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने शरद कालीन व बसंतकालीन लक्ष्य की तुलना में आपूर्ति, चीनी मिलों में मृदा परीक्षण प्रयोगशाला की स्थापना के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि परिक्षेत्र के सभी जिला गन्ना अधिकारी गन्ना सर्वेक्षण के कार्य पूर्ण कराने के बाद 20 जुलाई से 20 अगस्त तक ग्रामवार होने वाले गन्ने के सट्टा प्रदर्शन की तैयारी करेंगे।

# अधिवक्ताओं का प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी से मिला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी मुरादाबाद महासचिव प्रत्याशी राजीव चौधरी एडवोकेट के नेतृत्व में एक अधिवक्तागण का प्रति. निधिमंडल जिलाधिकारी मुरादाबाद से मिला। दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि निबंधन कार्यालय कचहरी परिसर में ही था वह कचहरी परिसर से लगभग 3 किलोमीटर की दूरी पर 2019 में रामगंगा विहार मुरादाबाद में शिफ्ट कर दिया गया था। सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि उक्त कार्यालय थाना मझोला के निकट ग्राम मनोहरपुर दिल्ली रोड पर शिफ्ट किया जाएगा निबंधन कार्यालय के लाभार्थियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अधिवक्तागणों ने जिलाधिकारी से ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि उक्त कार्यालय कचहरी परिसर में अथवा निकटतम दूरी पर ही स्थापित किया जाए, जिससे किसी अनहोनी व अप्रिय घटना होने से बचा जा सके। विक्रय अभिलेख में पक्षकारों द्वारा तय की गई लेनदेन की धनराशि विपक्ष का सुरक्षित रहें। प्रतिनिधिमंडल में अधिवक्ता राजीव चौधरी, दुष्यंत चौधरी, सुरेश चंद्र गुप्ता, कुलदीप सिंह, सौरभ चक्रवर्ती, मुकुंद मनोहर, जसवंत सिंह, मनीष यादव, वीरेंद्र सिंह चौहान, विश्वास गुंबर, चौधरी प्रदीप कुमार, पारस चौधरी, अमित यादव, शशांक रस्तोगी, ठाकुर दास सैनी आदि मौजूद रहे।



# केंद्रीय राज्यमंत्री ने निर्यातकों के साथ सर्किट हाउस में की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश ख्र जितिन प्रसाद ने कहा कि मौजूदा समय में मुरादाबाद के निर्यातकों के सामने कई चुनौतियाँ हैं, जिन्हें दूर करने के लिए सरकार सक्रिय रूप से पहल कर रही है। इसके लिए निरंतर फीडबैक और संवाद की आवश्यकता है, ताकि उद्योग की आवश्यकताओं को समझा जा सके और उनके आधार पर योजनाएँ बनाई जा सकें। उन्होंने यह भी बताया कि निर्यातकों को उनके उत्पादों की गुणवत्ता, डिजाइन और मार्केटिंग में सुधार लाने के लिए आवश्यक तकनीकी ज्ञान उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा, मंत्री ने बताया कि निर्यातकों को वैश्विक स्तर पर बेहतर प्रतिस्पर्धा के लिए निरंतर सलाह और मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद की इस पहल को देखते हुए यह स्पष्ट है कि सरकार मुरादाबाद के पीतल उद्योग को नई दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस क्षेत्र में सुधार की योजनाओं के साथ-साथ स्थानीय कारीगरों और निर्यातकों की समस्याओं का समाधान करने के लिए एक मजबूत ढांचे का निर्माण किया जा रहा है। मुरादाबाद का पीतल उद्योग न केवल भारत की सांस्कृतिक धरोहर को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, बल्कि यह आर्थिक विकास में भी योगदान करता है। ऐसी योजनाएँ और पहलों के माध्यम से, केंद्रीय और राज्य सरकारें इस उद्योग को नई ऊँचाइयों तक पहुँचा। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने मुरादाबाद के दिल्ली रोड स्थित सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत करते हुए पीतल उद्योग की वर्तमान स्थिति और भविष्य की योजनाओं पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। मुरादाबाद, जिसे श्पीतल नगरीश के नाम से जाना जाता है, भारत के प्रमुख निर्यात केंद्रों में से एक है, जहां पीतल और अन्य धातुओं से संबंधित शिल्प कार्य बड़े पैमाने पर होते हैं। यह स्थल न केवल देश की शिल्पकला का प्रतीक है, बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था में भी इसका योगदान अमूल्य है। मंत्री जितिन प्रसाद ने मुरादाबाद की जमीनी हकीकत पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यहां के कारीगरों की मेहनत और कौशल ने इस क्षेत्र को एक विशिष्ट पहचान दी है। वे देश के लिए पीतल तथा अन्य धातुओं से बनी वस्त्रों का निर्यात कर रहे हैं, जो न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी भारत की पहचान को बढ़ाता है। सर्किट हाउस में आयोजित "संवत कार्यक्रम" में भाग लेते हुए, मंत्री ने बताया कि इस कार्यक्रम में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (ळैज) विभाग, जिला प्रशासन और अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति रही। उन्होंने कार्यक्रम का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए कहा कि यह मुरादाबाद के एक्सपोर्टरों की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान के लिए संभावित कदमों पर चर्चा करने के लिए आयोजित किया गया था। केंद्रीय मंत्री ने बैठक में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की, जिनका सामना मुरादाबाद के एक्सपोर्टर्स कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक प्रभावी समाधान का निर्माण करने के लिए सभी संबंधित पक्षों का एक साथ आना आवश्यक है। इस संदर्भ में, मंत्री प्रसाद ने यह प्रस्तावित किया कि एक्सपोर्टर्स को वन-स्टॉप सेंटर की सुविधा दी जानी चाहिए। इससे उन्हें अपनी प्रशासनिक और तकनीकी समस्याओं का समाधान एक ही जगह पर मिल सकेगा। इस सेंटर का उद्देश्य एक्सपोर्टर्स को अधिकतम सुविधा प्रदान करना है।

ताकि वे अपनी उत्पादन प्रक्रिया को बिना किसी बाधा के जारी रख सकें। इसके अलावा, मंत्री ने रोड, रेल और अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने पर भी जोर दिया।



## एक नजर

### कथावाचक के साथ हुई घटना के विरोध में राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन



बिलारी। इटावा जिले के दांदरपुर गांव में कथावाचक और उनके टीम के साथ हुई अमानवीय घटना के विरोध में अहीर रेजिमेंट टीम और भारतीय परिवार संगठन के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम विनय कुमार सिंह को सौंपा। दोनों संगठनों के कार्यकर्ता सहकारी गन्ना विकास समिति के परिसर में एकत्र हुए वहां बैठक में कहा कि आज के वैज्ञानिक युग में इससे ज्यादा घटिया और शर्मनाक हरकत नहीं हो सकती कि जो भगवान की कथा कह रहे हों उन्हें ही अपमानित किया जाए यह निश्चित ही अमानवीय और रक्षसी कृत्य है इसकी जितनी निंदा की जाए कम है, दोषियों को कठोर दंड मिलना चाहिए। बैठक में कहा कथावाचक और उनके सहायक के साथ न केवल मारपीट की गई, बल्कि उन्हें जातिसूचक गालियाँ दी गई, उनका मुंडन किया गया और उनके साथ घोर अभद्रता की गई। यह घटना सभ्य समाज के माथे पर एक कलंक है और हमारे संवैधानिक मूल्यों के बिल्कुल विपरीत है। यह धार्मिक स्वतंत्रता और सामाजिक समरसता पर भी एक गंभीर आघात है। ज्ञापन देने वालों में राज यादव, विमल यादव, सौरभ यादव, अंकित यादव, सुमित यादव, संजीव यादव ,सचिन यादव विश्वास यादव ,सुखबीर यादव, अमित यादव ,सुमित यादव , लवली यादव, देवराज यादव, जीतू यादव, अशोक यादव आदि मौजूद रहे।

### तालाब में नहाते समय डूबे दो व्यक्ति



**चन्दौसी।** गर्मी से राहत पाने के लिए तालाब में नहाने गए दो व्यक्ति डूब गए जिसमें से एक की मौत हो गई। यह हृदयविदारक घटना बुधवार को कैथल गांव में घटित हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भूरे पुत्र रामलाल नि. कैथल व वीरेन्द्र पुत्र किशोरीलाल नि. रामनगर कटैला दोपहर के समय कैथल चौराहे पर स्थित टीन शैड के नीचे बैठकर शराब पी रहे थे। दोपहर 03:30 बजे के करीब जब बारिश हुई तो दोनों मित्र पास के ही ग्राम समाज के तालाब में कूद पड़े परंतु नशा अधिक हो जाने के कारण भूरे बाहर नहीं निकल पाया। हालांकि दोनों कुशल तैराक भी हैं। वीरेन्द्र ने तालाब से आवाज लगायी तो आसपास के लोग तालाब में कूदे और दोनों को बाहर निकाला लेकिन दोनों बेहोश थे। हालांकि वीरेन्द्र को तो कुछ देर में होश आ गया परंतु भूरे नहीं उठा। मौके पर पहुंची पत्नी मीरा बच्चों के साथ पहुंची और ई-रिक्शा से निजी चिकित्सक के यहां ले गई परंतु चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। इधर बच्चों द्वारा वीरेन्द्र पर आरोप लगाया गया कि तुमने हमारे पिता को डुबोया है। फिलहाल पत्नी व बच्चों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। परिजनों को रोते-रोते बुरा हाल है। बता दें कि भूरे कैथल चौराहे पर चांट बेचकर परिवार चलाता था।

### 10 वर्षीय आराध्या ने जन्मदिन पर किया पौधारोपण



**चन्दौसी।** 10 वर्षीय बालिका आराध्या चौधरी ने अपने 10वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण किया और सभी को अपने जन्मदिन पर एक वृक्ष लगाकर उसकी देखभाल करने का संदेश दिया। आराध्या ने बताया कि उसने किताब में पढ़ा और सीखा है कि एक पेड़ 21 लोगों को ऑक्सीजन देता है इसलिए आप जितने अधिक पौधे लगाएंगे उतने लोगों की जान बचाएंगे। इसलिए सभी बच्चों व बड़ों को अपने जीवन में ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए और पर्यावरण व लोगों की मदद करनी चाहिए।

## बाइक अनियंत्रित होकर गिरने से बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** चंदौसी रोड माइंडस आई इंटरनेशनल स्कूल तिराहे पर तेज रफ्तार पैशन प्रो बाइक अनियंत्रित ठोकर गिर गई। इस हादसे में बाइक सवार घायल हो गया। घायल अवस्था में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उसका इलाज हुआ। बीती रात जिला बरेली के थाना भोजीपुरा के गांव लक्ष्मियापुर निवासी मोहम्मद खुर्शीद पुत्र अब्दुल करीम अपनी पैशन प्रो बाइक से मुरादाबाद से चंदौसी जा रहा था।

इसी बीच बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। जिससे खुर्शीद के चोटें आई। साथ में बाइक पर सवार जिला संभल के बदायूं चुंगी का अंशु पुत्र नेत्रपाल बाल बाल बच गया

# उपचार आपके द्वार हॉस्पिटल द्वारा 300 से अधिक मरीजों का किया निशुल्क उपचार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सिद्ध मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा "उपचार आपके द्वार हॉस्पिटल ऑन व्हील्स" अभियान के अंतर्गत ब्लॉक सभागार, भीकनपुर, छजलैट में एक विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में छजलैट समेत आसपास के गांवों के सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर लाभ उठाया। सिद्ध हॉस्पिटल की विशेषज्ञ टीम द्वारा फ्री मल्टीस्पेशलिटी व्व्क के माध्यम से परामर्श दिया गया। शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर, ईसीजी, इको सहित अन्य आवश्यक जाँचें नि:शुल्क की गईं। महिलाओं की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. नेहा चंद्रा और डॉ. सुनीति ने महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी जाँच की और परामर्श प्रदान किया। शिविर में निशुल्क 316 का परीक्षण किया गया। महिला रोग, हृदय रोग, हड्डी रोग, न्यूरोलॉजी, गेस्ट्रो एवं जनरल मरीजों का परीक्षण हुआ। ब्लड प्रेशर और डायबिटीज की जांच भी निशुल्क की गई। इस अवसर पर डॉ. सुशीलकुमार माने ने बताया कि सिद्ध हॉस्पिटल की मेडिकल वैन "हॉस्पिटल ऑन व्हील्स" का उद्देश्य दूरदराज और जरूरतमंद इलाकों तक उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है, ताकि गरीब व हर वर्ग के लोग लाभान्वित हो सकें। शिविर में हड्डी कमजोर के मरीजों की संख्या अधिक रही। उन्हें पौष्टिक आहार लेने और एक्सरसाइज की सलाह दी गई। अस्पताल निदेशक तथा वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डा. अनुराग मेहरोत्रा ने बताया कि श्उपचार आपके द्वार योजना के तहत मोबाइल यूनिट अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित है। इसमें डिजिटल एक्स-रे, ईको, डॉप्लर, ईसीजी,पीएफटी, पैथोलॉजी जाँचें, नेत्र एवं श्रवण जांच उपकरण जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। यह विशेष रूप से हृदय रोग, डायविटीज, हाई ब्लड प्रेशर, सीओपीडी व कैंसर जैसी जीवनशैली जनित वीमारियों की जाँच व प्राथमिक उपचार के लिए तैयार है। 25 जून को छजलैट ब्लॉक कार्यालय परिसर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। जिसमें 300 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। छजलैट ब्लॉक के सभी गांव के प्रधान एवं उनके सहयोगियों का भी सहयोग रहा। इस सफल आयोजन में डॉ. नेहा चंद्रा (गायनेकोलॉजिस्ट), डॉ. सुशीलकुमार माने (ऑर्थोपेडिक), डॉ. सुनी. ति . अश्वनी, डॉ. रविंद्र और डॉ. अभिनव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई



# रामबाग रोड पर नाले पर कर दी गई प्लाटिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** रामबाग रोड पर 15 वर्ष पूर्व प्लाटिंग की गई थी जहां एतोल-चन्दौसी मार्ग से बढ़ा नाला रामबाग मंदिर बाउंड्री से पास होता था परंतु उस समय भू-माफिया ने अधिकारियों एवं नगरपालिका कर्मियों की सांठगांठ से नाले का भराव कर नाले में तब्दील कर दिया। वहीं रामबाग रोड एवं कैथल-चन्दौसी मार्ग पर नाले की वास्तविक चौड़ाई से कम कर दिया। रामबाग रोड एवं उसके आसपास प्लाटिंग हो चुकी है। लोगों ने फैक्ट्री आवास गोदाम स्थापित कर लिये हैं परंतु सड़क के दोनों ओर पानी निक. ासी की समस्या बनी हुई है क्योंकि पुलिया के पास नाला लगभग बंद सा है। बराबर में आवासीय कॉलोनी काटी जा रही है। इधर चन्दौसी से शमसोई मार्ग का चौड़ीकरण कर जलभराव वाले स्थान पर सीसी रोड तथा हॉटमिक्स सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इधर सड़क की चौड़ाई बढ़ने पर पुलिया की चौड़ाई बढ़ाने का कार्य चल रहा है लेकिन राजेशनंदन की फैक्ट्री से लगभग 400 मीटर की दूरी पर पुलिया के नीचे से होकर जा रहे नाले के आसपास आवास बन चुके हैं और लोग रह रहे हैं।

वहीं रोड पर दुकानों भी बनी हुई हैं। दुकानदारों का कहना है कि नाला काफी चौड़ा था परंतु प्लाटिंग के उपरांत नाले को संकरा कर दिया गया। हालांकि लोगों ने कई बार नाले की शिकायत की पर पूर्व चेयरमैन गन्ना समिति द्वारा मामले को दबा दिया गया। फिलहाल पूर्व में की गयी अवैध प्लाटिंग के चलते अब जल निकासी से लोग परेशान हैं क्योंकि सड़क किनारे नाले की खुदाई तो की जा रही है परंतु नाले के आसपास अवैध अतिक्रमण से चन्दौसी वासियों के लिए जल समस्या ज्यों की त्यों बनी रहेगी। बुधवार को उपजिलाधिकारी द्वारा रामबाग रोड पर बन रहे नाले का निरीक्षण किया गया और अवैध कब्जा की स्थिति देखी। वहीं बुल्डोजर की सहायता से नाला खोदने की बात कही गयी। मौके पर लेखपाल दानवीर को बुलवाकर नक्शा देखा गया। हालांकि प्लाटिंग करने वाले मालिक का कहना है कि उन्होंने नियमानुसार प्लाटिंग की है। यदि अनियमितता पाई जाती है तो उसके लिए नगरपालिका व प्रशासन नोटिस दे।



# एडिशनल कमिश्नर वाणिज्य कर मुरादाबाद को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा बुधवार को डिप्टी कमिश्नर बब्बू यादव व धर्मेन्द्र कुमार को एडिशनल कमिश्नर वाणिज्य कर विभाग मुरादाबाद को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि व्यापारियों को नए रजिस्ट्रेशन के लिए विभाग के चक्कर लगाने पड़ते हैं और उसे अधिकारी परेशान करते हैं। पहले भी व्यापारियों के रजिस्ट्रेशन के लिए एक अलग काउंटर था जो अब नहीं है जिससे व्यापारियों को काफी परेशानी होती है। इसीलिए व्यापारियों के रजिस्ट्रेशन के लिए एक अलग काउंटर बनाया जाए जिससे व्यापारियों का कार्य आसान हो सके। साथ ही चंदौसी क्षेत्र में गाड़ी चौक करने वाली वाणिज्य कर विभाग की टीम घूमती है और व्यापारियों के कागज पूरे होने के बाद भी उसे परेशान किया जाता है तथा गाड़ी को मुरादाबाद ले जाया जाता है जिससे व्यापारी को काफी परेशानी होती है। व्यापार मंडल मांग करता है कि संभल जिले में जो गाड़ी चेक हों उसे संभल जिले में ही रखा जाए न कि मुरादाबाद ले जाया जाए। साथ ही व्यापारियों के पुराने केस खोलकर वाणिज्य कर अधिकारी व्यापारियों का उत्पीड़न कर रहे हैं व्यापारी जो कि अभी तक जीएसटी से अनजान है। इन केसों को व्यापारियों के साथ बैठकर आसानी से निपटाया जाए न कि उनका उत्पीड़न किया जाए। ज्ञापन देने वालों में प्रेम ग्रोवर, शाहआलम मंसूरी, विकास मिश्रा, उमेशचंद्र वार्ष्णेय, सुभाष पाल, शाहनवाज, दीपेश गुप्ता आदि व्यापारी शामिल रहे।

# आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर लोकतंत्र सेनानियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी महानगर व जिला इकाई के तत्वावधान में आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में संगोष्ठी का आयोजन किया गया एवं लोकतंत्र सेनानियों और उनके परिजनों को सम्मानित किया गया।संगोष्ठी को मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह व विशिष्ठ अतिथि के रूप में केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने संबोधित किया।कार्यक्रम में सर्वप्रथम चौधरी भूपेंद्र सिंह और जितिन प्रसाद ने पौधारोपण किया।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि आज के दिन सन 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपने निजी हितों को ध्यान में रखते हुए देश के संविधान को स्थगित करके आपात काल लगाया था। आपातकाल का विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक संगठनों ने विरोध किया इसका परिणाम यह हुआ कि पूरे देश में लाखों की संख्या में लोगों को जेल की काल कोठरियों में बंद कर दिया गया। इन सभी मीसा बंदियों ने जेल में विभिन्न प्रताड़नाएं झेली। आज हम उन्हीं लोगों और उनके परिजनों का सम्मान कर रहे हैं। उन्हीं के संघर्ष और त्याग का परिणाम हैं आज हमारा लोकतंत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है। चौधरी भूपेंद्र सिंह ने आगे कहा कि आज उन लोगों के लिए भी सबक का दिन है जो देश में लगातार नकारात्मक प्रचार कर रहे हैं। राजनीतिक दृष्टि से जब यह लोग कमजोर होते हैं जब चुनाव परिणाम उनके पक्ष में नहीं आते हैं तो वह लोग देश के की संविधान शक्ति और संस्था को कमजोर करने का काम करते हैं जनादेश का अपमान करते हैं गलत बयान बाजी करके देश की वह प्रदेश की जनता को गुमराह करने का काम करते हैं। कांग्रेस ने दमन चक्र चलाकर देश के संविधान को कुचलने का काम किया।केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद में कहा कि आपातकाल भारतीय संविधान पर कुठाराघात था। वर्तमान समय में चुनाव आयोग, मीडिया, न्यायपालिका पूरी तरह से स्वतंत्र हैं यही भारत का स्वरूप हैं और यही भारत की शक्ति हैं। इसके विपरीत आपातकाल में लोगों की आवाज दवाई गई प्रेस को कुचल दिया गया। न्यायपालिका पर प्रहार किए गए लो. कतंत्र सेनानियों ने बहुत ही अधिक प्रताड़ना झेली। भारत देश के इतिहास में ऐसा अध्याय दोहराया ना जाए इसीलिए आज हम एकत्रित हुए हैं।केंद्रीय राज्य मंत्री ने आगे कहा कि यह पुराना भारत नहीं है जनता के मन से देश चलता है यह वह भारत है जिसके पास एक सशक्त नेतृत्व है तीसरी बार भी देश की जनता ने नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री पूरे मन से बनाया है। लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान विपक्षी दलों ने यह प्रचार किया था इस बार भाजपा की सरकार बनी और मोदीजी प्रधानमंत्री बने तो संविधान बदल दिया जाएगा, खत्म कर दिया जाएगा। इसके बाद जो भी देश की जनता गुमराह नहीं हुई और उन्होंने नरेंद्र भाई मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में चुना। नरेंद्र मोदी नेतृत्व की तीसरी सरकार का 1 वर्ष पूरा हो गया लेकिन संविधान पर जरा सी भी आंच नहीं आई है।आपातकाल काला दिवस संगोष्ठी कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य सतपाल सैनी, क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा, जिला अध्यक्ष आक. ाश पाल, भाजपा महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला, लोकतंत्र सेनानी कमल कांत राय, कार्यक्रम संयोजक भाजपा महानगर उपाध्यक्ष विशाल त्यागी के अलावा नगर विधायक रितेश गुप्ता, कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह, एमएलसी डॉ जयपाल सिंह व्यस्त, महापौर विनोद अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डा शैफाली सिंह, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी संजय ढाका, जिला सहकारी बैंक चेयरमैन विजयभान सिंह, गो सेवा आयोग सदस्य दीपक गोयल, पूर्व सांसद वीर सिंह, राष्ट्रीय लोकदल जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी,मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारीगण पार्षद शामिल रहे।





# परमाणु कार्यक्रम पर बहस

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प व कतर के नेताओं के प्रयासों से ईरान व इजरायल के बीच संघर्ष विराम तो हो गया, लेकिन खुद अमेरिका में ही एक नई बहस छिड़ गई कि सीजफायर से एक दिन पूर्व अमेरिका ने जो ईरान के तीन परमाणु संयंत्रों पर हमला किया था, वह कितना कारगर था, जहां तक बात अमेरिकी राष्ट्रपति की है, उन्होंने इन हमलों को पूरी तरह सफल बताया और बुधवार इन हमलों की तुलना 1945 में जापान के हिरोशिमा में अमेरिका के परमाणु हमलों से कर डाली। ट्रम्प इस समय नीदरलैंड के हेग में हैं, जहां वह नाटो देशों के सम्मेलन में भाग लेने के लिए पहुंचे हुए हैं।

वहीं से उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि वह हिरोशिमा और नागासाकी का उदाहरण नहीं देना चाहते, लेकिन यह मूलरूप से वही सीज थी, जिसने ईरान-इजरायल के बीच जंग खत्म की। उनका कहना था कि अगर हमने उन्हें नहीं हटाया होता तो वह लड़ रहे होते। मतलब साफ है कि अमेरिका के हमले इतने सफल थे जिस कारण सीजफायर हो पाया। तो वहीं दूसरी तरफ अमेरिकी सरकार के ही खुफिया विभाग डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी (डीआईए) ने अपनी रिपोर्ट में अनुमान जताया है कि अमेरिकी हमले में ईरान का परमाणु कार्यक्रम बच गया है और यह पूरी तरह से तबाह नहीं हुआ है बल्कि सिर्फ कुछ महीने के लिए पीछे हो गया है।

डीआईए की यह रिपोर्ट अमेरिकी न्यूज चैनल सीएनएन और न्यूयॉर्क टाइम्स के माध्यम से सामने आई है। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति इन रिपोर्टों पर भड़के हुए हैं, उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर लिखा कि सीएनएन असफल हो रहे हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स के साथ मिलकर इतिहास के सबसे सफल सैन्य अभियान को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने यह भी लिखा कि सीएनएन व न्यूयॉर्क टाइम्स को जनता ने लताड़ लगाई है। व्हाइट हाउस ने भी मीडिया रिपोर्ट को खारिज किया है। प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने खारिज करते हुए कहा है कि रिपोर्ट लीक होना राष्ट्रपति ट्रम्प को बदनाम करने की साजिश है। साथ ही उन बहादुर फाइटर का क्रेडिट लेने की कोशिश है जिसने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट किया।

उन्होंने खुद ही सवाल किया कि कोई भी समझ सकता है कि जब 30 हजार पॉन्ड के 14 बम कहीं गिरते हैं, तो वहां क्या होता है। मतलब साफ है कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर खुद अमेरिका में ही बहस चल रही है। जबकि ईरान ने अपनी तरफ से साफ कर दिया है कि उसके कार्यक्रम को कोई खास नुकसान नहीं हुआ है और वह अपने परमाणु कार्यक्रम से पीछे नहीं हटेगा। जबकि इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू अभी भी यह कहते नहीं थक रहे कि अगर ईरान ने परमाणु कार्यक्रम को जारी रखा तो वह उस पर हमला करने में जरा भी देर नहीं लगाएंगे। जाहिर है, यह सारा झगड़ा ही ईरानी परमाणु कार्यक्रम को लेकर है। इससे साफ हो जाता है कि भले ही सीजफायर हो गया हो, लेकिन भविष्य में कोई संघर्ष नहीं होगा, इसकी कोई गारंटी नहीं ले सकता। यूं भी दोनों तरफ से धमकियों का दौर अभी थमने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि समय रहते विश्व के बड़े देश ऐसा रास्ता तलाशें, जिससे शांति स्थापित होने में मदद मिले।

## अब अन्नदाता किसान खुशहाल है, आत्महत्या नहीं करता



पिछली सरकारों की अकर्मण्यता के कारण कृषि के क्षेत्र में जो विकास हो सकता था वो नहीं हो पाया, इससे हमारे किसान लाभ से वंचित रह गए। योजनाएं आपस में धन के बंदरबांट के लिए बनती थीं और हमारे किसानों को कोई लाभ नहीं मिल पाता था, 2014 में केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी के आने के बाद देश में समग्र विकास की जो अवधारणा विकसित हुई है, उससे देश का हर वर्ग लाभान्वित हो रहा है, समग्र विकास के परिणाम स्वरूप अब किसानों के जीवन में परिवर्तन आ रहा है, अब अन्नदाता किसान खुशहाल है, आत्महत्या नहीं करता है।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# अगर इमरजेंसी नहीं लगी होती तो...



> दुर्घटना में अमेरिकी खुफिया एजेंसी CIA का हाथ था। इस हाथ के होने की पुष्टि भी हो गई जब CIA के एक पूर्व अधिकारी रॉबर्ट क्रॉली ने स्वीकार किया कि हमें भाभा को रोकना ही पड़ा, क्योंकि वो परमाणु बम बनाने के बहुत करीब थे।



**पवन सिंह**

2014 से अब तक कुछ हुआ हो या न हुआ हो लेकिन एक बात तो हुई है कि संघ और उसके अनुवांशिक संगठनों द्वारा गांधी, नेहरू, पटेल, सुभाषचंद्र बोस, भगत सिंह से लेकर गणेश को दूध और नदी नहाकर मोक्ष की प्राप्तियों के जो भी कट-पेस्ट विचार विगत 78 सालों में पूरी एक पीढ़ी के भीतर ठूंसे गए थे, वो सब पोपले साबित हुए। तथ्यात्मक बात करना और भविष्य निर्माण पर बात करना, कभी संघ को नहीं भायाी

शायद ही आपने कभी सुना हो कि संघ और उसके संगठनों ने बेहतरीन शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, ज्ञान, विज्ञान और प्रगतिशीलता से लेकर पर्यावरण के गंभीर हो चले विषयों पर कोई जनांदोलन खड़ा किया हो? इनसे धर्म और पता नहीं कौन सी संस्कृति से आगे कभी बात नहीं हुई। कुछ लोगों का भविष्य ही हर साल बे-सिर-पैर के मुद्दे उखाड़कर पीढ़ियों को बरगलाना, सामाजिक समरसता को समाप्त करना और धार्मिक उन्माद को पैदा करते हुए लोगों को पाखंड के काला सागर में फेंकते रहना यही उद्देश्य रहा है।

दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि जिस देश में साइंस, टेक्नोलॉजी, शानदार सरकारी लैबोरेटरीज, रिसर्च सेंटरों और चीन द्वारा तबाह कर दिए गए मैन्युफैक्चरिंग सेक्टरों को बचाने की बात होनी चाहिए थी, वह अतीत दिवस मनाते हैं। इनसे वर्तमान और भविष्य पर सवाल करके देखिए तो जरा आपको सीधे 1947 तक खींच ले जाएंगे। इनका झूठ हर पल मजबूत और इतना भयावह है कि यह आपसे एक वृक्ष मां के नाम पर लगाने को कहेंगे और दूसरी ओर हजारों हेक्टेयर जंगल साफ करवा देंगे। यह इतने खतरनाक हैं कि यह आपको राम के पदचिन्हों पर डाक्यूमेंट्री दिखाएंगे और दंडकारण्य क्षेत्र के ही जंगल निपटा देंगे।

आज यह फिर एक मरी हुई लाश यानी 1975 की इमरजेंसी निकाल कर लाए हैं। हर साल लाते हैं और आगे भी लाएंगे। कांग्रेसियों का लंबे समय तक सत्ता शासन रहा, लेकिन वो कभी आम जनता के बीच अपने विरोध के खिलाफ तथ्यों को लेकर सामने नहीं आए। वह यह बता ही नहीं पाए कि देश में यदि 25 जून, 1975 को इमरजेंसी न लगती तो CIA एक समूचे राष्ट्र को ही निपटाने की तैयारी कर चुका था। बात शुरू करते हैं पूज्य होमी जहांगीर भाभा से। यह महान आत्मा चाहती थी कि भारत 1980 तक एक स्वतंत्र परमाणु शक्ति बन कर उभरे। दुर्भाग्यपूर्ण यह रहा कि दिनांक 24 जनवरी, 1966 को एक विमान दुर्घटना हुई और तमाम रहस्यों में उलझी हुई उनकी मृत्यु हो गई। यह ऐसी विमान दुर्घटना थी जिसका न तो मलबा मिला, न कोई शव मिला, न विमान का ब्लैक बॉक्स मिला। इसके बाद पता चला कि इस दुर्घटना में अमेरिकी खुफिया एजेंसी CIA का हाथ था। वही अमेरिका जिसके लिए तथाकथित राष्ट्रवादी लोग अपना अंगौछा बिछाए रहते हैं। इस हाथ के होने की पुष्टि भी हो गई जब CIA के एक पूर्व अधिकारी रॉबर्ट क्रॉली ने स्वीकार किया कि हमें भाभा को रोकना ही पड़ा, क्योंकि वो परमाणु बम बनाने के बहुत करीब थे। अमेरिका भारत की औद्योगिक, स्पेस साइंस, चिकित्सा और विज्ञान के क्षेत्र में प्रगति का कभी भी पोषक नहीं रहा। आज भी इससे खतरनाक और धूर्त देश दुनिया में दूसरा नहीं है। सीआईए की इस हरकत से भारत का परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम बुरी तरह से प्रभावित हो गया, लेकिन तत्कालीन सत्ता नेतृत्व नहीं टूटा और न उसकी हिम्मत टूटी। विक्रम साराभाई को परमाणु ऊर्जा आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया और उन्होंने भाभा के अधूरे कार्यों को पूरा किया। पूज्य भाभा जी के निधन के बाद, परमाणु परीक्षणों में कुछ देरी हुई, लेकिन 1974 में पोखरण में पहला परमाणु परीक्षण किया गया, जो भाभा के दृष्टिकोण का परिणाम था। आगे बढ़ते हैं, होमी जहांगीर भाभा जी की हत्या के बाद CIA अपने मानस पुत्रों के जरिए भारत में सत्ता परिवर्तन की योजना में लगा। वर्ष, 1970 के दशक में CIA ने भारत में अपने मानस पुत्रों की जबरदस्त मदद की ताकि भारत को युद्ध के मैदान में नहीं, बल्कि विचारों के मैदान में निपटा दिया जाए। यहीं से, CIA का Soft Regime Change मॉडल सामने आया। तमाम अमेरिकी फाउंडेशनों के जरिए और अमेरिकी गुट के देशों की यूनिवर्सिटीज के जरिए भारत के तथाकथित पत्रकारों, बुद्धिजीवियों और छात्रों पर जबरदस्त वैचारिक नियंत्रण का अभियान शुरू हुआ और अंततः यह एक बहुत बड़े छात्र आंदोलनों के रूप में दिखा और फिर इसे एक जनक्रांति का रूप दे दिया गया। इसके बाद न्यापालिका के जरिए खेल शुरू हुए और कुछ फैसले ऐसे कराए गए जिससे देश में राजनीतिक अस्थिरता पैदा हो। इसी बीच जेपी आंदोलन शुरू हुआ और वह वैचारिकता से आगे हिंसक होता चला गया। रेलें रोकी जाने लगीं, सरकारी संपत्तियां जलाई जाने लगीं, सरकारी अफसरों को घेरा जाने लगा। खतरा तब और बढ़ा जब जेपी साहेब ने सार्वजनिक रूप से सेना और पुलिस से आह्वान किया कि वे सरकार के आदेश को अस्वीकार कर आंदोलन से जुड़ें। CIA का रचा खेल अब अंतिम रंग बिखेरने वाला था। इंदिरा गांधी की नजर इस पूरे मामले पर थी। कहते हैं कि सोवियत रूस ने भी इंदिरा गांधी जी को कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत करा दिया था और कहा था कि अब समय नहीं है। अगर आपने कोई बड़ा कदम नहीं उठाया तो पूरा देश अराजकता की भेंट चढ़ जाएगा। अंततः 25 जून 1975 को इंदिरा गांधी ने संविधान के अनुच्छेद 352 का प्रयोग किया और आंतरिक संकट के मद्देनजर आपातकाल लागू कर दिया। CIA की पूरी की पूरी योजना एक झटके में निपट गई। मैं इंदिरा गांधी को तब तानाशाह मानता जब वह दोबारा विधिवत लोकसभा का चुनाव न करातीं, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। तानाशाह मतदान नहीं कराता है। CIA का गेम बजाने के बाद इंदिरा गांधी ने 1977 में आपातकाल हटाया और निष्पक्ष चुनाव कराकर खुद चुनाव हार भी गईं लेकिन इसी देश की जनता ने पांच साल उन्हें दोबारा चुना। CIA ने होमी जहांगीर भाभा की कथित हत्या के बाद जिस भारतीय मीडिया, अदालतों और छात्र आंदोलनों के मोर्चे खोले थे वे सब ध्वस्त हो गए। भारत अमेरिकी गंध का शिकार होने से बच गया। इंदिरा गांधी ने असली वाला आपरेशन सिंदूर किया और सीआईए को मात दी। वह नहीं झुकीं और न राष्ट्र को झुकने दिया। इंदिरा गांधी तक भी नहीं झुकीं जब भारत को सख्त नापसंद करने वाला व भारतीयों से लगभग घृणा करने वाला अमेरिका पाकिस्तान की ओर से भारत के खिलाफ लड़ने को तैयार हो गया था।

वैसे मानस पुत्रों का इतिहास रहा है यह मुगलों की बात तो करते हैं लेकिन गोरी चमड़ी वालों का कभी विरोध नहीं करते। अंग्रेजों ने भारत पर लगभग 200 वर्षों तक शासन किया। 1757 में प्लासी की लड़ाई के बाद, अंग्रेजों ने भारत में अपना प्रभुत्व स्थापित करना शुरू कर दिया और 1947 में भारत को स्वतंत्रता मिलने तक, ब्रिटिश क्राउन का शासन रहा। इस बीच हमारे पूर्वजों के साथ कैसी भयावह नृशंसता हुई। कैसे अंग्रेजी हुकूमत ने आम जनता तक के घरों से जेवर लूटे और विक्टोरिया के खजाने भरे। उस पर यह हमेशा खामोश रहे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# युवा सोच पर नशे का ग्रहण, चिंता का सबब

> **एक बार मादक पदार्थों की लत लग जाए तो व्यक्ति इनके बिना रह नहीं पाता। यही नहीं, उसे पहले जैसा नशे का प्रभाव पैदा करने के लिए और अधिक मात्रा में मादक पदार्थ लेने पड़ते हैं। इस तरह व्यक्ति इनका गुलाम बनकर रह जाता है। अधिकांश लोगों में गलत धारणाएं विद्यमान हैं कि मादक पदार्थों के सेवन से व्यक्ति की सृजनशीलता बढ़ती है और इससे व्यक्ति में सोच-विचार की क्षमता, एकाग्रता तथा यौन सुख बढ़ता है लेकिन वास्तविकता यही है कि नशे के शिकार लोगों की सोच-विचार की क्षमता और इसकी स्पष्टता खत्म हो जाती है।**

विश्व के अनेक देशों में लोगों में और खासकर युवाओं में नशीले पदार्थों के सेवन की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। नशीली दवाओं के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के लिए ही हर साल 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा एवं मादक पदार्थ निषेध दिवस मनाया जाता है। जहां तक भारत की बात है, चिंता का विषय यह है कि अब यह प्रवृत्ति केवल शहरी क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं रही है बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी नशे का जाल फैलता जा रहा है।

ग्रामीण इलाकों में अफीम, चरस, गांजा, हेरोइन आदि के अलावा इंजेक्शन के जरिए लिए जाने वाले मादक पदार्थों का भी इस्तेमाल होने लगा है। वास्तव में मादक पदार्थों का सेवन अब मानवता के प्रति सबसे बड़े अपराध का रूप धारण कर चुका है। रईसजादे युवक-युवतियों की रेव पार्टियां तो नशे का भयावह आधुनिक रूप है, जहां राजनीतिक संरक्षण के चलते प्रायः पुलिस भी हाथ डालने से बचती है। हालांकि कभी-कभार रेव पार्टियों पर छापा मारकर नशे में मदमस्त लड़के-लड़कियों को गिरफ्तार किया जाता रहा है, जिससे पता चलता रहा है कि देश का आज कोई भी महानगर ऐसा नहीं है, जहां ऐसी रेव पार्टियां रईसजादों की रोजमर्रा की जीवनशैली का हिस्सा न हों। वास्तव में रेव पार्टियां धनाढ्य बिगड़ैल युवाओं की नशे की पार्टियों का ही आधुनिक रूप हैं।

कोकीन हो या ऐसे ही अन्य मादक पदार्थ, जिनमें गंध नहीं आती, रसूखदार परिवारों के बिगड़े हुए युवाओं का मनपसंद नशा बनते जा रहे हैं। इस बात से बेखबर कि ए तमाम मादक पदार्थ सीधे शरीर के तंत्रिका तंत्र पर हमला करते हैं और शरीर को भयानक बीमारियों की सौगात देते हैं, ऐसे युवा चंद पलों के मजे के लिए इनके गुलाम बन जाते हैं। युवाओं को मादक पदार्थों के करीब लाने में इंटरनेट की भूमिका को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। भारत में नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों में करीब चालीस फीसदी कॉलेज छात्र हैं, जिनमें लड़कियों की संख्या भी काफी ज्यादा है। देश के अनेक कॉलेजों में तो अब स्थिति यह है कि बहुत से कॉलेजों के अंदर ही आसानी से नशीले पदार्थ उपलब्ध हो जाते हैं। स्कूल-कॉलेजों के छात्र अक्सर अपने साथियों के कहने या दबाव डालने पर या फिर मॉडर्न दिखने की चाहत में इनका सेवन आरंभ करते हैं। कुछ युवक मादक पदार्थों से होने वाली अनुभूति को अनुभव करने के लिए, कुछ रोमांचक अनुभवों के लिए तो कुछ मानसिक तौर पर परेशानी अथवा हताशा की स्थिति में इनका सेवन शुरू करते हैं।

मानव जीवन की रक्षा के लिए बनाई जाने वाली कुछ दवाओं का उपयोग भी लोग अब नशा करने के लिए करने लगे हैं। देश में नशे के फैलते जाल का सबसे चिंता. जनक पहलू यह है कि मादक पदार्थ न सिर्फ मानव शरीर की सुंदरता को नष्ट कर शरीर को खोखला बनाते हैं बल्कि इनका उपयोग युवा पीढ़ी की क्षमताओं को नष्ट कर उनकी सृजनशीलता को भी मिटा रहा है। युवा जिस कदर मादक पदार्थों के शिकंजे में फंस रही है, उसके मद्देनजर समाज का कर्तव्य है कि वह युवा वर्ग का मार्गदर्शन करते हुए उसे उचित मार्ग दिखलाए और गलत मार्ग पर चलने से रोके। **-योगेश कुमार गोयल**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# देश की एकता व अखंडता के लिए खतरनाक है भाषाई विवाद



**निर्मल रानी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले दिनों नई दिल्ली में एक पूर्व आईएएस अधिकारी द्वारा लिखित एक पुस्तक का विमोचन किया। इसी कार्यक्रम के दौरान उन्होंने एक वाक्य बोलकर राष्ट्रीय स्तर पर भाषाई विवाद को जन्म दे दिया। गृह मंत्री ने कहा कि इस देश में अंग्रेजी बोलने वालों को शर्म आएगी, ऐसा समाज निर्माण अब दूर नहीं है। उत्तर से लेकर दक्षिण तक अमित शाह के इस बयान की काफी तीखी आलोचना हुई। कुछ लोगों ने अंग्रेजी को रोजगार परक भाषा बताया तो कुछ का मानना था कि आत्मविश्वास के लिए अंग्रेजी का ज्ञान अत्यंत आवश्यक है, जबकि कुछ नेताओं ने इस बयान को भारत की भाषाई बहुलता को कमजोर करने और हिंदी थोपने के प्रयास की नजरों से देखा। आश्चर्य की बात तो यह है कि भारत सरकार के ही अनेक मंत्री ऐसे हैं जो धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलते हैं। कई प्रमुख मंत्री हैं तो ऐसे भी हैं जो अंग्रेजी में प्रभावी ढंग से संवाद करने के लिए ही जाने जाते हैं।



उदाहरण के तौर पर वित्त और कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण अंग्रेजी में अत्यंत धाराप्रवाह हैं। वे जेएनयू से अर्थशास्त्र की डिग्री धारक हैं। वित्तीय नीतियों पर वैश्विक मंचों जैसे जी 20 पर उनके भाषण उनके अंग्रेजी बोलने के कौशल को दर्शाते हैं। इसी तरह विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर, जो पूर्व राजनयिक भी रहे हैं, अंग्रेजी में असाधारण रूप से धाराप्रवाह हैं। वह अंतर्राष्ट्रीय मंचों, प्रेस कॉन्फ्रेंस और कूटनीतिक चर्चाओं में प्रायः अंग्रेजी का व्यापक उपयोग करते हैं। इसी प्रकार सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी अंग्रेजी बड़े ही आत्मविश्वास के साथ बोलते हैं, विशेष रूप से बुनियादी ढांचे और निवेश से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में उनकी धारा प्रवाह अंग्रेजी उनकी काबलियत में चार चांद लगाती है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, आवासन और शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी, यह भी पूर्व राजनयिक हैं तथा अंग्रेजी में उत्कृष्ट संवाद का कौशल रखते हैं। वह संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक मंचों पर अंग्रेजी भाषा के माध्यम से ही भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इसी तरह नागरिक उड्डयन और इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, जोकि हार्वर्ड और स्टैनफोर्ड से शिक्षित हैं अंग्रेजी में अत्यंत धाराप्रवाह हैं और संसद व अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर इसका उपयोग करते हैं। अमेरिका में शिक्षित और प्रशिक्षित चिकित्सक ग्रामीण विकास और संचार राज्य मंत्री डॉ। पेम्मासानी, जो हैं, अंग्रेजी में पूरी तरह से पारंगत हैं। इस तरह के अनेक उदाहरण हैं विशेषकर दक्षिण भारत के अधिकांश सांसद व मंत्री अंग्रेजी में संवाद करते हैं।

ऐसे में अमित शाह का यह कहना कि ऐसा समाज निर्माण अब दूर नहीं है कि इस देश में अंग्रेजी बोलने वालों को शर्म आएगी, इसका अर्थ निकालना व इसका विश्लेषण करना बेहद जरूरी है। क्यों शर्म आएगी अंग्रेजी बोलने वालों को? स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जब विदेश जाते हैं तो प्रॉम्प्टर पर ही सही परन्तु अंग्रेजी में ही भाषण देकर भारत का पक्ष रखते हैं ? कश्मीर से कन्याकुमारी तक आप कहीं भी चले जाइए, यदि आप क्षेत्रीय भाषा बोल पाने में असमर्थ हैं तो अंग्रेजी ही ऐसी भाषा है जो एक दूसरे राज्य के लोगों के मध्य संवाद स्थापित करने का सुगम माध्यम बनती है। देश ही नहीं लगभग पूरे विश्व में अंग्रेजी भाषा विभिन्न देशों के लोगों को एक दूसरे से जोड़ने का काम करती है। आज गृह मंत्री अमित शाह के दर्जनों मंत्रिमंडलीय सहयोगियों,सांसदों व अधिका. रियों व राज्य स्तरीय भाजपा नेताओं की संतानें अमे. रिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया जैसे अन्य कई देशों में शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। जाहिर है राष्ट्रवादियों की यह संतानें वहां संस्कृत या हिंदी माध्यम से पढ़ने के लिए नहीं गई हैं। बल्कि यह वहां पढ़कर अंग्रेजी भाषा में ही पारंगत होंगी। तो क्या आने वाले कल को इन्हें भी अंग्रेजी बोलने में शर्म आएगी?

इसमें कोई संदेह नहीं कि क्षेत्रीय भारतीय भाषाएं भारतीय संस्कृति के आभूषण के समान हैं, परन्तु अदालत से लेकर संसद व दूतावासों तक व मेडिकल व विज्ञान शिक्षा में खासकर प्रयुक्त होने वाली अंग्रेजी भाषा को श्शर्म श वाली भाषा तो हरगिज नहीं कहा जा सकता। गृह मंत्री के अनुसार यदि शर्म ही आने की संभावना है तो कम से कम अपनी सरकारी योजनाओं का मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया जैसा अंग्रेजी नाम तो न रखते? इस सम्बन्ध में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि अंग्रेजी सीखना आर्थिक रूप से उपयोगी है और इससे रोजगार के अवसर बढ़ते हैं। राहुल गांधी ने शाह के इस बयान को भारत की भाषाई बहुलता पर हमला बताया। कांग्रेस ने तो इसे सांस्कृतिक आतंकवाद का हिस्सा बताया और कहा कि अंग्रेजी वैश्विक संदर्भ में भारत के युवाओं के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इसी तरह तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और डीएमके ने भी शाह के बयान को हिंदी थोपने की एक और कोशिश के रूप में देखा है। डीएमके ने तर्क दिया कि अंग्रेजी भारत की भाषाई विविधता को जोड़ने वाली कड़ी है और इसे कमजोर करना देश की एकता के लिए हानिकारक हो सकता है। पूर्व मुख्यमंत्री पनीरसेल्वम ने अन्नादुरै का हवाला देते हुए कहा कि हिंदी को जबरन थोपना स्वीकार्य नहीं है। इसी तरह भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के नेताओं ने शाह की टिप्पणी को उनकी संकीर्ण राजनीति का परिचायक बताया और कहा कि अधिक भाषाएं सीखने से ज्ञान में वृद्धि होती है, न कि शर्मिंदगी। भारत में लोग अपनी पसंद की भाषा बोलने के लिए स्वतंत्र हैं। अंग्रेजी वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत को जोड़ने का एक महत्वपूर्ण सेतु है। यह न केवल रोजगार के अवसर प्रदान करती है, बल्कि नवाचार, अनुसंधान और वैश्विक सहयोग में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके विपरीत अंग्रेजी को हटाने या कम करने से भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धा भी प्रभावित हो सकती है। इसलिए कहा जा सकता है कि अमित शाह का बयान अदूरदर्शी होने के साथ-साथ पूर्वाग्रह पूर्ण भी है जोकि भारत की भाषाई विविधता को नजरअंदाज करता है। वैसे भी हमारे समाज में अंग्रेजी बोलने वालों को हमेशा इज्जत की नजर से देखा जाता है, इसलिए भी यह बयान सामाजिक समानता के विरुद्ध है। रहा सवाल अंग्रेजी को सामाजिक प्रतिष्ठा से जोड़ने की मानसिकता को औपनिवेशिक सोच से जोड़ने का परिणाम बताना तो हमारा पहनावा, उपयोग की वस्तुएं, क्रॉकरी, मकानों की बनावट वैज्ञानिक सामग्रियों पर बढ़ती निर्भरता यह सब भी पश्चिमी प्रभाव का ही परिणाम है। हम किन किन चीजों को पश्चिमी कहकर ठुकराते रहेंगे? इस तरह के गैरजिम्मेदाराना बयानों से हिंदी या क्षेत्रीय भाषाओं का

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## खामोशी के बाद फिर बोले डोनाल्ड ट्रम्प

# फिर शुरू हुआ परमाणु प्रोग्राम तो ईरान की खैर नहीं



**22 जून को अमेरिकी हमले के बाद इजरायली एजेंट्स ईरान के फोर्डो न्यूक्लियर साइट गए थे: ट्रम्प**

**तेहरान/तेल अवीव।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को नीदरलैंड के हेग में नाटो समिट में मीडिया से बात की। इसमें उन्होंने कहा कि अगर ईरान ने अपना न्यूक्लियर प्रोग्राम फिर से शुरू किया तो फिर हमला करेंगे।

ट्रम्प ने कहा कि 22 जून को अमेरिकी हमले के बाद इजरायली एजेंट्स ईरान के फोर्डो न्यूक्लियर साइट गए थे। उन्होंने ही बताया कि फोर्डो न्यूक्लियर साइट पूरी तरह तबाह हो गई है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रूथ पर मीडिया रिपोर्ट्स को फर्जी करार दिया। उन्होंने लिखा कि सीएनएन और न्यूयार्क टाइम्स ने इतिहास के सबसे सफल सैन्य हमलों में से एक को बदनाम करने की कोशिश की है। इजरायल-ईरान के बीच जंग के 12वें दिन, यानी मंगलवार को सीजफायर हो गया। दोनों देशों ने इसकी पुष्टि की है और साथ ही इस जंग में अपनी जीत का दावा किया। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान के खिलाफ इजरायल ने ऐतिहासिक जीत हासिल की है, जो पीढ़ियों तक याद रखी जाएगी। उन्होंने कहा-हम शेर की तरह उठे और हमारी दहाड़ ने तेहरान को हिला दिया। दूसरी तरफ ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि उनका देश न्यूक्लियर प्रोग्राम बंद नहीं करेगा। उन्होंने कहा-शहमने इस तकनीक को हासिल करने के लिए बहुत मेहनत की है। हमारे वैज्ञानिकों ने बलिदान दिए हैं। विक्ट्री सेलिब्रेशन में कई महिलाओं ने ईरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई का पोस्टर लहराकर अपना समर्थन जाहिर किया। ट्रम्प ने ईरान पर किए गए ताजा हमलों की तुलना 1945 में जापान के हिरोशिमा में अमेरिका के परमाणु हमले से की है। ट्रम्प ने नाटो सम्मेलन में मीडिया से कहा कि मैं हिरोशिमा और नागासाकी का उदाहरण नहीं देना चाहता, लेकिन यह मूल रूप से वही चीज थी, जिसने ईरान और इजरायल के बीच जंग खत्म की। इसने युद्ध के साथ ही उसे (परमाणु हथियार) खत्म कर दिया।

### ईरानी परमाणु स्थलों पर कार्रवाई से पहले ट्रम्प ने यूरापीय देशों को नहीं किया आगाह

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरानी परमाणु ठिकानों पर हमले का फैसला यूरोपीय नेताओं को बिना बताये लिया था। एक यूरोपीय अधिकारी के अनुसार ट्रम्प ने 22 जून को ईरान के परमाणु ठिकानों पर बी-2 फाइटर जेट से हमला करने के निर्देश देने से पहले यूरोपीय सहयोगियों को सतर्क नहीं किया था। हालांकि, कनाडा में हुए जी-7 शिखर सम्मेलन में ट्रम्प ने ऐसे हमले की मंशा ज़ाहिर की थी। वहीं, स्काई न्यूज ने डाउनिंग स्ट्रीट के सूत्रों के हवाले से बताया कि ब्रिटेन सरकार को इस हमले की पहले से जानकारी दी गई थी। इजरायल ने ईरान पर गुप्त सैन्य परमाणु कार्यक्रम का आरोप लगाया और 13 जून को बड़ा सैन्य अभियान शुरू किया, जिससे मध्य पूर्व में हालात बिगड़ गए।

### पाकिस्तान व ईरान से 1685 अफगान परिवार लौटे स्वदेश

**काबुल।** अफगानिस्तान के 1685 परिवारों के 7474 सदस्य मंगलवार को ईरान और पाकिस्तान से स्वदेश लौट आए। अफ़गानिस्तान के उच्चायोग ने बुधवार को यह जानकारी दी। उच्चायोग ने कहा कि शरणार्थी पूर्वी नंगरहार प्रांत में तोरखम, दक्षिणी कंधार प्रांत में स्पिन बोल्डक, पश्चिमी हेरात प्रांत में इस्लाम कला और पश्चिमी निम. रोज़ प्रांत में पुल- ए-अब्रेसहम सीमा से घर लौटै हैं। उन्होंने कहा कि उच्चायोग लौटने वाले लोगों के लिए उनके संबंधित प्रांतों में अस्थाई आश्रय, पोषण, पानी, चिकित्सा देखभाल और परिवहन सेवाएं प्रदान करता है। लगभग 70 लाख अफ़गान शरणार्थी जिनमें से अधिकांश अनिर्दिष्ट प्रवासी हैं।

### झमाझम बारिश...



छत्तीसगढ़। बस्तर जिले के जगदलपुर में साइकिल चालक खुद को बारिश से बचाते हुए।

### अभिनंदन को पकड़ने वाला पाकिस्तानी अफसर मारा गया

**2019 में पाकिस्तानी में गिरा था विंग कमांडर का विमान, 58 घंटे बाद रिहा हुई थी**

**इस्लामाबाद।** भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान को पकड़ने वाला पाकिस्तानी कमांडर मोइज अब्बास मंगलवार को एक हमले में मारा गया।

दक्षिणी वजीरिस्तान में आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने पाकिस्तानी आर्मी पर हमला किया, इसमें 2 आर्मी अफसर मारे गए। इनमें से एक मोइज अब्बास भी था। बालाकोट में एयर स्ट्राइक के अगले दिन 27 फरवरी को पाकिस्तानी वायुसेना ने भारतीय सीमा में दाखिल होने की कोशिश की थी। जवाब में भारतीय वायुसेना ने ऑपरेशन चलाया था। तब विंग कमांडर अभिनंदन ने मिग-21 बाइसन फाइटर जेट से पाकिस्तान के एफ-16 फाइटर जेट को मार गिराया था। हालांकि, उनका विमान पाकिस्तानी सीमा में गिर गया था। पाकिस्तानी आर्मी ने अभिनंदन को कैद कर लिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### तेल टैंकर में आग लगने से चार लोगों की मौत, पांच घायल

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के रियाउ द्वीप प्रांत में बटाम द्वीप पर एक शिपयार्ड में डॉक किए गए कच्चे पाम ऑयल टैंकर में आग लगने से चार लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने बुधवार को यहां यह जानकारी दी। पीड़ित लोग फेडरल। नामक जहाज पर काम कर रहे तकनीशियन थे। यह जहाज बटुआजी क्षेत्र में पीटी एएसएल शिपयार्ड इंडोनेशिया में मरम्मत के लिए जा रहा था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मंगलवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 2:15 बजे आग समय लगी लगी जब टैंकर रखरखाव के लिए डॉक किया गया था। बटुआजी पुलिस प्रमुख राडेन बिमो द्वी लांबांग ने पुष्टि की कि दुर्घटना में नौ लोग शामिल थे।

### उत्तर पश्चिमी कोलंबिया में भूस्खलन में आठ की मौत

**बोगोटा।** उत्तर पश्चिमी कोलंबिया में एंटिओक्विया विभाग के बेलो नगरपालिका में मंगलवार को भूस्खलन में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मेयर लोरेना गोंजालेज ने कहा कि बहुत दुख के साथ मैं आपको सूचित करती हूं कि आज सुबह करीब 3:25 बजे ग्रैनिज़ल सेक्टर में भूस्खलन हुआ। अब तक हमने आठ लोगों की मौत और पांच लोगों के घायल होने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि ला नेग्रा धारा के ज्यादा प्रवाह से शुरू हुए भूस्खलन ने एल पिनार पड़ोस के 10 घरों को प्रभावित किया। एंटिओक्विया के गवर्नर एंड्रेस जूलियन ने कहा कि आपातकाल का निपटने के लिए विभाग के सभी संसाधन जुटाए गए हैं।

### बीएनपी समर्थक गुटों के बीच झड़पों में नौ घायल

**ढाका।** बंगलादेश में ढाका साउथ सिटी कॉर्पोरेशन के मुख्यालय नगर भवन में बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) समर्थित श्रमिक-कर्मचारी यूनियन के दो गुटों में मंगलवार को झड़प के दौरान नौ लोग घायल हो गए। डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना मंगलवार दोपहर करीब 12:00 बजे ढाका नगर भवन में बीएनपी समर्थित यूनियन के दो गुटों-आरिफुज्जामान प्रिंस और आरिफ चौधरी के समर्थकों के बीच झड़प हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि झगड़ा तब शुरू हुआ जब प्रिस गुट के एक समर्थक पर इशराक हुसैन को मेयर के रूप में शपथ दिलाने की मांग के विरोधी होने के शक में हमला किया गया। इसमें नौ लोग घायल हो गए। ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पुलिस कैंप के प्रभारी मोहम्मद फारुक ने कहा कि नौ घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## अमेरिकी हमले में बच गया ईरान का परमाणु कार्यक्रम

**अमेरिकी खुफिया विभाग डिफेंस इंटेलीजेंस एजेंसी ने रिपोर्ट में अनुमान जताया, रिपोर्ट को ट्रम्प ने बताया झूठा**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उन रिपोर्ट्स को झूठा बताया है, जिनमें दावा किया गया है कि अमेरिकी हवाई हमले में ईरान के परमाणु केंद्र पूरी तरह से तबाह नहीं हुए हैं।

दरअसल अमेरिकी सरकार के खुफिया विभाग डिफेंस इंटेलीजेंस एजेंसी (डीआईए) ने अपनी रिपोर्ट में अनुमान जताया है कि अमेरिकी हमले में ईरान का परमाणु कार्यक्रम बच गया है और ये पूरी तरह से तबाह नहीं हुआ है बल्कि सिर्फ कुछ महीने के लिए पीछे हो गया है। डीआईए की रिपोर्ट की जानकारी अमेरिकी न्यूज चैनल सीएनएन ने दी है। हालांकि ट्रम्प ने इसे झूठी खबर बताकर खारिज कर दिया। ट्रुथ सोशल पर लिखे एक पोस्ट में राष्ट्रपति ट्रम्प ने लिखा कि झूठी खबर, सीएनएन असफल हो रहे न्यूयार्क टाइम्स के साथ मिलकर इतिहास के सबसे सफल सैन्य अभियान को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। ईरान के परमाणु केंद्र पूरी तरह से तबाह हो गए हैं। दोनों न्यूयार्क टाइम्स और सीएनएन को जनता ने लताड़ लगाई है। व्हाइट हाउस ने भी मीडिया रिपोर्ट्स को खारिज किया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि खुफिया रिपोर्ट लीक होना राष्ट्रपति ट्रम्प को बदनाम करने की साजिश है। साथ ही उन बहादुर फाइटर पायलट का क्रेडिट लेने की कोशिश है।

# नाटो समिट में ट्रम्प के एजेंडे का विरोध

## स्पेन ने रक्षा खर्च बढ़ाने से किया इन्कार, फ्रांस, इटली और कनाडा भी एजेंडे से सहमत नहीं



**हेग।** नीदरलैंड के द हेग शहर में आज से नार्थ अटलांटिक ट्रीटी आर्गेनाइजेशन (नाटो) समिट का आज दूसरा दिन है और सदस्य देशों के प्रमुखों की मीटिंग होगी।

इस बार की बैठक को नाटोके इतिहास की सबसे अहम बैठकों में माना जा रहा है। यह ऐसे समय हो रही है जब मिडिल ईस्ट में ईरान-इजरायल जंग का 12 दिनों बाद सीजफायर हुआ है। इस बार की मीटिंग का एजेंडा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की मांग पर यूरोपीय देशों के रक्षा खर्च में हिस्सेदारी को बढ़ाने का रखा गया है।

ट्रम्प चाहते हैं कि सभी सदस्य देश अपने जीडीपी का 5 प्रतिशत रक्षा पर खर्च करें, हालांकि वर्तमान में यूरोपीय देशों का कुल योगदान केवल 30 प्रतिशत है और जीडीपी का केवल 2 प्रतिशत है। ट्रम्प का मानना है कि अमेरिका नाटोको बहुत पैसा देता है और बाकी देश अपनी जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभा रहे। हालांकि, स्पेन ने पहले ही रक्षा खर्च बढ़ाने से इन्कार कर दिया है। वहीं, फ्रांस, इटली और कनाडा भी इससे सहमत नहीं हैं। नीदरलेंड के किंग विलेम-अलेक्जेंडर और क्वीन मैक्सिमा ने मंगलवार को नाटोदेशों के राष्ट्राध्यक्षों और सरकार प्रमुखों के लिए डिनर का आयोजन किया। वहीं, इससे पहले मंगलवार को संगठन में मतभेद गहराते नजर आए। समिट में सबसे बड़ी चिंता नाटोदेशों के बीच रक्षा खर्च को लेकर आपसी मतभेद की रही। नाटो महासचिव मार्क रुटे ने कहा कि संगठन यूक्रेन जैसे मुद्दों से निपट सकता है, लेकिन ट्रम्प ने नाटो की सबसे अहम संधि आर्टिकल-5 (एक-दूसरे की रक्षा का वादा) पर सीधा समर्थन देने से इन्कार कर दिया। ट्रम्प के इस कदम के बाद आज की मीटिंग में दूसरे देशों की ओर से भी कड़ी प्रतिक्रियाएं देखने को मिल सकती है। वहीं, रक्षा बजट पर भी ट्रम्प के रुख से नाराज चल रहे यूरोपीय देश कोई निर्णय ले सकते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की मांगों को ध्यान में रखते हुए नाटो महासचिव मार्क रूटे ने समिट का एजेंडा तय किया है।

बैठक में मुख्य जोर यूरोपीय देशों द्वारा रक्षा खर्च बढ़ाने पर है, जिसे ट्रम्प लंबे समय से मांगते आ रहे हैं। नाटोमें चल रहे मतभेदों के बीच महासचिव मार्क रूटे ने एक नया प्रस्ताव रखा है। इस प्रस्ताव के मुताबिक, सदस्य देशों को अपनी जीडीपी का 3.5 प्रतिशत सीधे सेना और हथियारों पर खर्च करना होगा और 1.5 प्रतिशत ऐसे कामों पर जो रक्षा से जुड़े हों। प्रस्ताव में 1.5 प्रतिशत खर्च की परिभाषा बहुत खुली रखी गई है। इसका मतलब यह है कि हर देश इसे अपने तरीके से समझ सकता है और किसी भी खर्च को 'रक्षा खर्च' बता सकता है।

## संघर्ष विराम के अगले ही दिन तेहरान ने दिखाए तेवर

# मोसाद से जुड़े तीन कैदियों को फांसी



**तेहरान।** संघर्ष विराम के अगले ही दिन ईरान ने इजरायल के जासूसों से निपटना शुरू कर दिया। बुधवार को ईरान ने इजरायल के लिए जासूसी करने के आरोप में मोसाद से जुड़े तीन और कैदियों को फांसी दे दी। जबकि इजरायल से जुड़े 700 से अधिक लोगों को अब तक गिरफ्तार किया गया है। अब तक ईरान छह लोगों को फांसी की सजा दे चुका है। बुधवार को ईरान के पश्चिमी अज़रबैजान प्रांत के उर्मिया जेल में आजाद शोजाई, एड्रिस आली और इराकी नागरिक रसूल अहमद रसूल को फांसी दी गई। ईरान की न्यायपालिका के मुताबिक इन लोगों पर देश में हत्या उपकरण लाने का आरोप था। ईरान ने इजरायल के साथ संघर्ष के दौरान करीब छह लोगों को फांसी दे दी है। कार्यकर्ताओं को डर है कि और अधिक लोगों को फांसी दी जाएगी। वहीं अब तक 700 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस बीच ईरान में लोग अपने सामान्य जीवन में लौटने की कोशिश करने लगे हैं। संघर्ष विराम के बाद ईरान की राजधानी तेहरान के बाहर कैस्पियन सागर क्षेत्र और अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भारी ट्रैफिक है, क्योंकि लोग शहर की ओर लौट रहे हैं। इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष 13 जून को शुरू हुआ था, जब इजरायल ने 'आपरेशन राइजिंग लायन' शुरू करके ईरान की परमाणु और सैन्य सुविधाओं पर बड़ा हवाई हमला किया। इसके जवाब में ईरान ने 'आप. रेशन ट्रू प्रामिस 3' शुरू किया और इजरायल ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमला किया।

**ईरान ने इजरायल के जासूसों से निपटना शुरू किया, अब तक इजरायल से जुड़े 700 लोग गिरफ्तार**

फिर अमेरिका ने भी दोनों के युद्ध में एंट्री ली और ईरान के तीन परमाणु ठिकानों-फोर्डो, नतांज और इस्फहान पर सटीक हमले किए। मंगलवार को ट्रम्प ने ईरान और इजरायल के बीच युद्धविराम समझौते की घोषणा की। यह तब हुआ जब ईरान ने अमेरिकी हमलों के जवाब में कतर और ईरान में मौजूद अमेरिकी सैन्य अड्डों पर हमला किया था। हालांकि, ट्रम्प की घोषणा के कुछ देर बाद ही इजरायली वायु सेना (आईएएफ) ने तेहरान के उत्तर में एक ईरानी रडार ठिकाने पर हमला किया, जिसके बाद ईरान ने इजरायल पर दो बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं।

# भारत के साथ बातचीत को बेताब पाक पीएम शहबाज शरीफ

**सऊदी अरब के युवराज से कहा: लंबित मुद्दों के समाधान को भारत से सार्थक वार्ता को तैयार**

**इस्लामाबाद।** भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद हालात यह हैं पाकिस्तान अब वार्ता करने के लिए बेताब है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अब सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान से भारत से वार्ता कराने की बात कही है।

टेलीफोन पर बातचीत में शरीफ ने कहा कि वह लंबित मुद्दों के समाधान के लिए भारत के साथ सार्थक वार्ता करना चाहते हैं। रेडियो पाकिस्तान के अनुसार प्रधानमंत्री ने बातचीत के दौरान कहा कि पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर, जल, व्यापार और आतंकवाद सहित सभी लंबित मुद्दों पर भारत के साथ सार्थक बातचीत करने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री शरीफ ने भारत के साथ हाल के गतिरोध के दौरान पाकिस्तान को दिए गए दृढ़ समर्थन के लिए सऊदी अरब का आभार व्यक्त किया। रेडियो पाकिस्तान ने बताया कि शरीफ और सऊदी नेता ने पश्चिम एशिया के हालात पर भी बात की। प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान ईरान-इजरायल संघर्ष को तत्काल कम करने और बातचीत और कूटनीति के माध्यम से इसके शांतिपूर्ण समाधान का पूरा समर्थन करता है। क्राउन प्रिंस ने प्रधानमंत्री शरीफ को धन्यवाद दिया। साथ ही पाकिस्तान के सऊदी अरब के प्रति व्यक्त एकजुटता एवं समर्थन की सराहना की। मोहम्मद बिन सलमान ने ईरान-इजरायल संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान को बढ़ावा देने में पाकिस्तान की भूमिका की सराहना की। इससे पहले शहबाज शरीफ ने अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो से भारत से बातचीत करने की इच्छा जाहिर की थी।

# दक्षिण कोरिया में गहराया जनसंख्या संकट, लगातार तीसरे महीने गिरावट



रियल एस्टेट पर असर

**सियोल।** दक्षिण कोरिया में जनसंख्या का संकट गहराता जा रहा है। लगातार तीसरे महीने आबादी में गिरावट और वृद्धों की बढ़ती संख्या ने देश के समक्ष गंभीर चुनौती खड़ी कर दी है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

सांख्यिकी कोरिया के आंकड़ों के अनुसार, मई में स्थानीय स्तर पर जनसंख्या में 4.9 प्रतिशत (473000 लोग) की कमी दर्ज की गई। इससे पहले मार्च में यह गिरावट 2.6 प्रतिशत और अप्रैल में 10.7 प्रतिशत थी। जनसंख्या में इस कमी के कारण रियल एस्टेट बाजार में लंबे समय से चली आ रही मंदी और गहरा गई है। एक वरिष्ठ अर्थशास्त्री ने टिप्पणी की कि यह स्थिति देश के भविष्य के लिए चिंताजनक है। यदि जन्म दर में सुधार नहीं होता है, तो सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक विकास पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। राजधानी सियोल में 3657 और दूसरे सबसे बड़े शहर बुसान में 1014 लोगों की कमी देखी गई। हालांकि, सियोल के आसपास के ग्योंगगी प्रांत में 3205 और पश्चिमी बंदरगाह शहर इंचियोन में 3,237 लोगों की शुद्ध वृद्धि दर्ज की गई।

### गाजा में बख्तरबंद वाहन में विस्फोट सात इजरायली सैनिकों की मौत

**यरूशलम।** गाजा में मंगलवार को हुई गोलीबारी के बीच बख्तरबंद वाहन में हुए विस्फोट में सात इजरायली सैनिकों की मौत हो गई। वहीं हमास के लड़ाकों ने दक्षिणी गाजा में एक इमारत में छिपे इजरायली सैनिकों पर हमला बोला। इजरायल के एक सैन्य अधिकारी ने बताया कि दक्षिणी गाजा के शहर खान यूनिस में मंगलवार को बख्तरबंद वाहन पर विस्फोटक लगा। इसमें सात इजरायली सैनिकों की मौत हो गई। वहीं गोलीबारी में एक सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह गाजा में इजरायल की सेना पर बड़ा हमला था।

# इजरायली हमलों में 70 फलस्तीनियों की मौत

## अस्पताल ने कहा: उसी स्थान से छह अतिरिक्त शवों को अन्य फील्ड अस्पतालों में स्थानांतरित दिया गया



**गाजा।** गाजा पट्टी में मंगलवार को इजरायली गोलीबा. री और हवाई हमलों में कम से कम 70 फलस्तीनी मारे गए। स्थानीय सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों ने संवाद एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि इजरायली बलों ने दक्षिणी गाजा पट्टी में राफा के उत्तर में शाकौश क्षेत्र में एक अमेरिकी समर्थित सहायता वितरण केंद्र के पास जुटे फलस्तीनियों की भीड़ पर गोल. ीबारी की। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के एक चिकित्सा स्रोत ने एजेंसी को बताया कि शाकौश में हुई इस गोलीबारी में कम से कम 25 लोग मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए। सूत्र ने कहा कि सुरक्षा स्थितियों और क्षेत्र की दूरस्थता के कारण घायलों को पास के फील्ड अस्पतालों में ले जाने के लिए जानवरों द्वारा खींची जाने वाली गाड़ियों का इस्तेमाल किया गया। इस बीच एक अन्य घटना तब हुई जब इजरायली सेना ने कथित तौर पर वाडी गाजा के दक्षिण में सलाह अल-दीन स्ट्रीट पर खाद्यान्न प्राप्त करने के लिए एकत्र हुए फलस्तीनियों को निशाना बनाया। मध्य गाजा पट्टी के नुसेरात में अल-अवदा अस्पताल ने एक प्रेस बयान में कहा कि उसे 19 शव और 146 घायल व्यक्ति मिले हैं जिनमें से 62 की हालत गंभीर है। अस्पताल ने कहा कि उसी स्थान से छह अतिरिक्त शवों को अन्य फील्ड अस्पतालों में स्थानांतरित कर दिया गया। इस बीच इज़रायली सेना ने किसी भी घटना के बारे में तत्काल कोई बयान जारी नहीं किया है। हमास संचालित गाजा सरकार के मीडिया कार्यालय द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 27 मई से गाजा में खाद्य वितरण केंद्रों तक पहुँचने की कोशिश करते समय 500 से ज़्यादा फ़लस्तीनी मारे गए हैं। इस बीच गाजा में नागरिक सुरक्षा अधिका. रियों ने 24 जून को एक प्रेस बयान में कहा कि गाजा शहर के दक्षिण में अल-सबरा पड़ोस में एक रिहायशी घर को निशाना बनाकर किए गए इज़रायली हवाई हमले में महिलाओं और बच्चों सहित 10 लोग मारे गए।